24 फरवरी, 2025
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, एकादशी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
सोमवार, वर्ष 10, अंक 127
* ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.in
कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

झारखंड में भी हो जातीय जनगणना : के राजू




# तेलंगाना टनल हादसा: जवाब नहीं दे रहे फंसे मजदूर

**अंदर फंसे हैं आठ मजदूर, पानी-कीचड़ निकालने हेवी पंप मंगाया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हैदराबाद।** तेलंगाना के नागरकुर्नूल जिले में निर्माणाधीन श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (एसएलबीसी) टनल में फंसे आठ मजदूरों का कुछ पता नहीं चल पा रहा है। एनडीआरडी-एसडीआरएफ रेस्क्यू ऑपरेशन चला रहा है। एसडीआरएफ के अधिकारी के मुताबिक सुरंग के अंदर जाने का कोई रास्ता नहीं है। घुटनों तक कीचड़ है। सुरंग के अंदर ऑक्सीजन भेजी जा रही है। पानी निकालने के लिए 100 हॉर्स पॉवर का पंप मंगवाया गया है। रेस्क्यू के लिए एनडीआरएफ के 145 और एसडीआरएफ के 120 जवान तैनात हैं। अधिकारियों ने बताया कि अंदर फंसे मजदूरों को नाम लेकर पुकारा गया, लेकिन उधर से कोई जवाब नहीं मिला।



यह हादसा 22 फरवरी की सुबह करीब साढ़े आठ बजे हुआ था। टनल के मुहाने से 14 किमी अंदर टनल की छत का करीब तीन मीटर हिस्सा ढहा है। इस दौरान टनल के अंदर करीब 60 लोग काम कर रहे थे। 52 लोग किसी तरह जान बचाकर निकल आये, लेकिन टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) चला रहे आठ लोग फंस गये। इनमें दो इंजीनियर, दो मशीन ऑपरेटर और चार मजदूर हैं। ये मजदूर गुमला के हैं, जबकि दो इंजीनियर यूपी के चंदौली के और दो मशीन ऑपरेटरों में से एक-एक पंजाब और जम्मू-कश्मीर से हैं।

## सीएम हेमंत सोरेन हर पल ले रहे रेस्क्यू की जानकारी, मदद की पेशकश की

रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हादसे से बेहद चिंतित हैं। वह रेस्क्यू ऑपरेशन की पल-पल की जानकारी ले रहे हैं। उन्होंने तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी से भी बात की है और मदद की पेशकश की है। रविवार को उन्होंने अधिकारियों को प्रभावित परिवारों से मिलने के लिए भेजा। अधिकारियों ने टनल में फंसे मजदूरों के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें भरोसा दिलाया है कि मजदूरों को सुरक्षित निकालने के लिए चल रहे रेस्क्यू ऑपरेशन पर राज्य की सरकार की निगाह है। सुरंग में फंसे मजदूरों में गुमला सदर थाना क्षेत्र के तिर्रा गांव निवासी संतोष साहू, घाघरा थाना क्षेत्र के खंभिया कुंबा टोली निवासी अनुज साहू, रायडीह थाना क्षेत्र के कोबी टोली गांव निवासी जगता खेस और पालकोट थाना क्षेत्र के उम्दा नकटी टोली गांव निवासी संदीप साहू शामिल हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी से आग्रह किया कि श्रमिकों को सुरक्षित निकालने के लिए हरसंभव कदम उठाये जायें। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के अधिकारी तेलंगाना सरकार के साथ समन्वय स्थापित कर पल-पल की जानकारी ले रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा है, सभी श्रमिक सुरक्षित बाहर निकाल लिये जायें, मरांग बुरु से यही प्रार्थना है।

# कोहली के 'विराट' शतक से भारत से हारा पाकिस्तान

## कोहली ने वनडे करियर का 51वां शतक जड़ा

**इंटरनेशनल क्रिकेट में तीसरे टॉप स्कोरर बने**

एजेंसी

**लौहार।** भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी के दूसरे मैच में पाकिस्तान को 6 विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ टीम ने 2017 के चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में मिली 180 रन की हार का हिसाब बराबर कर दिया। दुबई में रविवार को पाकिस्तान ने 241 रन बनाये। भारत ने 42.3 ओवर में 4 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया।

भारत से विराट कोहली ने नाबाद 100, श्रेयस अय्यर ने 56 और शुभमन गिल ने 46 रन बनाये। कुलदीप यादव को 3 और हार्दिक पंड्या को 2 विकेट मिले। पाकिस्तान से सऊद शकील ने 62 और मोहम्मद रिजवान ने 46 रन बनाये। शाहीन शाह अफरीदी को 2 विकेट मिले। अबरार अहमद और खुशदिल शाह को 1-1 विकेट मिला।

विराट वनडे में सबसे ज्यादा 158 कैच पकड़ने वाले भारतीय बने। उन्होंने पारी में 15वां रन बनाते ही सबसे तेज 14 हजार वनडे रन भी पूरे कर लिये। कोहली इंटरनेशनल क्रिकेट के तीसरे टॉप स्कोरर भी बन गये। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग को पीछे छोड़ा, जिनके नाम 27,483 रन हैं।



## भारत की जीत के 2 हीरो

**विराट कोहली :** 100 रन की पारी खेली विराट कोहली ने 111 बॉल पर 100 रन की पारी खेली। वे रोहित शर्मा के आउट होने के बाद खेलने उतरे और भारतीय पारी को बांधे रखा। विराट ने अबरार के ओवर्स को संयम से निकाला, फिर तेजी से रन बनाये।

**कुलदीप यादव :** 3 विकेट झटके, डेथ ओवर्स में रन बनाने से रोका कुलदीप ने 3 विकेट झटके। उन्होंने डेथ ओवर्स में सलमान आगा, शाहीन अफरीदी और नसीम शाह के विकेट लिये। इससे पाकिस्तान की टीम डेथ ओवर्स में ज्यादा रन नहीं बना सकी।

# विधानसभा का बजट सत्र आज से, हंगामे के आसार



- विपक्ष के हर वार का जवाब देने की सत्ता पक्ष ने तैयार की रणनीति
- तीन मार्च को पेश किया जायेगा हेमंत सरकार 2.0 का पहला बजट

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा का बजट सत्र सोमवार 24 फरवरी से शुरू हो रहा है। 20 दिवसीय इस सत्र के हंगामेदार होने के आसार हैं। सत्ता पक्ष और विपक्ष ने सत्र के दौरान अपनायी जानेवाली रणनीति को रविवार को अंतिम रूप दिया। विपक्ष ने जहां पेपर लीक, कानून-व्यवस्था और बेरोजगारी के मुद्दे पर सरकार को घेरने की रणनीति बनायी है, वहीं सत्ता पक्ष ने विपक्ष के हर वार का करारा जवाब देने का मन बनाया है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार के अभिभाषण से शुरू होनेवाले बजट सत्र में कुल 20 बैठकें होंगी। इसमें तीन मार्च को हेमंत सोरेन सरकार 2.0 का पहला बजट पेश किया जायेगा। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर बजट पेश करेंगे। इससे पहले 27 फरवरी को तीसरा अनुपूरक बजट पेश किया जायेगा। चार मार्च को बजट पर सामान्य वाद-विवाद में पक्ष-विपक्ष के सदस्य अपनी बातों को रखेंगे।

5, 6 और 7 मार्च को विभिन्न विभागों की अनुदान मांगों पर चर्चा होगी, जबकि 8 और 9 मार्च को शनिवार और रविवार रहने के कारण बैठक नहीं होगी। 10 और 11 मार्च को भी अनुदान मांगों पर चर्चा होगी। इसके बाद 12 से 16 मार्च तक होली और अन्य अवकाश के कारण बैठकें नहीं होंगी। 17 से 21 मार्च के बीच भी विभिन्न विभागों की अनुदान मांग पर चर्चा होगी। सत्र के दौरान कई विधेयक भी पेश किये जाने की संभावना है।

## सत्ता पक्ष ने बनायी रणनीति, हर सवाल का देगा जवाब

बजट सत्र को लेकर रविवार को सत्ता पक्ष के विधायकों की बैठक हुई। पहले राजद और कांग्रेस के विधायकों ने अलग-अलग बैठकी। फिर सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में सत्ता पक्ष के विधायकों की बैठक हुई। बैठक में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी के राजू भी उपस्थित थे। बैठक में तय किया गया कि सदन के भीतर उठनेवाले हर सवाल का समुचित जवाब दिया जायेगा। झारखंड के हितों को भी मजबूती से उठाया जायेगा। बैठक के बाद वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि सभी मंत्रियों से पूरी तैयारी के साथ सदन में आने को कहा गया है।

### पेपर लीक और अन्य मुद्दों पर सरकार को घेरेगा विपक्ष

बजट सत्र को लेकर विपक्षी भाजपा के विधायकों की बैठक प्रदेश कार्यालय में हुई। इसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने की। बैठक में बजट सत्र के दौरान अपनायी जानेवाली रणनीति को अंतिम रूप दिया गया। सदन में विपक्ष की ओर से जेपीएससी अध्यक्ष का पद रिक्त रहने, परीक्षा पेपर लीक होने और मंईयां सम्मान योजना समेत अन्य मुद्दों को लेकर सरकार को घेरने की रणनीति बनायी गयी है।

## अहमदाबाद में 8-9 अप्रैल को होगा कांग्रेस का सम्मेलन


**नयी दिल्ली।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का सम्मेलन 8-9 अप्रैल को अहमदाबाद में होगा। पार्टी ने कहा कि सम्मेलन में भाजपा की जनविरोधी नीतियों, संविधान पर हमले और पार्टी के भविष्य की रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया जायेगा। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि आगामी सत्र न केवल महत्वपूर्ण विचार-विमर्श के लिए एक मंच के रूप में काम करेगा, बल्कि आम लोगों की चिंताओं को दूर करने और राष्ट्र के लिए एक मजबूत वैकल्पिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करने का काम करेगा।

## पांच दिवसीय असम दौरे पर मोहन भागवत

**गुवाहाटी।** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत पांच दिवसीय दौरे पर असम पहुंचे हैं। उनका यह दौरा संगठन के शताब्दी उत्सव का हिस्सा है। वह 25 फरवरी तक यहां रहेंगे और इस दौरान संगठन से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। संघ प्रमुख यहां सामाजिक परिवर्तन के लिए पांच महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करेंगे, जिनमें सामाजिक सद्भाव, नागरिक कर्तव्य, पर्यावरण संरक्षण, आत्मनिर्भरता की भावना और आदर्श परिवार के मूल्य शामिल है।

## यूएपीए के 45 मामलों का आरोपी माओवादी गिरफ्तार

**चेन्नई।** केरल एटीएस ने तमिलनाडु पुलिस की सहायता से होसुर से एक प्रमुख माओवादी कमांडर संतोष कोयंबटूर उर्फ रवि (39) को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार रवि यूएपीए के 45 मामलों में आरोपी है। राजाये के नाम से भी कुख्यात संतोष केरल, तमिलनाडु और कर्नाटक के सीमावर्ती क्षेत्रों में माओवादी गतिविधियों में लिप्त रहा है।






आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 80,200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 100,000 रु./प्रति किलो |



# आस्था-परंपरा के साथ आर्थिक महोत्सव भी बना महाकुंभ

## ■ देश की अर्थव्यवस्था में तीन लाख करोड़ रुपये का दिया योगदान

## ■ पर्यटन, होटल, परिवहन और टेक्नोलॉजी क्षेत्र में आया बड़ा उछाल

## ■ ढांचागत सुविधाओं के निर्माण ने लोगों की सुविधाओं में की वृद्धि

आजाद सिपाही विशेष

विश्व के सबसे बड़े आध्यात्मिक आयोजन, महाकुंभ 2025 ने व्यापार और अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इस भव्य आयोजन ने आस्था और परंपरा के साथ आर्थिक महोत्सव का भी स्वरूप ग्रहण कर लिया है। दुनिया के इस भव्यतम आयोजन, यानी इस बार के महाकुंभ ने तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक का व्यापार उत्पन्न किया है, जिससे यह भारत के सबसे बड़े आर्थिक आयोजनों में से एक बन गया है। यह आयोजन आस्था और अर्थव्यवस्था के गहरे संबंध को दर्शाता है। डेढ़ महीने तक चलनेवाला महाकुंभ अब अंतिम दौर में पहुंच गया है और अब तक 60 करोड़ लोग इसमें भाग ले चुके हैं। इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के इसमें शामिल होने के कारण महाकुंभ 2025 के दौरान कई व्यापारिक क्षेत्रों में बड़ा आर्थिक उछाल देखने को मिला। इनमें पर्यटन, होटल और आवास सेवाएं, खाद्य और पेय पदार्थ उद्योग, परिवहन और लॉजिस्टिक्स, पूजा सामग्री, धार्मिक वस्त्र और हस्तशिल्प, हेल्थकेयर और वेलनेस सेवाएं, मीडिया, विज्ञापन और मनोरंजन उद्योग, स्मार्ट टेक्नोलॉजी, सीसीटीवी, टेलीकॉम और एआइ आधारित सेवाएं प्रमुख रूप से शामिल हैं। महाकुंभ के कारण केवल प्रयागराज ही नहीं, बल्कि 150 किलोमीटर के दायरे में स्थित शहरों और कस्बों में भी व्यापार में जबरदस्त बढ़ोत्तरी देखी गयी है। इसके अलावा अयोध्या, वाराणसी और अन्य धार्मिक स्थलों पर भी श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि हुई है, जिससे वहां की स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिली है। महाकुंभ को सफल बनाने के लिए सरकार ने प्रयागराज में सड़क, फ्लाइओवर और अंडरपास के निर्माण और सुधार पर साढ़े सात हजार करोड़ रुपये खर्च किये हैं। इस राशि में से डेढ़ हजार करोड़ रुपये विशेष रूप से महाकुंभ की व्यवस्थाओं के लिए आवंटित किये गये थे। इससे न केवल प्रयागराज में, बल्कि आसपास के क्षेत्रों में भी यातायात और नागरिक सुविधाओं में सुधार हुआ है। महाकुंभ कैसे आर्थिक महोत्सव बन गया और अर्थव्यवस्था में इसने क्या योगदान दिया है, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

पृथ्वी का सबसे बड़ा और भव्य धार्मिक आयोजन महाकुंभ अब अंतिम चरण में पहुंच गया है। पूरे 144 साल बाद आयोजित आस्था और परंपरा का यह महोत्सव जब समाप्ति की कगार पर है, तब यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि इस भव्यतम आयोजन से देश-दुनिया को क्या हासिल हुआ। तो इस सवाल का जवाब यही है कि इस महाकुंभ में संतों ने जहां शास्त्र पर गहन चर्चा की, वहीं श्रद्धालुओं ने अर्थशास्त्र की नयी परिभाषा गढ़ दी। वास्तव में यह आयोजन आर्थिक महोत्सव भी बन गया।

प्रयागराज में लगने वाले महाकुंभ से यूपी सरकार को 54 हजार करोड़ के राजस्व का अनुमान है। इसके साथ ही 60 लाख लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार भी मिला है। होटल, परिवहन और खाद्य सेक्टर ने महाकुंभ के दौरान लंबी छलांग लगायी है। इस दौरान तीन लाख करोड़ रुपये के व्यापार का भी अनुमान है। सिर्फ प्रयागराज ही नहीं, आसपास के 150 किलोमीटर के दायरे में व्यापार में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है।

महाकुंभ में आंकड़ों के अनुसार अब तक 60 करोड़ से अधिक श्रद्धालु डुबकी लगा चुके हैं। इनमें से 40 करोड़ लोगों ने औसतन तीन हजार रुपये प्रति व्यक्ति खर्च किया है। इस आधार पर अब तक एक लाख 20 हजार करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं। अर्थशास्त्र के प्रेरित और अप्रेरित प्रभाव के अनुसार यह खर्च दो से ढाई गुना तक बढ़ सकता है। इसके अनुसार आर्थिक प्रभाव तीन लाख करोड़ तक पहुंच चुका है। महाकुंभ में अनुमानित एक लाख 20 हजार करोड़ का प्रत्यक्ष धन प्रवाह हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रभाव डालेगा। इससे एक मजबूत रिपल इफेक्ट उत्पन्न होगा।

महाकुंभ के अर्थशास्त्र का अध्ययन करनेवालों के अनुसार महाकुंभ दुनिया के लिए एक नये अर्थशास्त्र के रूप में उभरा है। महाकुंभ में आयी श्रद्धालुओं की भीड़ के कारण होटल उद्योग, परिवहन और खाद्य उद्योग को सबसे अधिक लाभ पहुंचा है। महाकुंभ केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने वाला एक महत्वपूर्ण इंजन साबित हो सकता है। इससे राज्य को अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होगा और वित्तीय घाटा कम होगा। बुनियादी ढांचे में निवेश बढ़ेगा और जीएसडीपी की वृद्धि में तेजी आयेगी। श्रद्धालुओं की संख्या और आर्थिक योगदान और भी बढ़ने की संभावना है। यूपी सरकार ने जो घाटे का बजट पेश किया है, महाकुंभ की आय से उसकी भरपाई हो जायेगी। महाकुंभ से होने वाली आय बजट का बूस्टर साबित होगी। इस आमदनी से सरकार घाटे के बजट के साथ ही स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा पर होने वाले खर्च को मेंटेन कर सकती है।

### यूपी सरकार का बुनियादी ढांचे पर 7500 करोड़ का निवेश

महाकुंभ को सफल बनाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रयागराज में सड़क, फ्लाइओवर और अंडरपास के निर्माण एवं सुधार पर 7500 करोड़ रुपये खर्च किये हैं। इस राशि में से 1500 करोड़ रुपये विशेष रूप से महाकुंभ की व्यवस्थाओं के लिए आवंटित किये गये थे। इससे न केवल प्रयागराज में, बल्कि आसपास के क्षेत्रों में भी यातायात और नागरिक सुविधाओं में सुधार हुआ है।



### बढ़े रोजगार के अवसर, हस्तशिल्प कारीगरों को मिला आर्थिक लाभ

आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश में रोजगार लचीलापन (एंप्लायमेंट इलास्टिसिटी) के आधार पर, हर एक रुपये खर्च पर 0.00002 नये रोजगार उत्पन्न होते हैं। इस आधार पर 60 लाख नौकरियां महाकुंभ में उत्पन्न हुईं। महाकुंभ के कारण अब तक लगभग 60 लाख लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष नौकरियां मिलीं। आतिथ्य और पर्यटन उद्योग में होटल, धर्मशालाओं और गेस्ट हाउसों में अतिरिक्त स्टाफ की मांग बढ़ गयी। इससे सफाइकर्मियों, रसोइयों, प्रबंधकों और टूर गाइडों के लिए रोजगार के अवसर उत्पन्न हुए। परिवहन क्षेत्र में रेलवे, बस और टैक्सी सेवाओं की मांग के कारण ड्राइवर, कंडक्टर, टिकट बुकिंग एजेंट और वाहन रखरखाव कर्मचारियों की भर्ती में वृद्धि हुई। साथ ही पेट्रोल पंपों और वाहन मरम्मत सेवाओं से जुड़े व्यवसायों को भी बढ़ावा मिला। खाद्य एवं पेय पदार्थ उद्योग में स्थानीय रेस्तरां, फूड स्टॉल और स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को लाखों अस्थायी नौकरियों का लाभ मिला। कारीगरों और आपूर्ति श्रृंखला में भी वृद्धि हुई। खुदरा और धार्मिक वस्तुएं बेचने वाले छोटे दुकानदारों और हस्तशिल्प कारीगरों को भी महाकुंभ से बड़ा आर्थिक लाभ मिला। स्मृति चिह्न, पूजा सामग्री और धार्मिक वस्तुएं बेचने वाले व्यापारियों की आय में वृद्धि हुई, जिससे यह आयोजन स्थानीय और असंगठित क्षेत्र के लोगों के लिए आर्थिक अवसरों का प्रमुख स्रोत बन गया।

### राज्य की आर्थिक वृद्धि को मिलेगा बढ़ावा

आर्थिक मामलों के जानकार बताते हैं कि महाकुंभ से यूपी सरकार को सीधे 54 हजार करोड़ का राजस्व प्राप्त होगा, जो राज्य के कुल बजट राशि का 7.04 प्रतिशत है। उत्तर प्रदेश का सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) वित्त वर्ष 2024-25 में 24.98 लाख करोड़ अनुमानित है। महाकुंभ से तीन लाख करोड़ की आर्थिक गतिविधि उत्पन्न होगी और यह जीएसडीपी का लगभग 12 फीसदी होगा। इससे राज्य की आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा। सरकार को मिलने वाला 54 हजार करोड़ का प्रत्यक्ष राजस्व जीएसडीपी का लगभग 2.16 प्रतिशत होगा। इससे राजस्व अधिशेष को मजबूती मिलेगी।

### शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे में बढ़ेगा निवेश

प्रदेश सरकार का राजस्व अधिशेष 74 हजार 147 करोड़ (जीएसडीपी का तीन प्रतिशत) है। महाकुंभ से 54 हजार करोड़ की सीधी आय होगी, तो यह राजस्व अधिशेष को बढ़ाकर एक लाख 28 हजार 147 करोड़ तक कर सकता है। इससे सरकार को शिक्षा, स्वास्थ्य, और बुनियादी ढांचे के लिए अधिक निवेश करने का अवसर मिलेगा।

### महाकुंभ की आय घाटे को करेगी 62 फीसदी कम

सरकार का अनुमानित राजकोषीय घाटा 86 हजार 531 करोड़ (जीएसडीपी का 3.46%) है। महाकुंभ से होने वाली आय इस घाटे को लगभग 62 फीसदी तक कम कर सकती है, जिससे राज्य की वित्तीय स्थिति मजबूत होगी।

### सड़क मार्ग से निजी वाहन से आये 20 करोड़ श्रद्धालु

सड़क मार्ग से निजी वाहन से 20 करोड़ श्रद्धालुओं ने यात्रा की। इसमें प्रति व्यक्ति औसत यात्रा खर्च दो हजार है और कुल यात्रा खर्च 40 हजार करोड़ होगा। यदि प्रति वाहन औसत चार लोग यात्रा करते हैं, तो कुल वाहन संख्या पांच करोड़ रही। यदि प्रत्येक वाहन औसत दो सौ रुपये टोल टैक्स देता है, तो कुल टोल संग्रह एक हजार करोड़। यह दर्शाता है कि सड़क मार्ग से आने वाले श्रद्धालुओं से यातायात, ईंधन, और टोल टैक्स के रूप में सरकार को राजस्व प्राप्त हो रहा है।

इस तरह देखा जाये, तो महाकुंभ का आयोजन वास्तव में जीवन के कई आयामों, जैसे भक्ति, धर्म, आस्था, विश्वास, सामाजिक संबंध और सांप्रदायिक एकता के साथ आर्थिक क्षेत्र में भी बेहद सफल और लाभदायक रहा। आनेवाले कई सालों तक महाकुंभ के आर्थिक आयाम पर शोध होंगे और हर शोध में यही प्रमाणित होगा कि यह आयोजन वास्तव में सनातन के सामर्थ्य, विशालता, वैभव और बहुलतावाद के साथ समृद्धि के द्वार भी खोलनेवाला है।

---

बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर साधा निशाना, कहा-

## मैट्रिक पेपर लीक मामले में प्रशासन अंधेरे में चला रहा तीर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने एक बार फिर झारखंड सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर कहा कि झारखंड को शर्मसार कर देने वाले मैट्रिक परीक्षा पेपर लीक के बाद पुलिस अंधेरे में तीर चला रही है। सरकार अब तक तय नहीं कर पायी है कि मैट्रिक पेपर लीक मामले की जांच सीआइडी करेगी या एसआइटी। इस बीच सूचना है कि पुलिस ने एक ही नाम के 2 युवकों की गिरफ्तारी की है। अब तक कथित रूप से कोडरमा, मधुपुर से प्रिंस नाम के 2 युवकों को गिरफ्तार किया गया है, तीसरे प्रिंस नाम के युवक की भूमिका भी पुलिस मान रही है। अगर इन्हें आरोपी के सहनाम के कारण गिरफ्तार या पूछताछ के लिए थाना लाया गया है, तो पुलिस इनसे संवेदनशीलता के साथ पेश आये।



आगे उन्होंने कहा कि क्योंकि जेएसएससी-सीजीएल मामले में झारखंड पुलिस के डीजीपी जांच की अंतिम रिपोर्ट आने से पहले ही बयान जारी कर छात्रों को दोषी ठहरा चुके हैं। इसलिए संभावना है कि मैट्रिक पेपर लीक मामले की लीपापोती कर निर्दोष लोगों के ऊपर आरोप मढ़ दिया जाये। राज्य सरकार, जैक और पुलिस के प्रतिनिधि उन लाखों छात्रों के सामने आकर मैट्रिक परीक्षा के पेपर लीक होने की माफी मांगे। साथ ही, प्रकरण के जांच की जानकारी सार्वजनिक करें। जांच के नाम पर निर्दोष युवाओं के साथ पुलिस की ज्यादती बर्दाश्त नहीं की जायेगी। सड़क से लेकर सदन तक इसका करारा जवाब दिया जायेगा।

## गिरिडीह में मंईयां सम्मान योजना में 1840 आवेदन मिले फर्जी

### 35 आवेदन में एक ही महिला का नाम दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना में बड़ी हेराफेरी का मामला सामने आया है। बता दें कि अब तक गिरिडीह प्रखंड में इस योजना के तहत कुल 42,700 आवेदन प्राप्त हुए थे। इनमें से 25% आवेदन की जांच की गयी, जिसमें 1,840 आवेदन फर्जी पाये गये। इस दौरान हैरान करने वाली बात यह है कि इनमें से कई आवेदन ऐसे हैं जिनमें अलग-अलग नाम हैं, लेकिन बैंक खाता एक ही है। इसके अलावा करीब 200 महिलाओं के आवेदन में पुरुषों के बैंक खाता नंबर दर्ज पाये गये हैं। इसमें विशेष रूप से 35 आवेदन में एक ही महिला, विलास देवी का बैंक खाता नंबर दर्ज किया गया है। फिलहाल, जिला प्रशासन की ओर से ऐसे सभी फर्जी आवेदन रद्द कर दिये हैं। इसके साथ ही दोषियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई शुरू कर दी गयी है।

### झारखंड में आज से साफ रहेगा मौसम

**रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड में लगातार मौसम में बदलाव हो रहा है। मौसम विभाग से रविवार को मिली जानकारी के अनुसार झारखंड में 24 फरवरी से मौसम साफ रहेगा। केवल रांची और आसपास के इलाकों में दोपहर बाद आंशिक बादल छाने की संभावना है। वहीं पिछले तीन दिनों से राज्य भर में गर्जन के साथ हल्की बारिश और ओलावृष्टि हुई। बारिश होने से रांची में तापमान में हल्की गिरावट दर्ज की गयी। शाम में कनकनी का एहसास हुआ। रविवार को रांची में अधिकतम तापमान 29.4 और न्यूनतम तापमान 16.8 डिग्री, जबकि जमशेदपुर में 31.6 और 16.6, डालटेनगंज में 33.6 और 16.2, बोकारो में 30.1 और 17.1तथा चाइबासा में अधिकतम 33.4 और न्यूनतम तापमान 15.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।**

## मैट्रिक परीक्षा पेपर लीक मामले में किसी को बख्शा नहीं जायेगा: डीजीपी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में मैट्रिक परीक्षा के पेपर लीक मामले में झारखंड पुलिस को कई अहम जानकारियां मिली हैं, कई अहम डिजिटल एविडेंस बरामद हुए हैं, जिसके आधार पर छापेमारी की जा रही है। साथ ही पेपर लीक गिरोह के सदस्यों की गिरफ्तारी की जा रही है। झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने साफ कर दिया है कि मामले में किसी को भी बख्शा नहीं जायेगा।

### गिरोह का पर्दाफाश गिरफ्तारियां तेज

मैट्रिक पेपर लीक मामले में पुलिस की जांच और कार्रवाई तेज हो गयी हैं। झारखंड पुलिस के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा कि पेपर लीक के तार कोडरमा से जुड़े पाये गये हैं और कोडरमा से ही कई लोगों की गिरफ्तारी भी हुई है। इस पेपर लीक में शामिल सभी लोगों पर कानून का शिकंजा कसा जा रहा है।



### फर्जी अफवाह फैलाने वालों पर भी कार्रवाई की जायेगी

डीजीपी अनुराग ने कहा कि जांच के दौरान झारखंड पुलिस को एक नयी बात पता चल रही है कि कुछ लोग इंटरनेट और यूट्यूब पर पुराने प्रश्नपत्र अपलोड कर अफवाह फैलाकर लोगों को भ्रमित करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने ऐसे लोगों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि अगर कोई भी राज्य के मासूम बच्चों को प्रभावित करने की कोशिश करेगा तो झारखंड पुलिस उसे सलाखों के पीछे भेजेगी। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया है कि इस पेपर लीक के नेक्सस में शामिल किसी भी अधिकारी, शिक्षक और छात्र को हर हाल में गिरफ्तार किया जायेगा।

बरामद डिजिटल डिवाइस से कई तरह की जानकारियां मिल रही हैं, जिन पर कार्रवाई की जा रही है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 29.4 °c | 16.8 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.49 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.16 बजे |



### कांग्रेस विधायक दल की बैठक, प्रदेश प्रभारी की मौजूदगी में बनी रणनीति

# झारखंड में भी हो जातीय जनगणना : के राजू

**विधायकों की बैठक प्रत्येक महीने विधायक दल के नेता की उपस्थिति में होगी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस विधायक दल की बैठक में कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। रविवार को रांची परिसदन में संपन्न हुई इस बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस विधायक दल नेता प्रदीप यादव ने की। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के राजू एवं प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश उपस्थित थे।

बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी के राजू ने कहा कि पार्टी चाहती है कि तेलंगाना की तर्ज पर झारखंड में भी जातिगत जनगणना हो ताकि समाज के हर वर्ग का सामाजिक-आर्थिक आंकड़ा उपलब्ध हो और सरकार उसके अनुसार नीतियां बना सके। बैठक में विस्तार से कुछ बिंदुओं पर चर्चा हुई, जिस पर निर्णय लिये गये। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के 12 विधायकों को दो-दो जिलों का जिम्मा दिया गया है, जिन विधायकों को जिलों की जिम्मेदारी दी गयी है, उन्हें हर महीने जिला में जाकर जिला कांग्रेस कमेटी की पूर्व निर्धारित बैठक में उपस्थित रहना है। बैठक में जिले से संबंधित मुद्दों, संगठन के संबंध में आम लोगों के मुद्दे पर वह चर्चा करेंगे। जिले के किन मुद्दों को सरकार के स्तर तक ले जाना है उन मुद्दों पर चर्चा हुई। राजू ने कहा कि विधायकों की ओर से जिलों में की जाने वाली बैठक के एक वर्ष का कैलेंडर तैयार कर उन्हें टास्क दिया गया ताकि वह प्रत्येक महीने बैठक कर सकें।

**हमारे विधायक सदन में जवाब देंगे :** उन्होंने बताया कि सोमवार से शुरू हो रहे बजट सत्र में हमारे विधायक मजबूती से सदन में रहेंगे। हर विभाग के मांग और ग्रांट की जानकारी लेकर चर्चा में भाग लेंगे और सरकार के जो कार्यक्रम तय किये जायेंगे उसे सक्रियता के साथ लागू करेंगे।

**बजट सत्र महत्वपूर्ण :** बैठक में कांग्रेस विधायक दल नेता प्रदीप यादव ने कहा कि बजट सत्र महत्वपूर्ण है। कांग्रेस और महागठबंधन के जो मुद्दे हैं उस पर प्रत्येक विधायक गंभीर हैं। संगठन ने यह निर्णय लिया है कि पहले से जो मुद्दे चल रहे हैं जातिगत जनगणना, ओबीसी आरक्षण इसे फिर से सरकार के समक्ष जागृत करेंगे। ओबीसी आरक्षण बढ़ाने के लिए सरकार ने विधेयक पास कर केंद्र के पास भेजा है। केंद्र ने उसे क्यों लटका कर रखा है, इन प्रश्नों को सदन में लाया जायेगा, सरकार इसका समाधान तलाशेगी।

बैठक में प्रमुख रूप से विधायक दल के उप नेता राजेश कच्छप, डॉक्टर रामेश्वर उरांव, राधा कृष्ण किशोर दीपिका पांडे सिंह, इरफान अंसारी शिल्पी नेहा तिर्की, सोनाराम सिंकू, भूषण बाड़ा, श्वेता सिंह ,रामचंद्र सिंह नमन विक्सल, कौनगाड़ी निशत आलम और ममता देवी उपस्थित थे।



**चारों मंत्रियों को पांचों प्रमंडल की जिम्मेदारी दी जायेगी**

कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी राजू ने कहा कि कोटे के चारों मंत्रियों के बीच पांचों प्रमंडल का बंटवारा कर उन्हें जिम्मेदारी दी जायेगी। मंत्री प्रमंडल में जाकर वहां के जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के मुद्दों को सुनेंगे ताकि उन्हें सरकार तक पहुंचाया जा सके। विधायकों की बैठक प्रत्येक महीने विधायक दल नेता की उपस्थिति में होगी। विधायक दल नेता अगले एक वर्ष का कैलेंडर तैयार करेंगे कि किस महीने किस विधायक के क्षेत्र में बैठक होगी। विधायक दल की बैठक प्रत्येक विधायक के क्षेत्र में होगी, इस बैठक के बाद सभी विधायक संयुक्त रूप से संवाददाता सम्मेलन करेंगे और बैठक में जो मुद्दे चर्चा में आयेंगे, उस पर बात करेंगे।

**मुद्दों को पटल पर रखा जायेगा**

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि संगठन को किस तरह ग्रास रूट तक मजबूत किया जाये और इसमें विधायकों का क्या योगदान होगा। इस पर चर्चा हुई। आगामी नगर निकाय चुनाव सहित आम लोगों के मुद्दों पर चर्चा हुई। मंत्रियों, विधायकों का संगठन की मजबूती में क्या योगदान होगा इस पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई है। आगामी बजट सत्र में कांग्रेस विधायकों की भूमिका पर चर्चा कर मुद्दों को पटल पर रखने का निर्णय लिया गया।

# हेडफोन लगा कर काम नहीं करते तो समय रहते निकल सकते थे टनल में फंसे मजदूर

- गुमला में मजदूरों के घर पसरा मातम, सकुशल वापसी के लिए मंदिरों में हो रही पूजा
- तेलंगाना के नागरकुर्नूल में सुरंग हादसा में गुमला के चार मजदूर फंसे, रेस्क्यू जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** तेलंगाना के नागरकुर्नूल जिले में शनिवार सुबह एसएलबीसी टनल प्रोजेक्ट का एक हिस्सा गिर गया। जिसमें 8 मजदूर रविवार की देर रात से फंसे हुए हैं। सभी मजदूर गुमला जिला के अलग-अलग थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। लेकिन साथी मजदूरों की मानें तो टनल में फंसे मजदूर अपने कान में हेडफोन डाल कर टनल में काम कर रहे थे। जैसे ही टनल गिरने लगी अन्य मजदूरों ने चिल्ला-चिल्ला कर सभी मजदूरों को सचेत कर निकलने के लिए कहा। जितने मजदूर थे निकल गये। लेकिन फंसे मजदूर अपने कानों में हेडफोन लगाये हुए थे, और गाना या कुछ सुन रहे थे। इसलिए वह सचेत करने वाली आवाज नहीं सुन सके।

**फंसे हुए लोगों में मजदूरों के साथ दो इंजीनियर, दो मशीन ऑपरेटर :** टनल का काम काफी समय से रुका हुआ था। दो चार दिन पहले ही काम को पुनः शुरू किया गया था। कंपनी के मुताबिक, घटना के दौरान 100 से अधिक मजदूर घटनास्थल पर मौजूद थे। फंसे हुए लोगों में मजदूरों के साथ दो इंजीनियर, दो मशीन ऑपरेटर भी शामिल हैं। जो दूसरे राज्यों के हैं।

**मजदूरों के घर में पसरा मातम :** हादसे की खबर सुन कर मजदूरों के घर मातम पसरा हुआ है। मजदूरों के परिजन मंदिरों में पूजा पाठ कर अपनों के सकुशल होने की कामना कर रहे हैं। फंसे हुए गुमला के चार मजदूरों में तीन अविवाहित हैं। एक विवाहित मजदूर संतोष साहू की पत्नी को अभी तक मामले की पूरी जानकारी नहीं दी गयी है। हालांकि आंशिक रूप से उन्हें बताया गया है। फिर भी अभी तक वह मामले की गंभीरता से अनभिज्ञ हैं।

**एसडीपीओ पहुंचे फंसे मजदूर के घर :** रविवार की सुबह 10:00 बजे गुमला एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव तीर्रा गांव पहुंचकर मजदूर के परिजनों को सांत्वना दी, वहीं सकुशल वापसी की कामना भी की है।

**अभी तक राज्य, जिला प्रशासन की ओर से सहायता की कोई सूचना नहीं :** अभी तक गुमला जिला प्रशासन या राज्य सरकार द्वारा टनल में फंसे लोगों को सहायता पहुंचाने के लिए किसी टीम के भेजे जाने की कोई सूचना परिजनों को नहीं है। परिजनों का कहना है कि वह पूर्व सांसद सुदर्शन भगत और कई गणमान्य लोगों से अभी तक गुहार लगा चुके हैं। लेकिन घटना के 24 घंटा होने को हैं, इसके बावजूद अभी तक वहां पर झारखंड की ओर से किसी भी टीम के जाने या पहुंचने की खबर परिजनों को नहीं मिली है।



**फंसे मजदूरों में चार गुमला के**



टनल में फंसे मजदूरों में गुमला जिला के सदर थाना क्षेत्र के तिर्रा गांव के केश्वर साहू का बेटा संतोष साहू, घाघरा थाना क्षेत्र के खंभिया कुंबा टोली गांव निवासी रामप्रताप साहू का बेटा अनुज साहू, रायडीह थाना क्षेत्र के कोबी टोली गांव निवासी माघे खेस का बेटा जगता खेस और पालकोट थाना क्षेत्र के उमड़ा नकटी टोली गांव के जीतू साहू का बेटा संदीप साहू शामिल हैं। हादसे के समय कई मजदूर वहां काम कर रहे थे। जिनमें अधिकतर मजदूर समय रहते हुए निकल गये।

### राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| | |
|---|---|
| मेष | कठिन परिश्रम-प्रयत्न से महत्वपूर्ण कार्य में सफलता मिलेगी। रोग-ऋण-शत्रुबाधा से छुटकारा मिलेगा। |
| वृष | नौकरी-व्यापार में सफलता मिलेगी, किसी प्रभावशाली व्यक्ति के सहयोग से महत्वपूर्ण काम बनेगा। |
| मिथुन | आजीविका की स्थिति में सुधार होगा, बकाये रकम की प्राप्ति होगी, वस्त्र-आभूषण। |
| कर्क | धार्मिक-सामाजिक क्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा, महत्वकांक्षा पूरी होगी। |
| सिंह | क्रोध-जोश-उतावलेपन में वृद्धि होगी, वाहन की सवारी सावधानी से करें चोट-चपेट लगने की आंशका। |
| कन्या | नौकरी में स्थानातंरण-पदोन्नति होने की संभावना,महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा,आर्थिक लाभ। |
| तुला | परिवार में संतान के विवाहादि मांगलिक कार्य सम्पन्न होगा। स्वजन-मित्रों का सहयोग। |
| वृश्चिक | संतान पक्ष से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी,व्यवसाय की स्थिति में सुधार, संतोषजनक धनलाभ होगा। |
| धनु | इच्छित कार्य सफल होगा, महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति होगी,विरोधियों पर विजय। |
| मकर | आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, रोग-ऋण-शत्रुबाधा का शमन,घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण बनेगा। |
| कुंभ | स्वास्थ्य बाधा, दिमागी तनाव,इष्ट-मित्रों-स्वजनों से मार्मिक पीड़ा, परिश्रम-प्रयत्न से आवश्यक काम पूरा होगा। |
| मीन | आयु-आरोग्य की रक्षा होगी, बकाये रकम की प्राप्ति, श्रेष्ठजनों के सहयोग से रोजी-रोजगार में उन्नति होगी। |

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# मंत्री दीपक बिरुआ ने बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर जतायी चिंता

### पुलिस पदाधिकारी दुर्घटना संबंधित मामलों के निपटारे में तेजी लायें

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार और परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ ने राज्य में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं को लेकर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया है। अपने पोस्ट में जेएमएम नेता ने लिखा है, मुख्य मार्ग में होनेवाले रन एंड हिट के तहत मृतक के पीड़ितों को मुआवजा के लिए दौड़ना न पड़े। इसपर खास ध्यान दिया जाये। साथ ही विभाग के पदाधिकारी इससे संबंधित लंबित मामलों को निपटाने की दिशा में कार्रवाई तेज करें।

**थाने में अटके पड़े रहते हैं मामले :** उन्होंने आगे लिखा है कि अक्सर सूचना प्राप्त होती है कि आमुख जिले में सड़क दुर्घटना होने के सालों बाद भी मामला थाना में ही अटका पड़ा है। पुलिस पदाधिकारी भी दुर्घटना संबंधित मामलों के निपटारे में तेजी लायें। कैसे सड़क दुर्घटनाओं में कमी आये, इसके लिए विभाग ईमानदारी से काम करे।



**चिह्नित हॉट स्पॉट पर नजर रखें अधिकारी**

मंत्री ने कहा है कि कई जगहों में हाइवे और मुख्य मार्ग में कहीं-कहीं गड्ढों के कारण भी असामयिक दुर्घटना का सामना करना पड़ता है। मुख्य मार्ग में ऐसे चिह्नित हॉट स्पॉट पर पदाधिकारी नजर बनायें रखें। मेरा मानना है, इससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी आयेगी।

# बजट सत्र के चलते 27 मार्च तक लागू रहेगी निषेधाज्ञा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 24 फरवरी से शुरू होगा और 27 मार्च तक चलेगा। इस दौरान विधानसभा परिसर के आसपास निषेधाज्ञा लागू रहेगी। जिसके तहत विधानसभा परिसर के 750 मीटर के दायरे में (न्यायालय परिसर को छोड़कर) किसी तरह के जुलूस, रैली, प्रदर्शन और घेराव पर रोक रहेगी।

राज्य विधानसभा का बजट सत्र 24 फरवरी से शुरू हो रहा है। सुरक्षा के मद्देनजर विधानसभा सत्र के दौरान निषेधाज्ञा जारी किया गया है। सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने बीएनएसएस की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए झारखंड विधानसभा परिसर के 750 मीटर के दायरे (उच्च न्यायालय परिसर को छोड़कर) में निषेधाज्ञा लागू रहने का आदेश जारी किया है। एसडीओ ने रविवार को बताया कि यह निषेधाज्ञा 24 फरवरी के सुबह 8.00 बजे से 27 मार्च के रात 10 बजे तक के लिए लागू रहेगी। उन्होंने बताया कि इस दौरान पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों का एक जगह जमा होना या चलने, किसी भी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र, बंदूक, राइफल, रिवाल्वर, पिस्टल, बम, बारूद, हरवे-हथियार जैसे-लाठी-डंडा, तीर-धनुष, गड़ासा-भाला लेकर निकलना या चलने पर पाबंदी रहेगी। साथ ही किसी प्रकार का ध्वनि विस्तारक यंत्र का व्यवहार करने पर रोक रहेगी।

# रांची महानगर में 50 हजार नये सदस्य जोड़ना राजद का लक्ष्य : कैलाश यादव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची में रविवार को कोकर स्थित रामलखन सिंह यादव कॉलेज के समीप राजद नेताओं ने सदस्यता अभियान चलाया। इस अवसर पर सैकड़ों लोगों ने राजद की सदस्यता ग्रहण की। इन तमाम लोगों को राजद महासचिव कैलाश यादव ने सदस्यता दिलायी। इस कार्यक्रम का संचालन महासचिव प्रणय बबलू, अर्जुन यादव, मनोज अग्रवाल, संतोष प्रसाद, अरुण यादव, जीतू यादव ने किया।

मौके पर राजद महासचिव कैलाश यादव ने कहा कि रांची महानगर में 50 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। राजद का सदस्यता अभियान राज्य के सभी जिलों में तेजी से चल रहा है। राजद अध्यक्ष लालू यादव एवं युवा हृदय सम्राट तेजस्वी यादव के विचारधारा और राजद के नीति सिद्धांतों को इस सदस्यता अभियान के माध्यम से वार्ड से पंचायत तक लोगो को बताने का काम किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के दौरान बतौर मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव के साथ रामकुमार सिंह यादव, सुधीर गोप, अधिवक्ता कृष्ण कुमार, श्याम सुंदर यादव, सुनील टोप्पो, विभाकर कुमार ललन यादव, कपिलदेव सिंह, अनिल सिंह, वीना देवी, लक्ष्मी देवी सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।



### सिरमटोली फ्लाइओवर को लेकर मंत्री ने दिये अधिकारियों को दिशा निर्देश

# सरना स्थल के समीप फ्लाइओवर की उंचाई बढ़ायें : चमरा लिंडा

**सिरमटोली फ्लाइओवर के निर्माण को लेकर विभिन्न आदिवासी संगठनों के साथ की बैठक कर विचार-विमर्श किया**

**विभिन्न आदिवासी संगठनों के 30 प्रतिनिधियों के साथ मुख्यमंत्री से सोमवार को मुलाकात**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के सिरमटोली स्थित सरना स्थल के सामने फ्लाइओवर निर्माण कार्य के विरोध में विभिन्न आदिवासी संगठनों के आने के बाद हेमंत सरकार ने इसे गंभीरता से संज्ञान में लिया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर आदिवासी कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने रविवार को सिरमटोली फ्लाइओवर निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने फ्लाइओवर निर्माण के विभिन्न पहलुओं को देखा। उन्होंने कहा कि फ्लाइओवर को सरना स्थल के समीप उंचाई को बढ़ा कर आगे तक ले जाना होगा। सरना धर्मस्थल पर आदिवासी समाज पूजा-अर्चना करने जाते हैं। अगर सिरमटोली फ्लाइओवर की ऊंचाई कम रखी गयी, तो वहां आने-जाने में श्रद्धालुओं को कठिनाई होगी और दुर्घटनाओं की संभावना भी बढ़ जायेगी। इसी कारण उन्होंने फ्लाइओवर की ऊंचाई बढ़ाने की मांग का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि इससे भविष्य में किसी भी तरह की दुर्घटना को टाला जा सकेगा। चमरा लिंडा ने सिरमटोली के स्थानीय लोगों के साथ बैठक की और सभी पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि आधुनिक विकास कार्यों को करना महत्वपूर्ण है परंतु इससे आम जनमानस को नुकसान नहीं होना चाहिए और ना ही किसी की आस्था को प्रभावित करना चाहिए। वहीं इस मामले पर फ्लाइओवर निर्माण कंपनी एलएंडटी के एक्सक्यूटिव इंजीनियर विनोद कच्छप ने बताया कि फ्लाइओवर के नये डिजाइन को तैयार किया जा रहा है और इसे मंजूरी मिलने में 15 दिन का समय लगेगा। एलएंडटी का कहना है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए समाधान निकाला जायेगा। जिससे सरना स्थल की पवित्रता भी बनी रहे और यातायात भी सुचारू रूप से चले। इस बैठक में खिजरी विधायक राजेश कच्छप भी उपस्थित थे। वहीं रांची महानगर के सचिव सोनू खलखो ने कहा कि बैठक सकारात्मक हुई है। विभिन्न आदिवासी संगठनों के 30 प्रतिनिधियों के साथ मुख्यमंत्री से सोमवार को मुलाकात करेंगे। उन्होंने कहा कि तत्काल मानव श्रृंखला बनाने का आंदोलन स्थगित किया गया है। इस अवसर पर संजय कुजूर, निरंजना हेरेंज टोप्पो, नारायण उरांव, राहुल तिर्की, संदीप उरांव, झरी लिंडा, संगीता कच्छप, मनोज उरांव, शालिनी तिर्की, आकाश बेग, झामुमो के संयोजक मुस्ताक आलम, सोनू मुंडा सहित कई अन्य उपस्थित थे।



## हरमू सहित कई इलाकों में आज विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**रांची (आजाद सिपाही)।** रिवैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम आरडीएसएस योजना के तहत रांची में विद्युत संरचना को मजबूत करने के लिए सोमवार को कई इलाकों में काम किया जायेगा। इसे लेकर राजधानी के हरमू के कई इलाकों में लगभग साढ़े तीन घंटे तक बिजली सेवा बाधित रहेगी। बिजली विभाग विद्युत शक्ति उपकेंद्र, हरमू के ओल्ड हरमू फीडर में भगत सिंह चौक के पास एलटी लाइन का काम किया जायेगा। इसलिए इससे संबंधित इलाकों की बिजली आपूर्ति सुबह 11.30 बजे से दोपहर तीन बजे तक बाधित रहेगी। इसके अलावा विद्युत शक्ति उपकेंद्र, अशोकनगर के पुंदाग फीडर में गिरजाटोली में एलटी और एचटी लाइन का काम किया जायेगा। इससे 11 केवी पुंदाग फीडर की बिजली आपूर्ति भी इतनी ही देर तक बाधित रहेगी। साथ ही विद्युत शक्ति उपकेंद्र, पुंदाग के क्षेत्र में आनेवाले इलाकों में भी साढ़े तीन घंटे तक बिजली सेवा बाधित रहेगी। यह जानकारी बिजली विभाग की ओर से रविवार को दी गयी है।

### नेता प्रतिपक्ष नहीं चुने जाने पर मंत्री इरफान का बीजेपी पर तंज

# भाजपा को जनता हित नहीं, सिर्फ स्वार्थ चाहिए : इरफान अंसारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**जामताड़ा।** झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री अक्सर अपने बयानों को लेकर सुर्खियों में रहते हैं। स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने झारखंड विधानसभा में अब तक नेता प्रतिपक्ष और भाजपा विधायक दल के नेता का चयन नहीं किये जाने पर भाजपा पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि भाजपा को सदन और आम जनता के हित से कोई लेना-देना नहीं है। सत्ताधारी दल विपक्ष की भूमिका निभायेगा।

**नेता प्रतिपक्ष का चयन नहीं किये जाने पर भाजपा पर तंज :** मंत्री इरफान अंसारी ने भाजपा पर तंज कसते हुए तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि बजट सत्र शुरू होने वाला है लेकिन अब तक भाजपा अपने विधायक दल का नेता नहीं चुन पायी है। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा को अपने स्वार्थ के अलावा सदन और आम जनता के हित से कोई लेना-देना नहीं है। भाजपा सिर्फ राजनीति करती है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि झारखंड विधानसभा का बजट सत्र शुरू होने वाला है। जनता ने हेमंत सोरेन पर भरोसा जताया है। भाजपा पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि अगर भाजपा का संख्या बल कम है तो सत्ता पक्ष ही विपक्ष की भूमिका निभायेगा। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि इस विधानसभा चुनाव में भाजपा को जो आंकड़ा मिला है, वह अगले विधानसभा चुनाव में उस आंकड़े को पार नहीं कर पायेगी।



**बांग्लाभाषी लोगों को बांग्लादेशी कहना ही भाजपा का एकमात्र काम : इरफान**

स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि भाजपा का एकमात्र काम बांग्लाभाषी लोगों को बांग्लादेशी कहना है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि भाजपा को सदन और आम जनता से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि सदन में जनता की समस्याओं की आवाज कौन उठायेगा। विपक्षी दल के नेता सरकार को आईना दिखाते हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
198000 Subscribers
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 24 फरवरी, 2025
www.azadsipahi.in



# बढ़ते और बदलते भारत का हाइवे है केंद्रीय बजट : गजेंद्र सिंह शेखावत

**भाजपा प्रदेश आर्थिक प्रकोष्ठ ने केंद्रीय बजट 2025-26 पर परिचर्चा आयोजित की**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने केंद्रीय बजट को विकसित भारत का हाइवे बताते हुए कहा है कि इस पर चढ़कर बढ़ते भारत, बदलते भारत की गाड़ी तेज रफ्तार से दौड़ रही है। गजेंद्र सिंह शेखावत भाजपा प्रदेश आर्थिक प्रकोष्ठ के तत्वावधान में रविवार को चैंबर भवन रांची में केंद्रीय बजट 2025-26 पर परिचर्चा को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड के विकास के लिए मोदी सरकार संकल्पित है और कांग्रेस की सरकारों की तुलना में देखें तो 300 फीसदी ज्यादा राशि मोदी सरकार ने पिछले एक दशक में राज्य को उपलब्ध करायी है। उन्होंने कहा कि 2004 से 14 के बीच झारखंड को जहां 56090 करोड़ रुपये मिले थे, जो 2014 से 24 के बीच 2,26,444 करोड़ रुपये हो गये। झारखंड में केंद्रीय योजना से पिछले 10 वर्षों में 15.64 लाख प्रधानमंत्री ग्रामीण और 1.54 लाख शहरी आवास बनाये गये हैं। 41.9 लाख घरों में शौचालय बनाये गये। जल जीवन मिशन के तहत 52.6 प्रतिशत घरों तक नल से जल पहुंचा है। आयुष्मान भारत योजना के तहत राज्य के 1.24 करोड़ लोगों को मुफ्त इलाज की सुविधा मिली है। 39 लाख परिवारों को उज्ज्वला योजना से मुफ्त गैस सिलिंडर की सुविधा मिली है। झारखंड के 2.64 करोड़ लोग आज गरीब कल्याण अन्न योजना का लाभ ले रहे। राज्य में 9.7 लाख किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त हाइवे, रेलवे, वायुयान सेवा, एम्स का निर्माण के क्षेत्र में झारखंड को लगातार प्राथमिकता मिल रही। केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह ने कहा कि केंद्रीय बजट स्वीकार करता है कि देश की शक्ति उसकी भूमि में नहीं, बल्कि उसके लोगों में होती है। इसलिए सभी वर्गों के समावेशी विकास के माध्यम से सबका साथ सबका विकास साकार किया जा रहा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने 6 दशक के शासन में गरीबी हटाओ का केवल नारा दिया, लेकिन मोदी सरकार में पिछले एक दशक में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आये। जिसके कारण देश में तेजी से मध्यम वर्ग बढ़े हैं। मोदी सरकार बेहतर भविष्य के लिए मध्यम वर्ग को सशक्त बनाने पर जोर दे रही है। ताकि, उनकी क्षमता को बढ़ाया जा सके।

कार्यक्रम में विधायक सीपी सिंह, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश कोषाध्यक्ष दीपक बंका, रांची महानगर अध्यक्ष वरुण साहू, प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक जेपी शर्मा, शहर के जाने-माने सीए, सीएस, अधिवक्ता, चिकित्सक, प्राध्यापक, सहित प्रबुद्ध जन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सीए राजकुमार, स्वागत भाषण जेपी शर्मा, धन्यवाद ज्ञापन उदय जायसवाल ने किया। कार्यक्रम में पद्मश्री मुकुंद नायक, संजीव विजयवर्गीय, शिवपूजन पाठक, राहुल अवस्थी, उषा पांडे, जितेंद्र वर्मा, विनय सिंह, संजीव चौधरी, राजू सिंह, सुरेश प्रसाद, पायल सोनी, रोमित नारायण सिंह सहित अन्य मौजूद थे।




## सिर्फ नारों और झूठे वादों से कांग्रेस ने देश की जनता को 60 वर्षों तक गुमराह किया : बाबूलाल मरांडी

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि बढ़ता भारत, बदलता भारत मोदी सरकार की देन है। यह प्रक्रिया 2047 में विकसित भारत के स्वप्न को साकार करेगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार देश भर में बुनियादी ढांचों को मजबूत कर रही। झारखंड में भी सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य के क्षेत्र में बदलता परिदृश्य केंद्र सरकार की देन है। उन्होंने कांग्रेस शासन को याद करते हुए कहा कि सिर्फ नारों और झूठे वादों से कांग्रेस ने देश की जनता को 60 वर्षों तक गुमराह किया। आज मोदी सरकार में भारत का सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक विकास साथ साथ हो रहा। बिना भेदभाव के योजनाएं धरातल पर उतर रहीं।

# कांग्रेस प्रदेश प्रभारी ने हेमंत से की मुलाकात



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से रविवार को रांची के डॉ कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान में झारखंड प्रदेश कांग्रेस के नये प्रभारी के राजू ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने के राजू को झारखंड कांग्रेस का प्रभारी नियुक्त होने के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। उल्लेखनीय है कि झारखंड प्रदेश कांग्रेस का प्रभारी नियुक्त किये जाने के बाद के राजू की मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ पहली भेंट थी।

# तेलंगाना टनल हादसा को लेकर सरकार गंभीर : इरफान अंसारी

**जरूरत पड़ी तो खुद जाकर मजदूरों को लायेंगे वापस**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** तेलंगाना के नागरकुरनूल जिले में टनल हादसे में झारखंड के गुमला जिले के चार मजदूर भी फंसे हैं। सुरंग हादसे पर राज्य के स्वास्थ्य एवं आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस मामले को लेकर गंभीर हैं। आपदा प्रबंधन मंत्री होने के नाते वे भी पूरे मामले पर नजर बनाये हुए हैं। मंत्री ने कहा कि जरूरत पड़ी तो वे खुद तेलंगाना जायेंगे और अपने सभी मजदूरों की सुरक्षित वापसी राज्य में सुनिश्चित करेंगे। डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री खुद तेलंगाना के मुख्यमंत्री के संपर्क में हैं और उन्होंने इस संबंध में उनके सचिव से भी बात की है और घटना की पूरी जानकारी ली है। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ी तो वे खुद तेलंगाना जायेंगे और अपने मजदूरों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करेंगे।

# शास्त्रीय संगीत से सजा बिरसा मुंडा फन पार्क




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** बिरसा मुंडा फन पार्क और रिलेशंस के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को जेल मोड़ स्थित बिरसा मुंडा फन पार्क में म्यूजिक इन द पार्क कार्यक्रम के तहत शास्त्रीय संगीत को बढ़ावा देने के के लिए कोलकाता के प्रख्यात सरोद वादक अर्नब भट्टाचार्य और मशहूर तबला वादक लक्ष्मी नारायण ओझा की जोड़ी ने अद्भुत प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर जेल पार्क के संचालक आर्यन चोपड़ा और रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी ने संयुक्त रूप से दोनों कलाकारों को अंगवस्त्र और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया।

आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत को बढ़ावा देना और आम लोगों तक शास्त्रीय संगीत पहुंचाना ही इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। वहीं रांचीवासियों ने शास्त्रीय संगीत का आनंद लिया। मौके पर मुख्य रूप से शिवली अख़्तर, कुंदन सोनी, राधे भट्ट, निरंजन राम, दीपक कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## 4 इंस्पेक्टर और 3 दारोगा का तबादला

रांची (आजाद सिपाही)। रांची डीआइजी सह एसएसपी ने रांची जिला के 6 थानों के प्रभारियों का तबादला किया है। जिन थानों के प्रभारी बदले गये हैं, उनमें डोरंडा, सदर, सुखदेवनगर, इटकी, पिठोरिया और खलारी थाना के प्रभारी शामिल हैं। जारी आदेश के मुताबिक जयदीप टोप्पो को खलारी थाना का प्रभारी बनाया गया है। विजय कुमार सिंह पुलिस लाइन में योगदान देंगे। इंस्पेक्टर कुलदीप कुमार को डोरंडा थाना का प्रभारी बनाया गया है। जबकि इंस्पेक्टर रंजीत कुमार सिन्हा को सदर थाना के प्रभारी के पद पर पदस्थापित किया गया है। इसी तरह अभय कुमार को पिठोरिया थाना का प्रभारी बनाया गया है, जबकि अभिषेक कुमार को सुखदेवनगर थाना के प्रभारी पद पर पदस्थापित किया गया ह। दारोगा मनीष कुमार को ईटकी थाना प्रभारी के पद पर पोस्टिंग दी गयी है।

# संत जेवियर्स कॉलेज में 'ज्ञान और वैश्विक असमानता' पर व्याख्यान

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज में शनिवार को जेवियर इकोनॉमिक सोसाइटी और आइक्यूएसी के बैनर तले 'वर्तमान को प्रश्नांकित करता 1800 के बाद से ज्ञान और वैश्विक असमानता' विषय पर व्याख्यान श्रृंखला 2 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ फादर एन लकड़ा एसजे के स्वागत संभाषण और अतिथियों के स्वागत से हुई। व्याख्यान में मुख्य वक्ता के तौर पर इंस्टिट्यूट ऑफ ह्यूमन डेवलपमेंट, नयी दिल्ली के अर्थशास्त्री प्रो देवनाथ उपस्थित रहे। उन्होंने 1800 से 1950 तक के 'ग्रेट डायवरजेंस' पर प्रकाश डाला, जिसमें यूरोपियन देशों द्वारा उन्नत तकनीकी ज्ञान पर एकाधिकार का वर्णन किया गया। उन्होंने तकनीकी प्रगति के लिए ज्ञान सृजन के महत्व पर भी जोर दिया। मौके पर उपस्थित डॉ हरीश्वर दयाल ने शिक्षा को उद्योग से जोड़ने पर बल दिया और ब्रिटिश अर्थशास्त्री जेम्स ए रॉबिनसन द्वारा रचित किताब 'व्हाइ नेशन फेल्स' की विवेचना की। बीएड विभागाध्यक्ष डॉ फादर फ्लोरेंस पूर्ति एसजे ने बताया कि भारत में ज्ञान की प्रचुरता है, लेकिन इसका सही उपयोग नहीं हो रहा है। उन्होंने ज्ञान और अनुसंधान में अधिक निवेश करने की बात कही। अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष ने डॉ मारकुस बारला ने व्याख्यान श्रृंखला की महत्ता पर बात की, जिसका उद्देश्य सशक्तिकरण, प्रेरणा देना और सकारात्मक प्रभाव लाना है। मंच का संचालन प्रो आशीष रंजन और प्रो अंशु कुजूर ने किया। कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी सत्र का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का समापन डॉ धीरजमणि पाठक के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ। मौके पर रजिस्ट्रार डॉ. फादर केनेडी सोरेंग एसजे, पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. सुदामा चौबे, डॉ. शिशिर चौधरी, आईएचडी के डॉ अश्विनी कुमार, डॉ. विनय कुमार पाण्डेय, डॉ. मनोहर लाल, प्रो. बी.के. सिन्हा, डॉ. संजय सिन्हा सहित कॉलेज के अन्य प्राध्यापक व विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

# पहाड़ी मंदिर में हल्दी, मेहंदी का आयोजन

## पहाड़ी बाबा का फूलों से भव्य श्रृंगार किया गया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** रविवार को श्री शिव बारात आयोजन केंद्रीय महासमिति पहाड़ी मंदिर (मुख्य द्वार) के द्वारा पहाड़ी मंदिर के महाकाल मंदिर में महाशिवरात्रि को लेकर हल्दी, मेहंदी का आयोजन किया गया। पहाड़ी बाबा को फूलों से भव्य श्रृंगार किया गया। साथ ही मेहंदी और हल्दी लगायी गयी। भजन-कीर्तन में भक्तगण झूम कर नाचे। सभी ने एक दूसरे को हल्दी लगायी। महिलाओं ने हाथों में मेहंदी रचाई उसके बाद पहाड़ी बाबा की भव्य आरती की गयी। जिसमें की सैकड़ो महिलाएं और पुरुष सम्मिलित रहे।

श्री शिव बारात आयोजन केंद्रीय महासमिति पहाड़ी मंदिर मुख्य द्वार के संस्थापक नंद किशोर सिंह चंदेल और अध्यक्ष गुलशन मीढ्ढा ने संयुक्त रूप से कहा कि 26 फरवरी महाशिवरात्रि के पावन दिन पहाड़ी बाबा के मुख्य द्वार से ऐतिहासिक झांकी निकाली जायेगी। इस झांकी में जो स्वरूप सब बने हैं उसकी चर्चा पूरे झारखंड नहीं पूरे भारत में होगी। आज के कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण श्री दुर्गा जागरण मंडली रही। इस मौके पर संस्थापक नंद किशोर सिंह चंदेल, मुख्य संयोजक ललित ओझा, राजू काटपाल, अध्यक्ष गुलशन मिड्ढा, संजय जयसवाल, कार्यकारी अध्यक्ष नरेश मक्कड़ मिशु, महासचिव जीतू अरोड़ा, रिंकू, राजू सिन्हा, मोनू शर्मा, विनय सिंह, अजित सिंह, मोहन गोस्वामी, प्रिया बर्मन, गायत्री, नीलू सिंह, रीना सिंह, बीना सिंह, अंजना प्रियदर्शनी, समर्पणा सिंह, अर्चना झा, विनीता देवी, शीला, संगीता सिन्हा, रीता सेन, मोनिका, सोनी सालू, नीलम, मंजुला, ममता मिश्रा, नीतू सिंह, रीता सेन, श्वेता सिन्हा, मोनिका पारासद, काजल, ऐश्वर्या, संगीता, ज्योति अरोड़ा, शशि किंगरा, कौशल्या देवी, पूनम तनेजा, कांता देवी अरोड़ा, रीया, पायल, सीमा हेंब्रम, सुमन किस्कू, श्रेया, रीया, दीप, आनंदी, बीना सिंह, किरण देवी, शीतल गुप्ता, परिणीता देवी, गोलू आदि उपस्थित थे।

# 10 डिसिमल तक के लंबित मामलों का किया गया निपटारा

**आजाद सिपाही संवाददाता**




## बिचौलिये दिखे तो स्थानीय थाना को सूचित करें : डीसी

रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने एक बार फिर से कहा है कि अगर अंचल कार्यालय में बिचौलिये दिखें तो फौरन स्थानीय थाना या पीसीआर को सूचित करें। उन्होंने आम लोगों से जिला प्रशासन द्वारा जन शिकायत के लिए जारी किये गये व्हाट्सएप नंबर 9430328080 (अबुआ साथी) पर इसकी जानकारी देने की बात कही।

**रांची।** रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री के निर्देश पर रविवार को फिर से जिला के विभिन्न अंचलों में दाखिल-खारिज से संबंधित राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। पिछले 22 दिनों में ये तीसरा मौका है जब जिला के विभिन्न अंचलों में दाखिल-खारिज से संबंधित शिविर का आयोजन कर 10 डिसिमल तक के लंबित म्यूटेशन के मामलों का निष्पादन करते हुए आवेदकों को करेक्शन स्लिप (शुद्धि पत्र) निर्गत किया गया।

**नामकुम अंचल में आयोजित शिविर में पहुंचे रांची डीसी :** रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री द्वारा नामकुम अंचल में आवेदकों को शुद्धि पत्र प्रदान किया गया। जबकि अरगोड़ा, कांके, रातू एवं मांडर में वरीय पदाधिकारियों द्वारा आवेदकों को करेक्शन स्लिप दिया गया।

**अंचलों में म्युटेशन के कुल 990 मामलों का निष्पादन :** रविवार को पांच अंचलों में आयोजित दाखिल-खारिज शिविर में म्युटेशन के कुल 990 मामलों का निष्पादन किया गया, जबकि 1317 मामले अस्वीकृत किये गये। सबसे ज्यादा नामकुम अंचल में 701 आवेदन स्वीकृत किये गये, जबकि अरगोड़ा में 94, कांके में 54, रातू में 99 और मांडर में 42 आवेदन स्वीकृत किये गये। नामकुम अंचल में 959, कांके में 182, रातू में 151, मांडर में 25 और अरगोड़ा में 00 मामले रिजेक्ट किये गये।

**अस्वीकृत आवेदनों की वरीय पदाधिकारी करेंगे समीक्षा :** रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री द्वारा सभी संबंधित अंचल अधिकारियों को बिना ठोस कारण के दाखिल-खारिज के आवेदन को अस्वीकृत न करने का निर्देश पूर्व में ही दिया गया है। उन्होंने सभी अंचल में वरीय पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की है, जो कैंप में अस्वीकृत मामलों की समीक्षा करेंगे कि रिजेक्शन का कारण सही है या नहीं।

## महत्वपूर्ण खबरें

### आरक्षण बढ़ाने के प्रस्ताव को नौवीं अनुसूची में डालने की आवाज उठाये सरकार : राजेश गुप्ता




रांची (आजाद सिपाही)। ओबीसी सांसदों से राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा मांग करता है कि झारखंड सरकार के द्वारा भेजी गयी आरक्षण बढ़ाने का प्रस्ताव को नौवीं अनुसूची में डालने की आवाज को लोकसभा में बुलंद करें। उक्त बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने प्रेस वार्ता में कहीं उन्होंने कहा कि सितंबर में सांसदों और केंद्रीय मंत्रियों को ज्ञापन सौंप कर ओबीसी आरक्षण बढ़ कर नौवीं सूची में डालने की मांग की थी, परंतु इस विषय पर सांसद गंभीर नजर नहीं आये। उन्होंने इसकी आवाज केंद्रीय स्तर पर नहीं उठाया। पुनः राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा उन्हें स्मार पत्र देकर ओबीसी आरक्षण बढ़ कर नौवीं अनुसूची में डालने सहित अन्य मांगों को लेकर सांसदों का घेरा जायेगा। राज्य में ओबीसी आरक्षण बढ़ाने को लेकर राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने कई आंदोलन किया तत्पश्चात राज सरकार ने दो बार कैबिनेट में और विधानसभा से पारित कर राज्यपाल के माध्यम से केंद्र सरकार को नौवीं सूची में डालने के लिए भेजा है, परंतु उस पर केंद्र सरकार गंभीर नहीं है। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी आग्रह करता है कि ओबीसी के आरक्षण पर न्याय करे। प्रेस वार्ता में प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता,उपाध्यक्ष एसएन सिंह, महासचिव रामावतार कश्यप, सचिव रामलखन सह, पलामू प्रभारी अशोक सक्सेना शामिल थे।

### जेसीआइ रांची ने मच्छरदानी और भोजन का वितरण किया




रांची (आजाद सिपाही)। जेसीआइ रांची ने रविवार को तत्कुंडो कुंभा टोली, इटकी, मांडर के पास स्थित एक गांव में जरूरतमंद लोगों के बीच मच्छरदानी और भोजन का वितरण कर अपने कम्युनिटी प्रोजेक्ट प्रयास को सफलतापूर्वक पूरा किया। बढ़ते मच्छर और डेंगू की समस्या को देखते हुए जेसीआइ रांची ने गांव वालों की मदद की, बच्चों में टॉफी का वितरण और सभी को भोजन कराया। इस कार्यक्रम में गांव के बच्चों में लोक नृत्य प्रस्तुत कर सब का स्वागत किया, जो सभी के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव रहा। जेसीआइ रांची के अध्यक्ष जेसी प्रतीक जैन और उनकी टीम की इस सराहनीय पहल ने कार्यक्रम को सफल बनाया। इस अवसर पर जेसी दामोदर अग्रवाल, निखिल अग्रवाल, सौरभ टांटिया, शुभम साबू, केशव बजाज, साहित्य पवन, केतुल पटेल, विभोर चौधरी, विशेष वशिष्ठ एवं संस्था के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जेसी मोहित बागला और आयुष अग्रवाल ने कुशलता से किया।

### फार्मेसी काउंसिल का भवन बनाने की मांग



रांची (आजाद सिपाही)। रविवार को फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया, नयी दिल्ली के अध्यक्ष, डॉ मोंटू एम पटेल का स्वागत झारखंड स्टेट फार्मेसी काउंसिल, बरियातू, रांची के निबंधक-सह-सचिव द्वारा किया गया। डॉ मोंटू एम पटेल द्वारा झारखंड स्टेट फार्मेसी काउंसिल द्वारा फार्मासिष्टों की आकस्मिक मृत्यु होने पर एक लाख रुपये देने की योजना की तारीफ की गयी। उनके द्वारा कहा गया कि इस प्रकार की योजना फार्मासिष्टों के हित के लिए एक अच्छी पहल है, मैं झारखंड स्टेट फार्मेसी काउंसिल को इस योजना को लागू करने हेतु बधाई देता हूं। परिषद् के निबंधक-सह-सचिव, प्रशांत कुमार पांडेय द्वारा कांउसिल के अपने भवन हेतु मांग की गयी। इस मौके पर डिप्लोमा-इन-फार्मेसी परीक्षा समिति, झारखंड के अध्यक्ष जादुनाथ मार्डी, राजकीय फार्मेसी संस्थान की प्राचार्य डॉ आशा रानी, परिषद् के सदस्य धर्मेंद्र सिंह, स्वर्ण रेखा कॉलेज ऑफ फार्मेसी के निदेशक, पितांबरा कॉलेज ऑफ फार्मेसी के निदेशक, बिमला हरिहर कॉलेज ऑफ फार्मेसी के निदेशक, प्राचार्य, प्रशांत दुबे, रागनी कुमारी और अन्य लोग उपस्थित रहे।

### रेलवे ने प्रयाग के लिए 5 अनारक्षित ट्रेनें चलायीं टिकट बिक्री की निगरानी प्रति घंटा की गयी

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। शनिवार शाम को रेलवे ने नयी दिल्ली स्टेशन से प्रयाग के लिए 5 अनारक्षित ट्रेनें चलायीं। जिससे सप्ताहांत में बढ़ती भीड़ को संभालने में मदद मिली। रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सीआरबी और उत्तर रेलवे (एनआर), उत्तर मध्य रेलवे (एनसीआर) और उत्तर पूर्व रेलवे (एनइआर) के महाप्रबंधकों को भीड़ और टिकट बिक्री की निगरानी करने के निर्देश दिये। वास्तविक समय की निगरानी के आधार पर, उत्तर रेलवे ने विशेष ट्रेनें चलायीं। इसी तरह, उत्तर मध्य रेलवे और उत्तर पूर्व रेलवे ने प्रयागराज, झूसी और नैनी से भी विशेष ट्रेनें चलायीं। टिकट बिक्री और भीड़ की सतत निगरानी उच्च स्तर पर की जा रही है। शनिवार शाम के दौरान, प्रयागराज के लिए टिकटों की बिक्री सामान्य से अधिक रही। 18:00 से 19:00 बजे के बीच 2375 टिकट बिके, जिसके बाद ट्रेन संख्या 0470 ने 19:00 बजे प्रस्थान किया। 19:00 से 20:00 बजे के बीच 2950 टिकट बिके, जिसके बाद ट्रेन संख्या 04074 ने 20:00 बजे प्रस्थान किया। 20:00 से 21:00 बजे के बीच 3429 टिकट बिके, जिसके बाद ट्रेन संख्या 04080 ने 20:58 बजे प्रस्थान किया। 21:00 से 22:00 बजे के बीच 2662 टिकट बिके, जिसके बाद ट्रेन संख्या 04082 ने 21:58 बजे प्रस्थान किया। 22:00 से 23:00 बजे के बीच 1689 टिकट बिके, जिसके बाद ट्रेन संख्या 04084 ने 23:15 बजे प्रस्थान किया। प्रयाग में महाकुंभ 2025 के लिए बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों की यात्रा को देखते हुए ट्रेन सेवाओं में वृद्धि की गयी। भारतीय रेलवे महाकुंभ में आने वाले तीर्थयात्रियों के लिए सुविधाजनक यात्रा विकल्प उपलब्ध कराने का निरंतर प्रयास कर रहा है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



## 'मन की बात' का 119वां संस्करण

# आठ मार्च को मेरा सोशल मीडिया अकाउंट महिलाएं चलायेंगी: मोदी




आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस साल आठ मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर नारी शक्ति को समर्पित एक पहल करेंगे। यह बात खुद पीएम ने रविवार को अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' के 119वें संस्करण में कही। उन्होंने कहा, इस बार महिला दिवस पर मैं एक ऐसी पहल करने जा रहा हूं, जो हमारी नारी-शक्ति को समर्पित होगी। इस विशेष अवसर पर मैं अपने सोशल मीडिया अकाउंट, जैसे एक्स, इंस्टाग्राम को देश की कुछ प्रेरणादायक महिलाओं को एक दिन के लिए सौंपने जा रहा हूं। वे आठ मार्च को अपने कार्य और अनुभवों को देशवासियों के साथ साझा करेंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस हमारी नारी-शक्ति को नमन करने का एक विशेष अवसर होता है। हमारी संस्कृति में बेटियों का सम्मान सर्वोपरि रहा है।

**अंतरिक्ष में भारत की उपलब्धियों की चर्चा :** पीएम मोदी ने अंतरिक्ष में भारत की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए कहा कि पिछले महीने देश इसरो के 100वें रॉकेट की लांचिंग का साक्षी बना है। यह केवल एक नंबर नहीं है, बल्कि इससे अंतरिक्ष विज्ञान में नित नयी ऊंचाइयों को छूने के हमारे संकल्प का भी पता चलता है। उन्होंने कहा कि हमारी अंतरिक्ष यात्रा की शुरुआत बहुत ही सामान्य तरीके से हुई थी। इसमें कदम-कदम पर चुनौतियां थीं, लेकिन हमारे वैज्ञानिक विजय प्राप्त करते हुए आगे बढ़ते ही गये। समय के साथ अंतरिक्ष की इस उड़ान में हमारी सफलताओं की सूची काफी लंबी होती चली गयी।

**दुनिया ने भारत की प्रगति की खूब सराहना की :** पीएम मोदी ने कहा, हाल ही में मैं एआइ के एक बड़े सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए पेरिस गया था। वहां दुनिया ने इस क्षेत्र में भारत की प्रगति की खूब सराहना की। हमारे देश के लोग आज एआइ का उपयोग किस-किस तरह से कर रहे हैं, इसके उदाहरण भी हमें देखने को मिल रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा, आने वाले कुछ ही दिनों में हम राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाने जा रहे हैं। हमारे बच्चों और युवाओं की विज्ञान में दिलचस्पी और जुनून होना बहुत मायने रखता है। इसे लेकर मेरे पास एक विचार है, जिसमें आप 'एक दिन वैज्ञानिक के रूप में' रह सकते हैं, यानि आप अपना एक दिन एक वैज्ञानिक के रूप में बिता कर देखें। आप अपनी सुविधा के अनुसार, अपनी मर्जी के अनुसार, कोई भी दिन चुन सकते हैं।

## मोदी ने निकाली धीरेंद्र शास्त्री की पर्ची, शादी की बात कही

बागेश्वर धाम (आजाद सिपाही)। मध्य प्रदेश के दौरे पर आये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को बागेश्वर धाम में कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर का डिजिटल शिलान्यास किया। पीएम मोदी ने यहां बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की मां से भी मुलाकात की है। अपनी मुलाकात के दौरान पीएम मोदी ने हंसी-मजाक के लहजे में कहा, आपके मन की बात की पर्ची मेरे पास है। आप बेटे की शादी करवाना चाहती हैं। बाद में पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने भी पीएम मोदी से अपनी मां की मुलाकात का जिक्र किया। धीरेंद्र शास्त्री ने मंच से कहा, पीएम मोदी हमारी माताजी से कह रहे थे कि हम माताजी आपकी पर्ची खोल रहे। माताजी से बोले कि तुम्हारे मन में यह चल रहा है कि धीरेंद्र शास्त्री की शादी हो जाये।

### पीएम मोदी ने विपक्ष पर बोला हमला

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को महाकुंभ पर हाल ही में की गयी राजनीतिक टिप्पणियों को लेकर विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि गुलाम मानसिकता वाले लोग हिंदू धर्म पर हमला करते रहते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि नेताओं का एक वर्ग हिंदू धर्म का मजाक उड़ाता है और उसका उपहास करता है और विदेशी समर्थन से देश को कमजोर करने की कोशिश करता है।

# पर्यटन के लिए केंद्र और राज्य सरकार के बीच सामंजस्य जरूरी : गजेंद्र सिंह शेखावत

केंद्रीय पर्यटन मंत्री ने झारखंड के पर्यटन मंत्री और अधिकारियों के साथ की बैठक

संतोष कुमार



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत रविवार को पतरातू पहुंचे। जहां पर राज्य के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने पौधा देकर उनका स्वागत किया। केंद्रीय मंत्री यहां पहुंचकर झारखंड राज्य के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू, पर्यटन विभाग के डायरेक्टर अंजली यादव, पर्यटन सचिव मनोज कुमार, प्रबंधक निर्देशक प्रेम रंजन, उपनिदेशक राजीव कुमार सिंह, पर्यटन सचिव केंद्र ज्ञान भूषण, पर्यटन विभाग के संदीप कुमार सहित कई अधिकारियों के साथ रविवार को पर्यटन विहार में बैठक की। बैठक में केंद्रीय पर्यटन मंत्री ने झारखंड राज्य में पर्यटन के क्षेत्र में बढ़ावा देने को लेकर चर्चा की गयी।

उन्होंने कहा कि झारखंड में पर्यटन के क्षेत्र में विकसित करने को लेकर केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के बीच आपसी सामंजस्य स्थापित कर झारखंड राज्य के सभी जिले में पर्यटन क्षेत्र में विकसित किया जायेगा। इस मौके पर केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और राज्य के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू के साथ पर्यटन विभाग के कई अधिकारियों ने नौका विहार का भी आनंद उठाया। मौके पर चिराग पंचाल, प्रणव प्रकाश, मोइनुद्दीन खान, शहजाद परवेज भाजपा युवा मोर्चा कार्य समिति सदस्य कोडरमा जिला प्रभारी पंकज गुप्ता सहित कई लोग मौजूद थे।

### टूरिज्म क्षेत्र में अपार संभावनाएं

पर्यटक विभाग के अधिकारियों के साथ हुई बैठक के बाद पत्रकारों को बताया कि भारत की अर्थव्यवस्था बड़ी तेजी से बढ़ रही है। इसी लिहाज से टूरिज्म की संभावनाएं बढ़ रही हैं। देश में माध्यम वर्ग का विस्तार हो रहा है। इससे भी इस टूरिज्म उद्योग की संभावनाएं उज्ज्वल है। देश की अर्थव्यवस्था 2047 तक विकसित देश की श्रेणी में आ जायेगी तो वर्तमान में जो देश की अर्थव्यवस्था है। वह केवल टूरिज्म उद्योग में होगी। इसलिए केंद्र सरकार राज्यों को सहयोग कर टूरिज्म उद्योग को बढ़ावा देने की योजना में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि टूरिज्म में संगठित क्षेत्र के अलावा स्पिरिचुअल टूरिज्म पर भी बराबर ध्यान दिया जा रहा है।

## 27 से अनिश्चितकालीन धरना पर बैठेंगे सांसद मनीष जयसवाल

गोला। सोसो कलां गांव में बीते दिनों सरस्वती पूजा के विसर्जन जुलूस के दौरान दो समुदाय के बीच जुलूस को लेकर विवाद के बाद अभी तक आरोपियों कि गिरफ़्तारी नहीं हुई है। इस मामले पर रविवार को भाजपा नेताओं ने ग्रामीणों के साथ बैठक किया। तय समय में प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं होती है तो 27 फरवरी से आंदोलन करेंगे। इस क्रम में अनिश्चितकालीन धरना में सांसद मनीष जयसवाल ग्रामीणों के साथ बैठेंगे।

# वेस्ट बोकारो, कुजू, घाटो में चोरी की घटनाओं पर राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने जतायी चिंता

डीजीपी को पत्र लिख कर स्थिति पर काबू पाने को कहा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने रामगढ़ जिले के वेस्ट बोकारो, घाटो और कुजू थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में चोरी की बढ़ती घटनाओं पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने इस बाबत राज्य के डीजीपी अनुराग गुप्ता को एक पत्र भेज कर इन घटनाओं पर रोक लगाने को कहा है। सांसद ने पत्र में कहा है कि इन इलाकों में दिन-दहाड़े घरों में घुस कर चोरी की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। जब कोई परिवार किसी पारिवारिक समारोह, जैसे कि मुंडन, विवाह या अन्य कार्यक्रम के लिए घर छोड़कर जाता है, तो वापस आने पर उन्हें घर के ताले टूटे हुए मिलते हैं और सारे कीमती आभूषण और अन्य सामान गायब होते हैं। पत्र में कहा गया है कि हाल ही में ग्राम चैनपुर के संजय प्रसाद 19 फरवरी को कुंभ स्नान के लिए प्रयागराज गये थे और जब वे 21 फरवरी को वापस लौटे, तो उन्होंने अपने घर का सारा सामान गायब पाया। पिछले दो महीनों में इस क्षेत्र में 22 परिवारों के घरों में चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। सांसद ने कहा है कि ग्रामीणों के अनुसार पुलिस इन मामलों में निष्क्रिय बनी हुई है। स्थानीय ग्रामीणों ने स्थानीय पुलिसकर्मियों के नशा व्यापारियों से घनिष्ठ संबंध होने का आरोप लगाया है। सांसद ने कहा है कि वह खुद 21 फरवरी को चैनपुर गये थे, जहां ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिला।

बकौल सांसद, सबसे दुखद बात यह है कि अब तक एक भी चोर पकड़ा नहीं गया है, जिससे पुलिस प्रशासन के प्रति लोगों का विश्वास तेजी ये खत्म हो रहा है। क्षेत्र में किसी भी वरिष्ठ पुलिस अधिकारी का न पहुंचना रिथति को और गंभीर बना रहा है। पत्र में सांसद ने लिखा है कि चोरी की घटना पर शीघ्र रोक लगाने के लिए आवश्यक कदम उठायें, दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करें और ग्रामीणों में सुरक्षा की भावना को पुनः स्थापित करें।

## महत्वपूर्ण खबरें

### राजद ने की विपक्ष से सदन को शांतिपूर्वक चलने देने की अपील

रांची (आजाद सिपाही)। रांची के हरमू बाइपास रोड स्थित प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के कार्यालय में पार्टी के विधायक दल की बैठक रविवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता विधायक दल के नेता सुरेश पासवान ने की। बैठक में सुरेश पासवान ने कहा कि सोमवार से शुरू हो रहे विधानसभा के बजट सत्र में राष्ट्रीय जनता दल के सभी विधायक सत्र चलने तक सदन में उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी महागठबंधन के सरकार के सभी फैसलों के साथ है और राज्य सरकार की ओर से जनहित में लिये गये फैसलों पर सत्ता पक्ष विपक्ष को जबाब देने के लिए पूरी तरह से तैयार है। पासवान ने कहा कि विपक्ष के सदस्यों से अपील करते हुए कहा कि विपक्ष सदन को नियमानुसार शांतिपूर्ण तरीके से चलने देने में सहयोग करे। बैठक में विधायक दल के नेता सुरेश पासवान, विधायक संजय कुमार सिंह यादव, मंत्री संजय प्रसाद यादव और विधायक नरेश सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

### किडजी बसारगढ़ में वार्षिक उत्सव का आयोजन




रांची (आजाद सिपाही)। किडजी बसारगढ़ स्कूल में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने कई रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस अवसर पर बच्चों ने फैशन ड्रेस कंपटीशन और कई गानों पर सुंदर नृत्य की प्रस्तुति की। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए किडजी बसारगढ़ स्कूल की प्रिंसिपल सीमा लाल ने सभी को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर ब्रिजफोर्ड स्कूल की प्रिंसिपल सीमा चितलांगिया, तुपुदाना थाना प्रभारी और बीजेपी प्रवक्ता दीनदयाल प्रसाद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

### अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा की बैठक




रांची (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा, झारखंड द्वारा आयोजित बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुशवाहा राकेश महतो ने घोषणा की कि भारत की प्रथम शिक्षिका सावित्रीबाई फुले के परिनिर्वाण दिवस पर 23 मार्च 2025 को रांची में आम सभा का आयोजन किया जायेगा। इस आयोजन में दो हजार समाज सेवियों को आमंत्रित किया जायेगा और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जायेगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि 22 मार्च 2025 को अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा की कार्यसमिति की बैठक होगी और 23 मार्च 2025 को आम सभा की जायेगी। इस आम सभा के माध्यम से सरकार से मांग की जायेगी कि माता सावित्रीबाई फुले की जीवनी की पढ़ाई झारखंड के स्कूली शिक्षा के किताबों में शामिल किया जाये। इसके अलावा, राज्य सरकार से यह मांग की जायेगी कि राज्य में जल्द से जल्द जातीय जनगणना करायी जाये ताकि संविधान सम्मत सभी जातीय समाज को उचित समान अवसर एवं लाभ मिल सके। बैठक में संजय ओहदार, महेंद्र प्रसाद वर्मा, प्रवीण, अरविंद, जनार्दन, अजीत, राजेश खन्ना, प्रेम सागर, चूड़ामणि, बबलू, सुनील मेहता, रुद्रमा आर्य, कुमुद, मुखलाल, शिशिर, राजेंद्र, प्रयाग, अमरनाथ, सुमित, इंद्र नारायण, बजरंग, भरत, सुरेंद्र डांगी आदि उपस्थित थे।

# श्री राधा-कृष्ण सेवा धाम मंदिर में होली महोत्सव का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित पुंदाग में श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम में 195वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद का आयोजन किया गया है। श्री कृष्णा प्रणामी सेवा समिति रांची के सौजन्य से आज अन्नपूर्णा महाप्रसाद एवं होली महोत्सव भजन संकीर्तन का आयोजन किया गया। अन्नपूर्णा महाप्रसाद में वेजिटेबल खिचड़ी का विधिवत भोग पुजारी अरविंद पांडे द्वारा लगाया गया। इसके बाद मंदिर परिसर में उपस्थित 4 हजार से भी अधिक में श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी का वितरण किया गया। दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक फूलों की होली महोत्सव सह भजन संकीर्तन का भव्य आयोजन हुआ। भजन गायक मनीष सोनी एवं सज्जन पाड़िया, निर्मल जालान, उर्मिला पाडिया, सितादेवी शर्मा ने होली पर मनमोहक सुमधुर भजनों की अमृत गंगा का रसपान कराते हुए श्रोताओं को खूब झुमाया। फूलों की होली खेली गयी भक्तों ने आपस में फूलों की बौछार करते रहे। पूरा वातावरण को वृंदावन एवं कृष्णमय बना दिया। तत्पश्चात महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। सबों के लिए अल्पाहार की व्यवस्था की गयी। ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि संस्था द्वारा श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम श्री राधा कृष्ण मंदिर परिसर में अन्नपूर्णा महाप्रसाद, होली महोत्सव एवं भजन कीर्तन में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भगवान श्री राधा कृष्ण मंदिर में लगभग 8 हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किये। इस अवसर पर-ट्रस्ट के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, पूरणमल सर्राफ, विशाल जालान, सुरेश अग्रवाल, विजय अग्रवाल, सुरेश भगत, विष्णु सोनी, मनीष सोनी, पवन पोद्दार, प्रदीप पोद्दार, विमला जालान, विधा देवी अग्रवाल, शोभा जालान, उर्मिला पाड़िया, मीनू पाड़िया, सुनीता अग्रवाल, सुमन चौधरी, कविता गाड़ोदिया, शारदा पोद्दार, संतोष देवी अग्रवाल, नीलम अग्रवाल, उषा मोदी, किरण पोद्दार, मंगला मोदी, सत्यभामा खेतान, शारदा पोद्दार, आशा भुंजाल, नम्रता जालान, नीलम गोयल, सहित बड़ी संख्या में महिलाएं-पुरुष उपस्थित थे।

## 28 मार्च को रांची में नीलांबर-पीतांबर का शहादत दिवस मनेगा

रांची (आजाद सिपाही)। खरवार भोगता समाज विकास संघ रांची जिला समिति की बैठक रविवार को नीलांबर पीतांबर पार्क रांची में हुई। जिसकी अध्यक्षता रांची जिला अध्यक्ष अमृत भोगता एव संचालन सचिब हर्षनाथ भोगता ने किया। बैठक में 28 मार्च को रांची मोरहाबादी पार्क में वीर शहीद नीलांबर पीतांबर शाही भोगता का शहादत दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही इसकी तैयारी को लेकर रूपरेखा बनायी गयी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रांची जिला के सभी प्रखंड में बैठक करने एव प्रचार-प्रसार करने का भी निर्णय लिया गया है। बैठक में केंद्रीय संरक्षक यौधेश्वर सिंह भोगता, पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष दर्शन गंझू, देवनारायण गंझू, रामगढ़ जिला अध्यक्ष अजय गंझू, सुखदेव गंझू, परमेश्वर भोगता, संजय भोगता, अमरेश गंझू, रघुनंदन भोगता, देवानंद भोगता सहित कई लोग मौजूद थे।

# 24 मार्च को विधानसभा के समक्ष करेंगे उलगुलान : भुवनेश्वर मेहता

झारखंड राज्य विस्थापन संघर्ष मोर्चा और झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा का एक दिवसीय सेमिनार आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड राज्य विस्थापन संघर्ष मोर्चा और झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में रविवार को रांची के करम टोली स्थित प्रेस क्लब में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में राज्य सरकार से विस्थापन एवं पुनर्वास आयोग, झारखंड आंदोलनकारी कल्याण बोर्ड का गठन करने की मांग की गयी। लोगों ने संकल्प लिया कि विधानसभा घेराव कार्यक्रम में लगभग 50000 की संख्या में लोग परंपरागत अस्त्र-शस्त्र, झंडा बैनर के साथ शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मोर्चा के अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने प्रारूप प्रस्तुत करते हुए कहा कि राज्य में विस्थापितों की समस्या गंभीर मसला है। सरकार शीघ्र से शीघ्र विस्थापितों के हित में राज्य हित में निर्णय लेते हुए विस्थापन आयोग एवं पुनर्वास आयोग का गठन करें अन्यथा राज्य भर के विस्थापित आंदोलनकारी 24 मार्च को विधानसभा सत्र के दौरान घेराव प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि 24 मार्च की तैयारी को लेकर पर प्रत्येक प्रमंडल में सेमिनार का आयोजन किया जायेगा। साथ ही 15 मार्च से 22 मार्च तक पूरे राज्य में प्रचार प्रसार का कार्यक्रम सघन रूप से चलाया जायेगा। हजारीबाग एवं चतरा जिले से हजारों की संख्या में 21 मार्च को ही विस्थापित परिवार पैदल मार्च कर 23 मार्च को रांची पहुंचेंगे। रांची और उसके आसपास से भी बड़ी संख्या में विस्थापित परिवार के मजदूर किसान वर्ग के लोग पहुंचेंगे। झारखंड के अन्य जिलों से ट्रेन बस आंदोलनकारी पहुंचेंगे। कार्यक्रम का संचालन झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने किया। वहीं, जितेंद्र सिंह कुशवाहा ने धन्यवाद ज्ञापन किया।


### 23 अलग-अलग संगठनों के प्रतिनिधियों ने रखे अपने विचार

सेमिनार में मुख्य रूप से झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष विदेशी महतो, राजद नेता गौतम सागर राणा, मजदूर नेता लखन लाल मेहता, सोनू इराकी, चतरा के आंदोलनकारी महेश बांडो, गया नाथ पांडेय, हजारीबाग गोंदलपूरा के विनय कुमार मेहता, महिला नेत्री रेशमा परवीन, सविता सिंह, जौली उरांव खतियानी परिवार के मो. हकीम, एतवा उरांव, झारखंड राज्य विस्थापित संघर्ष मोर्चा के महासचिव डॉ वासवी किड़ो, शंभु कुमार अधिवक्ता, वरिष्ठ अधिवक्ता एके रशीदी, कोयलकारो जन संगठन के सहदेव बडाइक, बुतलु टाना भगत, पद्मश्री मधु मंसूरी हंसमुख, गणेश महतो, मुस्तकीम अंसारी, महेश साहू, रेलवे स्टेशन के विस्थापित दिवाकर साहू, एंथन लकड़ा, रामेश्वर साहू, अनवारुल हक, मस्जिद अंसारी, सुजीत घोष, हीरा गोप, सोहनलाल मेहता निजाम अंसारी मो. मजीद, मोहम्मद जहूर सहित 23 अलग-अलग संगठनों के प्रतिनिधियों ने विचार रखे।

## कोर्ट मैरिज के बाद हिंदू रीति-रिवाज से हुई शादी

# फिलीपींस की इरा बनी रांची के पीतांबर की दुल्हन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** कहते हैं कि अगर प्यार सच्चा हो तो कोई भी सरहदें मायने नहीं रखती। कुछ ऐसे ही रांची के युवक के साथ हुआ है। फिलीपींस की इरा फ्रांसिस्का बरनासोल और रांची के पीतांबर का प्यार आखिरकार मंजिल तक पहुंच ही गया। इरा और पीतांबर दोनों राजधानी रांची में शादी कर एक-दूजे के लिए हो गये। रांची में पहले हिंदू रीति रिवाज से दोनों की शादी हुई। इसके बाद दोनों ने कोर्ट मैरिज भी किया।

### कोर्ट में हुई इरा-पीतांबर की शादी

फिलीपींस की रहने वाली इरा फ्रांसिस्का बरनासोल रांची के पीतांबर की दुल्हन बन गयी हैं। शनिवार को रांची के हिनू स्थित रजिस्ट्री कार्यालय में दोनों ने कोर्ट मैरिज कर लिया। हिनू रजिस्टार बाल्मीकि साहू ने इरा और पीतांबर को शादी का सर्टिफिकेट दिया। हिनू रजिस्टार बाल्मीकि साहू ने बताया कि फिलीपींस की रहने वाली इरा और रांची के रहने वाले पीतांबर कुमार सिंह ने कोर्ट मैरिज के लिए आवेदन दिया था, जिसके बाद दोनों की शादी कानूनी तरीके से करवायी गयी।

### फिलीपींस में हुई मोहब्बत

रांची के धुर्वा निवासी पीतांबर कुमार सिंह दुबई में एक निजी कंपनी में काम करते हैं। वहीं, पीतांबर की मुलाकात फिलीपींस की रहने वाली इरा फ्रांसिस्का बरनासोल से हुई और दोनों के बीच प्यार हो गया। दोनों ने एक-दूसरे का साथ जीवन भर निभाने का मन बना लिया। लेकिन पीतांबर के परिवार वाले पहले इस शादी के लिए तैयार नहीं हुए।

### परिवार को मनाया फिर हिंदू रिवाज से हुई शादी

अपने प्यार को मंजिल तक पहुंचाने के लिए पीतांबर इरा को लेकर रांची पहुंच गये। जहां दोनों ने मिलकर परिवार वालों को शादी के लिए राजी कर लिया। घर वालों ने हिंदू रीति रिवाज से इरा और पीतांबर की धूमधाम से शादी करवायी। शादी के जोड़े में इरा एकदम भारतीय दुल्हन जैसी ही लग रही थी। दोनों अब बेहद खुश हैं, क्योंकि उनके प्यार को भारत में मंजिल मिल गयी।

# देश की राजनीति में महिलाओं का उदय

सितंबर 2023 में जब मोदी-2 सरकार ने संविधान में 128वां संशोधन कर नारीशक्ति वंदन अधिनियम बनवाया और इसे 2026 से लागू करने की बात कही, तब से ही विपक्ष इस सवाल के साथ भाजपा की आलोचना करता था कि किस भाजपा शासित राज्य में महिला मुख्यमंत्री है। खास कर मोदी सरकार की सबसे कटु आलोचक और देश में मौजूदा इकलौती मुख्यमंत्री ममता बनर्जी गाहे-बगाहे यह सवाल हर मंच से उठाती थीं। यह सवाल इसलिए भी बहुत भारी था, क्योंकि बीस राज्यों में एनडीए की सरकार थी, इनमें 15 में सीधे भाजपा के मुख्यमंत्री थे, मगर इनमें एक भी राज्य में महिला मुख्यमंत्री नहीं थी। (वैसे तब कुछ दिनों पहले तक भाजपा के साथ 16 राज्य थे, लेकिन एक राज्य मणिपुर में फिलहाल राष्ट्रपति शासन है) उस पर नारीशक्ति वंदन अधिनियम बना कर भी उसका लागू होना अगले परिसीमन तक टाल दिया गया था। क्योंकि यह परिसीमन जनगणना के बाद होना है और छह साल से लंबित जनगणना कब शुरू होगी, सरकार इसका भी स्पष्ट जवाब नहीं दे पा रही है। इस तरह नारीशक्ति वंदन अधिनियम से न तो अभी तक देश की महिलाओं को कोई लाभ हुआ है और न ही इससे भाजपा को। दिल्ली में मतदान से पहले आम आदमी पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने दावा किया था कि 60 प्रतिशत महिला मतदाता उन्हें वोट देती हैं। इतना ही नहीं, अधिकांश राजनीति विश्लेषक भी इस बात को मान रहे थे कि दिल्ली की महिला मतदाताओं पर केजरीवाल की अच्छी पकड़ है। इसकी वजह महिलाओं के लिए फ्री बस यात्रा और महिलाओं को सरकार से मिलने वाले सीधे लाभ थे। चुनाव से कुछ पहले दिल्ली को आतिशी के रूप में महिला मुख्यमंत्री देकर पार्टी को महिलाओं का खूब शुभचिंतक दिखाने का काम भी अरविंद केजरीवाल ने किया था। मगर 8 फरवरी को दिल्ली चुनाव के नतीजे आने के बाद 11 दिन की मैराथन कशमकश के बाद भाजपा हाईकमान ने रेखा गुप्ता के रूप में राज्य को महिला मुख्यमंत्री देकर विपक्ष की सभी आलोचनाओं का मुंह पूरी तरह बंद कर दिया है। रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाना उनकी भूमिका राज्य तक सीमित करना नहीं है, बल्कि उनके जरिए भाजपा देश भर में महिलाओं को प्रेरित करेगी। रेखा गुप्ता, जिन्होंने राजनीति की बाराहखड़ी छात्र जीवन में ही संघ के छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से सीखी, के जिम्मे अब देशभर की महिलाओं को पार्टी से जोडने का काम होगा। भाजपा ने अब तक देश को 5 महिला मुख्यमंत्री दिये हैं। इनमें सुषमा स्वराज, उमा भारती, वसुंधरा राजे, आनंदीबेन पटेल और रेखा गुप्ता का नाम है।

**8 फरवरी को दिल्ली चुनाव के नतीजे आने के बाद 11 दिन की मैराथन कशमकश के बाद भाजपा हाईकमान ने रेखा गुप्ता के रूप में राज्य को महिला मुख्यमंत्री देकर विपक्ष की सभी आलोचनाओं का मुंह पूरी तरह बंद कर दिया है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**बेशक पिछले साल लोकसभा चुनावों के साथ हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा पहली बार ओडिशा में सरकार बनाने में सफल रही थी। आंध्र प्रदेश में तेलुगु देशम पार्टी की सत्ता में वापसी में भी वह गठबंधन- भागीदार थी, लेकिन उसके विजय रथ को रफ्तार मिली हरियाणा और महाराष्ट्र की चुनावी जीत से, जिसे अब दिल्ली में 27 साल बाद सत्ता में वापसी से और भी पंख लग गये। बेशक 2 दर्जन विपक्षी दलों द्वारा इंडिया गठबंधन बनाने तथा संविधान और आरक्षण को खतरे जैसे मुद्दे उठाने से 18वीं लोकसभा का चुनाव भाजपा के लिए कठिन साबित हुआ, लेकिन उसके बाद वह तेजी से चुनावी रणनीति और समीकरण बदलने में सफल रही है।**

# फिर दौड़ने लगा भाजपा का विजय रथ

**राज कुमार सिंह**



**विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा क्रमशः 3 और 8 सीटों पर सिमट गयी, तो देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस खाता भी नहीं खोल पायी। शराब घोटाले और शीश महल के आरोपों से घिरे अरविंद केजरीवाल के विरुद्ध भाजपा ने जहां बेहद आक्रामक अभियान चलाया, वहीं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने सघन जन संपर्क के जरिए बड़ी भूमिका निभायी।**

पिछले साल लोकसभा चुनाव में 303 से 240 सीटों पर सिमट जाने के झटके से भाजपा 8 महीने में पूरी तरह उबर गयी है। 4 जून, 2024 को आये लोकसभा चुनाव परिणाम भाजपा के विजय रथ की राह में बड़े स्पीड ब्रेकर की तरह थे। 2014 में उसने 282 सीटों के साथ, 3 दशक बाद किसी एक दल को, स्पष्ट बहुमत का कमाल किया था, तो 2019 में अपनी सीटें बढ़ा कर 303 तक ले गयी थी। इसलिए अबकी बार, 400 पार के नारे के बीच पिछले साल लोकसभा चुनाव में अपने दम पर बहुमत से भी वंचित हो जाना बड़ा झटका था, पर तीसरी बार, तेलुगु देशम पार्टी और जद-यू जैसे सहयोगियों के समर्थन से, सरकार बनाने के बाद भाजपा अपने विजय रथ को फिर से पुरानी रफ्तार देने में सफल नजर आती है।

बेशक पिछले साल लोकसभा चुनावों के साथ हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा पहली बार ओडिशा में सरकार बनाने में सफल रही थी। आंध्र प्रदेश में तेलुगु देशम पार्टी की सत्ता में वापसी में भी वह गठबंधन- भागीदार थी, लेकिन उसके विजय रथ को रफ्तार मिली हरियाणा और महाराष्ट्र की चुनावी जीत से, जिसे अब दिल्ली में 27 साल बाद सत्ता में वापसी से और भी पंख लग गये। बेशक 2 दर्जन विपक्षी दलों द्वारा इंडिया गठबंधन बनाने तथा संविधान और आरक्षण को खतरे जैसे मुद्दे उठाने से 18वीं लोकसभा का चुनाव भाजपा के लिए कठिन साबित हुआ, लेकिन उसके बाद वह तेजी से चुनावी रणनीति और समीकरण बदलने में सफल रही है। लोकसभा चुनाव तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम और चेहरा ही भाजपा का सबसे बड़ा चुनावी ट्रंप कार्ड रहा।

**लोकसभा चुनाव तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम और चेहरा ही भाजपा का सबसे बड़ा चुनावी ट्रंप कार्ड रहा।**

लोकसभा चुनाव के बीच ही भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एक इंटरव्यू में यहां तक कह दिया कि शुरुआत में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की मदद पर निर्भर रही पार्टी अब समर्थ हो गयी है, लेकिन उसके बाद उसकी चुनावी रणनीति में बड़ा परिवर्तन नजर आता है।

बेशक मोदी की लोकप्रियता अभी भी भाजपा का सबसे बड़ा सकारात्मक पक्ष है, लेकिन अब वह बहुआयामी चुनावी रणनीति के तहत चुनावी जंग में उतरती है। लोकसभा चुनाव में भाजपा को लगे झटके के 3 प्रमुख कारण माने गये। एक, नड्डा की टिप्पणी से संघ की नाराजगी। दो, राज्य नेतृत्व की चुनाव में नगण्य भूमिका। तीन, विपक्षी गठबंधन इंडिया द्वारा उठाये गये संविधान और आरक्षण को खतरे के मुद्दे। इसलिए भाजपा ने संघ से समन्वय और बेहतर संबंध बनाते हुए विधानसभा चुनावों में प्रदेश नेतृत्व को भी चुनावी मोर्चे पर आगे रखा। साथ ही वर्ष 2023 के अंत में खास कर मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में गेम चेंजर साबित हुई लाड़ली बहना योजना से प्रेरित हो कर मुफ्त रेवड़ी राजनीति को भी चुनावी रणनीति का खास अंग बनाया। बेशक भाजपा की हालिया चुनावी सफलताओं में इंडिया में बढ़ता असंतोष तथा संविधान और आरक्षण के मुद्दों कांग्रेस से इतर दलों की आक्रामकता में कमी भी मददगार रही है, लेकिन मोदी की भाजपा ने फिर से चुनाव जिताऊ मंत्र खोज लिया लगता है।

बेशक दिल्ली में तो भाजपा लगातार तीसरी बार सभी 7 लोकसभा सीटें जीतने में सफल रही थी, लेकिन हरियाणा और महाराष्ट्र में, सत्तारूढ़ होने के बावजूद, उसे जबरदस्त झटका लगा था। उसके बाद ही भाजपा ने राज्यों के चुनावों में स्थानीय नेतृत्व और मुद्दों पर ज्यादा फोकस करना शुरू किया। महाराष्ट्र तो इस मामले में मिसाल है, जहां क्षेत्रवार चुनावी रणनीति बनायी गयी। बेशक हरियाणा में भी भाजपा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में सफल रही, लेकिन महाराष्ट्र में उसने इतिहास ही रच दिया।

मध्य प्रदेश की तर्ज पर लाड़ली बहना योजना समेत रिकॉर्ड संख्या में लोक लुभावन योजनाएं घोषित की गयीं तो महायुति के मित्र दलों की जीत की भी बिसात बिछायी गयी। हरियाणा और महाराष्ट्र में शानदार जीत के बावजूद देश की राजधानी दिल्ली में भाजपा की राह आसान नहीं थी। आखिर लोकसभा चुनाव में सातों सीटें जिताने के बावजूद दिल्ली के मतदाता उसे राज्य की सत्ता के पास भी नहीं फटकने दे रहे थे और आप उनकी पहली पसंद बनी हुई थी।

दरअसल दिल्ली में आप ने एकछत्र राज-सा कायम कर लिया था। 2013 के विधानसभा चुनाव में तो 28 सीटें जीती आप को 8 सीटों वाली कांग्रेस के समर्थन से सरकार बनानी पड़ी, लेकिन 2015 और 2020 में उसने क्रमशः 67 और 62 सीटें जीत कर देश और दुनिया को चौंका दिया। विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा क्रमशः 3 और 8 सीटों पर सिमट गयी, तो देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस खाता भी नहीं खोल पायी। शराब घोटाले और शीश महल के आरोपों से घिरे अरविंद केजरीवाल के विरुद्ध भाजपा ने जहां बेहद आक्रामक अभियान चलाया, वहीं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने सघन जन संपर्क के जरिए बड़ी भूमिका निभायी। आप के संयोजक केजरीवाल को चुनावी रणनीति में बेहद चतुर माना जाता रहा है, लेकिन उन्हें भी उनके गढ़ में ही करारी मात देकर भाजपा ने विपक्षी गठबंधन इंडिया के लिए चुनावी खतरे की घंटी बजा दी है।

पंजाब की परिस्थितियां पूरी तरह अलग हैं, लेकिन दिल्ली की सत्ता गंवाने के बाद आप के लिए दिल्ली नगर निगम में भी अपनी सत्ता बचा पाना आसान नहीं होगा। जाहिर है, फिर से रफ्तार पकड़ चुके भाजपा के विजय रथ से मुकाबला अंतर्कलह से ग्रस्त विपक्ष के लिए बेहद चुनौतीपूर्ण होगा।

## कोल्हान की खबरें

### शहीद सम्मान यात्रा की तैयारी को लेकर बैठक

# शहीद सम्मान यात्रा राष्ट्र प्रेम और एकता की प्रतीक : अमरप्रीत सिंह



**23 मार्च की तिरंगा यात्रा को ऐतिहासिक बनाने के लिए पूरे शहर की भागीदारी आवश्यक है : राकेश्वर पांडेय**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** आगामी 23 मार्च को महान क्रांतिकारी भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के शहादत दिवस पर नमन परिवार द्वारा आयोजित दसवीं शहीद सम्मान यात्रा सह अखंड तिरंगा यात्रा को भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण तैयारी बैठक का आयोजन किया गया। रविवार को बैठक की अध्यक्षता नमन के संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले ने की। इस मौके पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े प्रमुख व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। बैठक में मुख्य वक्ता नमन के संरक्षक एवं वरिष्ठ यूनियन नेता राकेश्वर पांडे ने कहा कि यह यात्रा स्वतंत्रता संग्राम के महानायकों के संघर्ष को उजागर करने के साथ-साथ हर नागरिक में राष्ट्र प्रेम और एकता की भावना को प्रबल करने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने शहरवासियों से आह्वान किया वे इस यात्रा में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें और इसे ऐतिहासिक बनाये। नमन के संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले ने बताया यह यात्रा भारत की अखंडता और एकता को बनाए रखने के लिए प्रारंभ की गई थी। बीते 2016 में जेएनयू में ₹भारत तेरे टुकड़े होंगे₹ जैसे नारे लगे थे। तब उसके खिलाफ नमन परिवार ने हजारों राष्ट्रभक्तों के साथ ₹भारत माता की जय₹ और ₹वंदे मातरम₹ के उद्घोष के साथ तिरंगा यात्रा की शुरूआत की थी। इसका उद्देश्य राष्ट्रवाद,भारतीयता व राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान को प्रोत्साहित करना था। संस्था के संरक्षक बृजभूषण सिंह ने कहा बीते दस वर्षों से यह यात्रा शहर के गौरव का प्रतीक बन गई है ।जिससे नौजवानों में देशभक्ति की अलख जागती है। देश के उन वीरों को याद करने और श्रद्धांजलि अर्पित करने का एक अवसर मिलता है। जिन्होंने देश की आजादी में अपना सर्वोच्च बलिदान दिया ।बैठक में नमन के संरक्षक वरुण कुमार, यूनियन नेता परविंदर सिंह, कवि एवं साहित्यकार गुरमीत सिंह काके, जिला परिषद सदस्य कुसुम पूर्ति, पूर्व सैनिक एवं साहित्यकार बलविंदर सिंह, उत्तर प्रदेश संघ के रामकेवल मिश्रा, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के महामंत्री जितेंद्र सिंह, जंबू अखाड़ा के अध्यक्ष बंटी सिंह, रामलीला समिति के मनोज मिश्रा, युवा समाजसेवी पप्पू राव सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने अपने विचार व्यक्त की। बैठक का संचालन जूगुन पांडे व धन्यवाद ज्ञापन महेश मिश्रा ने की। यात्रा एग्रिको मैदान से यात्रा 13 मार्च को सुबह 10 बजे प्रारंभ होकर भालूबासा, कुम्हारपाड़ा, रामलीला मैदान, मेडिकल लाइन, बड़ा गोलचक्कर, बसंत सिनेमा, नौ नंबर स्टैंड, मनोकामना मंदिर, साकची गुरुद्वारा, कालीमाटी रोड, हावड़ा ब्रिज, पुलिस लाइन, गोलमुरी चौक होते हुए पुनः एग्रिको मैदान में दोपहर 12 बजे समापन होगी ।यात्रा की अगुवाई माँ भारती का रथ करेगी। यात्रा में देशभक्ति से संबंधित झांकियां आकर्षण का केंद्र होंगी। हर चौक-चौराहे पर विभिन्न सामाजिक,धार्मिक संस्थाओं द्वारा अभिनंदन एवं स्वागत द्वार बनाए जाएंगे ।यह यात्रा देशभक्ति का अनूठा संगम होगी ।सभी धर्म, वर्ग, समाज व राजनीतिक दलों की भागीदारी रहेगी ।देशभर में इस भव्य यात्रा की चर्चा होती है ।नमन परिवार समस्त नागरिकों से इस ऐतिहासिक यात्रा में अधिक से

# महिलाओं की तरह बुजुर्गों को भी 2500 रुपये प्रतिमाह पेंशन दें : चंपाई सोरेन



**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** सरायकेला खरसावां जिले के भाजपा आदित्यपुर मंडल द्वारा वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। रविवार को वनभोज सह मिलन समारोह में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं स्थानीय विधायक चंपाई सोरेन शामिल हुए। कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री के प्रमुख सहयोगी व पूर्व मीडिया प्रभारी चंचल गोस्वामी ने हिंदी व भोजपुरी गीतों के साथ होली के पारंपरिक गीत प्रस्तुत किये, जिससे पूरा माहौल संगीतमय बन गया। मीडिया से बातचीत के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने झारखंड विधानसभा के बजट सत्र को लेकर कहा प्राथमिकता सरकार की बजट पर रहेगी। इसके आधार पर आगे की रणनीति तय की जायेगी। चंपाई सोरेन ने मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना के क्रियान्वयन को लेकर सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा सरकार महिलाओं को योजना का लाभ तीन-तीन महीने बाद दे रही है, जो सरासर अन्याय है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने इस ओर ध्यान नहीं दिया तो इसे लेकर कड़ा रुख अपनाया जायेगा। उन्होंने बुजुर्गों की पेंशन योजना का मुद्दा उठाते हुए सरकार पर निशाना साधा, कहा कि महिलाओं की तरह बुजुर्गों को भी 2500 प्रतिमाह पेंशन दी जानी चाहिए। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा यदि किसी को चार दिन तक भूखा रखा जाये, तो वह जीवित नहीं रह सकता, इसलिए सरकार को बुजुर्गों की पेंशन पर अविलंब निर्णय लेना चाहिए।

# पूर्वी सिंहभूम जिले में राष्ट्रीय जनता दल ने चलाया सदस्यता अभियान



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्वी सिंहभूम जिले के चाकुलिया, दालभुमगढ़, घोड़ाबांधा, और डुमरिया प्रखंडों में राष्ट्रीय जनता दल के पूर्व प्रदेश महासचिव नसीम अंसारी के नेतृत में सदस्यता अभियान चलाया गया। मौके पर नसीम अंसारी ने बताया प्रदेश नेतृत्व, जिला सदस्यता प्रभारी सह प्रदेश अध्यक्ष बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ जनार्दन कुमार व जिला सदस्यता प्रभारी सह प्रदेश महासचिव वीरेंद्र यादव के निर्देश पर ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने के उद्देश्य से अभियान चलाया गया ।रविवार को दौरे में सैकड़ों लोगों ने राजद की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने कहा यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। ताकि राजद के विचारों को हर प्रखंड और पंचायत तक पहुंचाया जा सके। अभियान में जिला महासचिव सलीम जावेद, प्रदेश महासचिव कमलदेव सिंह,प्रदेश सचिव योगेंद्र यादव का सहयोग लेकर समन्वय स्थापित कर अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान जगबंधु महतो, चंद्र मोहन महतो, चंद्राय मुर्मू, उदय हांसदा, साहब राम सोरेन, परीक्षित सीट, सुधीर मुर्मू, सुखलाल माहली, अमित महतो, तपन कुमार महतो, रविंद्र नाथ नायक, मोहन मुर्मू, रावण बास्के, धनरती हांसदा, प्रहलाद महतो, दुर्गा सोनी, सरोज बात्रा ने पार्टी का सदस्सता ग्रहण की ।अभियान के दौरान पूर्व प्रदेश युवा महासचिव तनवीर अहमद, जिला प्रधान महासचिव सुशांतो मलिक, करण मुर्मू, बबलू पातर व जावेद अख्तर ने अहम भूमिका निभायीं।

### पोटका विधायक संजीव सरदार ने डीसी से मुलाकात की

# पेयजल संकट और भूमि अधिग्रहण मुआवजे पर त्वरित कार्रवाई की मांग

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** पोटका विधायक संजीव सरदार ने पूर्वी सिंहभूम के डीसी अनन्य मित्तल से आवासीय कार्यालय में मुलाकात की। रविवार को मुलाकात के दौरान उन्होंने जमशेदपुर, पोटका एवं डुमरिया प्रखंडों में गर्मी के मौसम में उत्पन्न होने वाले पेयजल संकट व रैयतदारों को भूमि अधिग्रहण मुआवजा न मिलने की समस्याओं पर चर्चा की।

**पेयजल संकट पर त्वरित कार्रवाई की मांग :** विधायक श्री सरदार ने बताया कि जमशेदपुर प्रखंड के पश्चिम किताडीह, उत्तरी किताडीह, पूर्वी किताडीह, पश्चिमी बागबेड़ा, दक्षिणी बागबेड़ा, उत्तर-पूर्व बागबेड़ा, मध्य बागबेड़ा, पूर्वी बागबेड़ा, बागबेड़ा कॉलोनी, दक्षिणी करनडीह, उत्तरी करनडीह, उत्तरी घाघीडीह, पूर्वी घाघीडीह, पश्चिम घाघीडीह, मध्य घाघीडीह, पुडीहासा, ब्यांगबिल और केरुवाडूंगरी पंचायतों में गर्मी के महीनों में पेयजल संकट गहरा जाती है। उन्होंने जिला प्रशासन से कम से कम 10 और टैंकरों की व्यवस्था करने का अनुरोध किया। डीजी ने तत्काल अतिरिक्त टैंकरों की व्यवस्था कर इन पंचायतों में नियमित जल आपूर्ति सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया।

**भूमि अधिग्रहण मुआवजे में देरी पर चिंता :** विधायक श्री सरदार ने पथ निर्माण विभाग द्वारा पोटका और डुमरिया प्रखंड में सड़क निर्माण के लिए अधिग्रहित भूमि के मुआवजे मिलने में हो रही देरी पर भी चिंता व्यक्त की। ग्रामीणों में इसके लिए रोष है। अंचलाधिकारी पोटका द्वारा जमीन का सत्यापन कर रिपोर्ट जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को भेजी जा चुकी है ।लेकिन भुगतान लंबित है। डीसी ने भू-अर्जन पदाधिकारी को त्वरित कार्रवाई कर मुआवजे की प्रक्रिया शीघ्र शुरू करने का निर्देश दिया।

# संत गाडगे बाबा की 149वीं जयंती मनायी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** रजक समाज जमशेदपुर के केंद्रीय अध्यक्ष अजय रजक के नेतृत में टाटा स्टील फाउंडेशन के सहयोग से महाराष्ट्र के महान संत व स्वच्छता के प्रतीक संत गाडगे बाबा की 149वीं जयंती कदमा कुड़ी मोहंती सभागार में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। रविवार को आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन काके के विधायक सुरेश बैठा ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर महिला शाखा की सदस्याओं ने संत गाडगे बाबा और डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जीवनी पर आधारित नाट्य प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में समाज के लोगों ने गाडगे बाबा के संदेश को आत्मसात करते हुए स्वच्छता को बढ़ावा देने, महाजनी प्रथा से बचने और शिक्षा को घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प लिया।



**जाति प्रमाण पत्र पर समाधान की मांग :** झारखंड सरकार में मंत्री दीपिका सिंह पांडेय द्वारा जाति प्रमाण पत्र बनाने में हो रही कठिनाइयों को दूर करने का प्रयासों के लिए संपूर्ण रजक समाज के सदस्यों ने आभार व्यक्त की। विधायक सुरेश बैठा ने आश्वासन दिया वह मंत्री दीपिका पांडेय से मिल कर यह मांग उठायेंगे, ताकि 1950 से निर्वासित होने के कागजी प्रमाण न होने पर स्थानीय जांच के आधार पर जाति प्रमाण पत्र जारी करने की व्यवस्था की जा सके। कार्यक्रम का सफल संचालन बिमल रजक ने किया। मौके पर टाटा स्टील फाउंडेशन के अभिषेक मुखी, तरुण कुमार, राजेश कुमार, अशोक चौधरी, रामलाल, शिव रजक, बिमल रजक, उमाशंकर रजक, मुकेश रजक, धनंजय लाल, नवीन रजक, महिला शाखा से अनुराधा चौधरी, राखी रजक, रीना देवी, टीनू देवी, सीता देवी, लक्ष्मी देवी, धानो देवी उपस्थित रहीं।

# मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप कब्र से निकाला गया महिला का शव

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा थाना क्षेत्र के संग्रहे खुर्द गांव निवासी शाहनवाज अंसारी की पत्नी शबनम खातून की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गयी। परिजनों ने उसे गांव के कब्रिस्तान में दफना दिया था, लेकिन मायके पक्ष के आरोपों के बाद पुलिस हरकत में आइ और पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर शव को कब्र से निकलकर को गढ़वा सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया। शबनम के मायके वालों का आरोप है कि उसकी हत्या दहेज के लिए की गयी है। पलामू जिले के पांडू थाना क्षेत्र के नेवरी गांव निवासी इकबाल अंसारी और मेहरून खातून की पुत्री शबनम की शादी 24 मार्च 2024 को शाहनवाज अंसारी से हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल वाले पांच लाख दहेज की मांग कर रहे थे। नहीं मिलने पर उसे प्रताड़ित कर रहे थे। मृतिका के मायके वालों ने बताया कि उसकी हत्या दहेज के लिए की गयी है। मृतिका शबनम ने हाल ही में एक बेटी को जन्म दिया था। इसके बाद से उसे और ज्यादा प्रताड़ित किया जाने लगा। मायके वालों के अनुसार 19 फरवरी 2025 को शबनम की मौत संदिग्ध स्थिति में हो गयी। ससुराल पक्ष ने दावा किया की इसकी मौत सांप काटने से हुई थी। मृतिका के परिजनों ने आरोप लगाते हुए कहा कि जब मायके वाले मृतिका के ससुराल पहुंचे तो जल्दबाजी में शव को दफना दिया गया। मायके वालों ने शबनम के शरीर पर चोट के निशान होने का दावा करते हुए गढ़वा थाने में उसके पति, ससुर, सास और अन्य पर हत्या और साक्ष्य छुपाने का आरोप लगाते हुए प्रथिकी दर्ज कराई। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर शव को कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम कराया जिसकी रिपोर्ट से मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

# नाली निर्माण को लेकर अनियमितता पर ग्रामीणों में आक्रोश

आजाद सिपाही संवाददाता



**भंडरिया।** प्रखंड के मदगडी पचांयत मेमदगडी पंचायत के मुखिया प्रेमनी देवी और पंचायत सेवक परमा राम के द्वारा पंद्रहवी बीत योजना से मदगडी गांव में एक नाली निर्माण का कार्य चल रहा है, इस नाली निर्माण मे पांच इंची ईंटा जोड़ाई किया जा रहा है। जिसमे घोर अनियमित बरती जा रही है। मदगडी गांव के ग्रामीण बिनोद कुशवाहा सिकंदर कुशवाहा कृष्णा महतो रबिंद्र कुशवाहा भगीरती महतो कमलेश सिंह सत्यनरायण सिंह सत्येंदर इरसाद आलम ये ग्रामीण ने बताया की अधिकास योजना भेंडर के नाम से मुखिया और पंचायत सेवक के द्वारा यग्रीमेंट किया जाता है। गांव कहना है की यह कार्य योजना मे अध्यक्ष सचिव के द्वारा सूचना पट नहीं लगाया गया है, सूचना पट में अध्यक्ष और सचिव का नाम होता है। साथ ही प्राक्कलन राशि भी दशार्या जाता है, लेकिन इस योजना मे सिर्फ और सिर्फ मुखिया और पंचायत सेवक के द्वारा पैसा का लूट मचा हुआ है। इधर मुखिया प्रति निधि राजू नायक से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि यह नाली निर्माण एक लाख नीनानबे हजार रुपय का योजना चल रहा है। अध्यक्ष सचिव को जेइ से पूछ कर काम लगाना चाहिए था, जब तक 10 इंची का जोड़े नहीं करेगा पैसा नहीं देंगे। इधर पंचायत सेवक पामाराम से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि यह तो टेक्निकल का मामला है। जेइ के द्वारा मपी पुस्तिका के बाद ही हमको पेमेंट करना लेआउट करना जेइ काम है साथ ही जेइ ने बताया की अध्यक्ष और सचिव के द्वारा जानकारी नहीं देने के कारण उस अस्थल का नापी और लेआउट नहीं हुआ है। अध्यक्ष सचिव के द्वारा अपने मन से साइट पर खुदाई का काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उसे नाली निर्माण में तीन फिट गढ़ा करने के बाद उस गाढ़ा में छौ इंची पिसीसी करने के बाद 10-10 इंची का दोनों तरफ से जोड़ाई कर के प्लास्टर करना है, लेकिन अध्यक्ष सचिव के द्वारा उस कार्य स्थल पर अपने मन से कार्य किया जा रहा हो उन्होंने यह भी कहा कि जब तक 10 इंची का दिवाला नहीं जोड़ते हैं तब तक हम मापी पुस्तिका पर स्वीकृति नहीं देंगे।

# रैदास महाराज का प्रतिमा अनावरण सह जयंती समारोह का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**डंडई।** प्रखंड करके गांव में जागृति युवा विकास मंच व रैदास समाज विकास मंच के संयुक्त तत्वधान में अंबेडकर चौक के समीप संत शिरोमणी रैदास जी महाराज का भव्य प्रतिमा अनावरण सह जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इसके पूर्व मंच के नेतृत्व में भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी। शोभा यात्रा करके गांव के विभिन्न टोला व मोहल्ला में भ्रमण कराया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झामुमो के केंद्रीय कार्य समिति सदस्य ताहिर अंसारी, मुखिया विंदा देवी, बीडीसी मनीष चौधरी, पूर्व मुखिया सह समाजसेवी कंहैया प्रजापति सहित अन्य लोगों के द्वारा संत गुरु रैदास का प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर अनावरण किया गया। जयंती कार्यक्रम को संबोधित करते हुए झामुमो नेता ताहिर अंसारी ने कहा कि संत गुरु रैदास ने हमेशा समाज में फैले असमानता को दूर करने का प्रयास किया। आज भी उनकी शिक्षा हमें प्रेरणा देती है कि हम सबको एक साथ मिलकर समाज और राष्ट्र की प्रगति के लिए कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमलोगों ने चुनाव के समय जो जो वादा किया है उसका हर हाल में पूरा करेंगे। पूर्व मुखिया सह समाजसेवी कन्हैया प्रजापति ने कहा कि आज हम लोग वैसे संत का जयंती मना रहे हैं जिन्होंने समाज को एक सूत्र में बंधने का प्रयास किया। कार्यक्रम का संबोधन झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजेश मेहता, बीडीसी मनीष चौधरी,रमना मुखिया रामचंद्र राम, रामप्रसाद राम, रणधीर सिंह, शोभनाथ चौधरी, सूर्यदेव चौधरी, नवी शेख सहित अन्य लोगों ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया विंदा देवी व संचालन उपेंद्र कुमार ने किया। इस मौके पर गढ़वा पूर्व प्रमुख तेतरी देवी, मनोज प्रजापति, रामाधार राम, मंदिस राम, अरविंद कुमार, विनोद कुमार, मंच के अध्यक्ष कमलेश कुमार, सचिव जितेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष जितेंद्र कुमार रवि, सदस्य उत्तम कुमार, रामरक्षा राम, राजू रंजन सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# फ्लाइंग विंग्स प्ले स्कूल का भव्य शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता



**श्री बंशीधर नगर।** श्री बंशीधर नगर शहर में बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा को नयी दिशा देने के उद्देश्य से जंगीपुर मोड स्थित 'फ्लाइंग विंग्स' पब्लिक स्कूल का भव्य शुभारंभ किया गया। यह स्कूल प्ले ग्रुप से कक्षा 5 तक की शिक्षा प्रदान करेगा। जहां आधुनिक सुविधाओं और नवाचारपूर्ण शिक्षण पद्धतियों के माध्यम से बच्चों को श्रेष्ठ शिक्षा दी जायेगी। यह स्कूल नंहे बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आधुनिक शिक्षा पद्धतियों और नवीनतम तकनीकों से सुसज्जित है। स्कूल का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रसिद्ध चिकित्सक सह विद्यालय के संस्थापक डॉ सिद्धनाथ प्रसाद, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी विजय सिंह, डॉ सिद्धेश्वर लाल अग्रवाल, शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष कमलेश्वर पांडेय, रामानंद पांडेय, स्कूल के निर्देशक प्रमोद कुमार ने संयुक्त से फीता काटकर किया गया। **बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान**

विद्यालय के संस्थापक डॉ सिद्धनाथ प्रसाद ने कहा कि उनका उद्देश्य बच्चों को केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित नहीं रखना, बल्कि उन्हें व्यावहारिक और नवीन शिक्षा प्रणाली से जोड़ना है। विद्यालय की प्रिंसिपल श्वेता प्रकाश ने कहा कि फ्लाइंग विंग्स स्कूल नवाचार और मनोरंजक शिक्षा का केंद्र होगा। यहां बच्चों के मानसिक,शारीरिक और रचनात्मक विकास पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। यहां खेल-खेल में सीखने की प्रक्रिया को अपनाया गया है, जिससे बच्चे सहजता से ज्ञान अर्जित कर सकें। स्मार्ट क्लासरूम, क्रिएटिव एक्टिविटीज, म्यूजिक एंड मूवमेंट, आर्ट एंड क्राफ्ट, स्पोर्ट्स एक्टिविटीज और इंटरएक्टिव लर्निंग जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं बच्चों को शिक्षा के प्रति उपलब्ध कराई गयी हैं। मौके पर प्रणव प्रकाश, सितेंद्र चौबे, लाल चौबे, वकील चौबे, शिवनारायण चौबे सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# धर्म रक्षा वाहिनी जिला पदाधिकारियों की बैठक गढ़वा गौशाला परिसर में संपन्न



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** रविवार को धर्म रक्षा वाहिनी जिला गढ़वा के पदाधिकारियों की बैठक श्री कृष्ण गौशाला परिसर, गढ़वा में संपन्न हुई। जिसमें गौशाला समिति, गढ़वा की रैयती भूमि पर निरंतर नगर परिषद गढ़वा द्वारा पुलिस बल का प्रयोग कर जबरन विभिन्न प्रकार के किये जा रहे निर्माण कार्यों की निंदा की गयी। इस संबन्ध में एवं अन्य सनातनी हिंदू की समस्याओं से जुड़ी चीजों के बारे में एक मांग पत्र को गढ़वा अनुमंडल पदाधिकारी को सौंपने का निर्णय लिया गया। अगले 16/03/2025 दिन रविवार को श्री कृष्ण गौशाला परिसर में प्रातः साढ़े ग्यारह ( 11.30 ) बजे से धर्म रक्षा वाहिनी, गढ़वा के बैनर तले हिंदू समाज की एक बड़ी बैठक ( आमसभा ) करने का निर्णय लिया गया। जिसमें संगठनात्मक विषयों पर एवं हिंदू समाज की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा कर निर्णय लिये जायेंगे। बैठक की अध्यक्षता रमेश कुमार दीपक एवं संचालन सचिव कौशल कांत कुमार ने की। बैठक में मुख्य रूप से उपाध्यक्ष सत्यनारायण सिंह, महेंद्र राम, मृत्युंजय शौंडिक, शंकर माली, भोला गुप्ता, राजकुमार कुशवाहा, बिनोद बघेल, अवधेश वर्मा आदि लोग उपस्थित थे।

# श्री विष्णु मंदिर के 19वें वार्षिकोत्सव कार्यक्रम को लेकर बैठक संपन्न



**विशुनपुरा (आजाद सिपाही)।** विशुनपुरा प्रखंड मुख्यालय के पोखरा चौक स्थित श्री विष्णु मंदिर विकास समिति के द्वारा विष्णु मंदिर के 19वां वार्षिकोत्सव कार्यक्रम को लेकर एक बैठक की गयी। बैठक में आगामी चार मार्च से सात दिवशीय भव्य वार्षिकोत्सव कार्यक्रम मनाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम के अनुसार चार मार्च को अखंड कीर्तन, पांच मार्च को भव्य शोभायात्रा के साथ कलश यात्रा निकाली जायेगी। इसके साथ ही सात दिवशीय कार्यक्रम की शुरूआत हो जायेगी। वही प्रत्येक दिन भंडारा का आयोजन किया गया है। साथ ही वृंदावन वरसाना के कथा वाचक साध्वी शिवांजलि मिश्रा के द्वारा सात दिनों तक भागवत कथा एवं प्रवचन किया जाएयेगा। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम को लेकर झूलन मेला का भी आयोजन किया गया है। बैठक में समिति के अध्यक्ष नारायण शर्मा, सचिव गौरीशंकर गुप्ता, कोषाध्यक्ष ज्वाला प्रसाद गुप्ता, प्रवक्ता अजय प्रसाद यादव, भोलानाथ साहू, शिव कुमार ठाकुर, प्रभु चंद्रवंशी, सचिन गुप्ता, महेंद्र चन्द्रवंशी, संजय चंद्रवंशी, मखन पासवान, सचिन कुमार, अशोक राउत सहित कयी लोग उपस्थित थे।

# मां दुर्गा मंदिर का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया



आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरपुर।** स्थानीय बस्ती स्थित मां दुर्गा मंदिर की दसवां स्थापना दिवस बड़े धूमधाम से रविवार को मनायी गयी। मंदिर स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर मंदिर प्रांगण में पुजारी चंदन पाठक ने अहले सुबह से वैदिक मंत्रोच्चार से गांव में भक्ति का माहौल स्थापित कर दिया। उसके बाद मुख्य यजमान नंदबिहारी सिंह व संजीव सिंह ने सपत्नीक पूजा कर गांव के लिए सुख शांति और समृद्धि की मंगल कामना किया। उस अवसर पर मवि हरिहरपुर की सहायक अध्यापिका ज्योति देवी और अन्य श्रद्धालुओं की ओर से भंडारा का आयोजन कर प्रसाद वितरण किया गया। उसके बाद स्थानीय महिला पुरुष श्रद्धालुओं की ओर से साम को भजन कीर्तन गा कर पूरे क्षेत्र में भक्ति की रस का संचार किया। मौके पर शिवरानी देवी, आरती देवी, पूजा देवी, इंदु देवी, शशि भूषण शुक्ला, पिंटू सिंह, कल्पना कुमारी, अंजलि कुमारी व समिति के कई लोग मौजूद थे।

# दो बाइक के बीच हुई आमने-सामने टक्कर में युवक घायल

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। भवनाथपुर टाउनशिप मुख्य पथ के देवी धाम के समीप रविवार को दो बाईको के बीच हुई आमने सामने के टक्कर में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। घायक युवक को ग्रामीणों की सहयोग से स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के लिए भेजा गया, जहां चिकित्सक एसके सिंह के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज के लिए गढ़वा रेफर कर दिया गया है। घायल में बिहार के रोहतास जिलांतर्गत तिलोखर निवासी रोहित कुमार पिता केतवारू साह है, जबकि दूसरे बाईक चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया। जानकारी के अनुसार रोहित कुमार श्रीबंशीधर नगर से अपने घर तिलोखार जा रहा था, कि मुख्य पथ पर देवी धाम के पास विपरीत दिशा से आर रहे बाईक नें सामने से टक्कर मार दिया।**

# गहना सफाई के नाम पर महिला के जेवर ले उड़े चोर

**महिला ने भवनाथपुर थाना पहुंचकर घटना की शिकायत दर्ज कराई।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर थाना क्षेत्र में ठगी का एक मामला सामने आया है, जहां दो अज्ञात लोगों ने गहना सफाई के बहाने एक महिला के कीमती जेवर लेकर फरार हो गये। पीड़ित महिला ढ़ेकुलिया निवासी सपना देवी पति रोहित कुमार ने घटना की शिकायत स्थानीय पुलिस थाने में दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार, घटना तब हुई जब दो अज्ञात व्यक्ति सोना-चांदी के जेवरात की सफाई करने के नाम पर ढ़ेकुलिया गांव निवासी सपना देवी के घर पहुंचे। उन्होंने खुद को पेशेवर जौहरी बताया और दावा किया कि वे पारंपरिक विधि से गहनों को नया जैसा चमका सकते हैं। महिला उनके झांसे में आ गयी और फूल का लोटा साफ करने के लिए उन्हें दिया तो वें साफ कर के वापस लौटा दिया। इसके बाद सपना देवी ने ठगों को पायल, कान का टॉप और अंगूठी सफाई के लिए दिया तो ठगो ने उन्हें टिफिन में बंद कर 15 मिनट गैस की आंच पर गर्म करने को बोला, जब वह टिफिन गर्म कर के आई तो उक्त दोनों ठग गहने लेकर फरार हो चुके थे। महिला को ठगी का एहसास होते ही उसने आसपास के लोगों को इसकी जानकारी दी, लेकिन तब तक दोनों ठग काफी दूर निकल चुके थे। इसके बाद महिला ने भवनाथपुर थाना पहुंचकर घटना की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और ठगों की पहचान के लिए आसपास के इलाकों में पूछ-ताछ की जा रही है।

# उपायुक्त के निर्देश पर भंडारिया अंचल कार्यालय में शिविर का आयोजन

**भंडरिया (आजाद सिपाही)। गढ़वा उपायुक्त शेखर जमुआर के निर्देश पर भंडारिया अंचल कार्यालय में अंचल पदाधिकारी राकेश भूषण सिंह ने प्रेस वार्ता कर जमीन से संबंधित दाखिल खारिज जमीन और राजस्व के जानकारियां दिया। उन्होंने बताया की दाखिल खारिज, आपसी बटवारा, उत्तराधिकारी का नामकरण लग्न और अन्य राजस्व निरीक्षक के लिए भंडरिया और बड़गड प्रखंड के सभी हल्का के पंचायत भवन में शिविर का आयूजन किया गया है। शिविर में जाकर जमीन से संबंधित समाधान किया जायेगा और इस शिविर से आम जनता को लाभ पहुंचेगा। इस मौके पर उपस्थित राजस्व कर्मचारी शिवपत राम, जितेंद्र कुमार, पवन कुमार सिंह, दिलीप कुमार और राजस्व कर्मचारी बिंदेश्वर कुमार को सभी अपने-अपने हल्का मैं सिविल लगाने का तारीख निश्चित है।**

# चार अनाथ बच्चों का सहारा बने युवा समाजसेवी साजिद खान



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** छोटी उम्र से ही बड़े बड़े सेवा कार्य कर रहे हैं, साजिद खान रविवार को कपड़ा बैंक संचालक युवा समाजसेवी साजिद खान ने चार अनाथ बच्चों का सहारा बनकर मानवता का मिसाल पेश किया है। साजिद खान ने बताया कि कुछ लोग फोन पर जानकारी दिया कि बंशिधर नगर के खरौंधी प्रखंड के सीसरी गांव के विकास शाह कि आकस्मिक निधन हो गया और उनकी घर कि माली हालत बिलकुल खराब है। उनके चार छोटे-छोटे मासुम बच्चे हैं। रविवार 23 फरवरी को श्राद्ध का कार्यक्रम है, लेकिन पैसे के आभाव में श्राद्ध कार्यक्रम नहीं कर पा रहे है। ये बातें सुनते ही साजिद खान ने उनके परिवार को सुचित कि आप श्राद्ध का कार्यक्रम कि तैयारी किजिए हम सारा सामान आप लोगों को उपलब्ध करायेंगे, उसी गांव से आये हुए दो लोगों को साजिद खान ने तत्काल उन्हें श्राद्ध कार्यक्रम के लिए पच्चीस किलो चावल, पांच किलो आटा, दो किलो दाल, दो किलो सरसों तेल, दो किलो रिफाइन, 10 किलो आलू, तीन किलो प्याज, तीन किलो टमाटर, दान करने के लिए गमछा, और बच्चों के लिए ढ़ेर सारे कपड़े और आर्थिक सहयोग तत्काल उपलब्ध कराकर साजिद खान ने मानवता कि मिसाल पेश किया। साजिद ने कहा कि मैं अपने पिता शौकत खान के साथ मिलकर बहुत छोटे से उम्र से समाज सेवा का कार्य कर रहा हूं। इसलिए कहें तो मेरे रग-रग में है। मानवता कि जज्बा और मैं यकिन दिलाता हूं कि मेरे अनेक निःशुल्क बैंक गढ़वा से कभी भी कोई भी जरूरतमंद लोग खाली हाथ कभी नहीं लौटता और आगे भी नहीं लौटेगा। खरौंधी के इन चार अनाथ बच्चों को आगे भी हम सहयोग करेंगे और वहां के आम नागरिकों से भी अपील करेंगे कि स्व विकास शाह के बच्चों को उनके घर जाकर उन्हें ज्यादा से ज्यादा सहयोग करें और मानवता कि मिसाल पेश करें।

# उपायुक्त ने जिले में संचालित योजनाओं की समीक्षा की, दिये दिशा-निर्देश

**योजनाओं को पूर्ण करने एवं योजनाओं के अंतर्गत उपलब्ध राशि को नियमानुसार जल्द व्यय करने का दिया निर्देश**

**कार्य में लापरवाही बरतने वाले पदाधिकारियों/कर्मियों पर की जाएगी सख्त कार्रवाई**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में गढ़वा समाहरणालय के सभागार में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण) अबुआ आवास एवं 15वें वित योजना से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आहूत की गयी, जिसमें निदेशक (लेखा), डीआरडीबी, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, परियोजना पदाधिकारी (मनरेगा), डीआरडीबी, परियोजना पदाधिकारी (प्रधानमंत्री आवास), डीआरडीबी, जिला समन्वयक (प्रधानमंत्री आवास), डीआरडीबी, जिला कार्यक्र प्रबन्धक (पंचायत), पंचायत राज, सभी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा), गढ़वा जिला, एइ, जेइ, सभी प्रखंड समन्वयक (ग्रामीण प्रधानमंत्री आवास), गढ़वा जिला, सभी प्रखण्ड समन्वयक (पंचायत), गढ़वा जिला एवं अन्य संबंधित उपस्थित थें। मनरेगा अंतर्गत वैसे जॉब कार्डधारी जिनका 77 से 99 दिनों का कार्य उपलब्ध करा दिया गया है, को चिन्हित कर नियमानुसार कार्य उपलब्ध कराते हुए 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त जमुआर द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-22 एवं उसके पूर्व की लंबित योजना को बंद करने हेतु निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान वैसा सामग्री आधारित योजना, जो भौतिक रूप से पूर्ण हो चुका है, उसे चिन्हित कर सामग्री भुगतान के लिए वाउचर एंट्री करने का निदेश दिया गया है। गढ़वा जिला में अवैध खनन, परिवहन एवं भण्डारण की रोकथाम हेतु जिला स्तरीय टास्क फोर्स की समीक्षात्मक बैठक आयोजित हुई। यह बैठक ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से आयोजित की गयी। जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भण्डारण की रोकथाम को लेकर बैठक में कई प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा कर उपायुक्त ने अंचल अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारी एवं थाना प्रभारी को सतत निगरानी रखते हुए कार्रवाई का निर्देश दिया। रात्रि के समय पैनी नजर रखते हुए अवैध ढुलाई पर कार्रवाई का निर्देश दिया गया और रात्रि में बालू ढुलाई हेतु चालान निर्गत नहीं करने के निर्देश दिये गयें। उपायुक्त जमुआर द्वारा अपेक्षाकृत कम राजस्व संग्रहित करने वाले विभागों पर नाराजगी भी व्यक्त की गयी, एवं राजस्व संग्रहण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। पीएम किसान योजना के तहत लाभुकों को पेमेंट किए जाने की दिशा में शीघ्र ही समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

# निरंकारी सेवादल ने मथुरा बांध की सफाई की



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के अंतर्गत स्वच्छ जल स्वच्छ मन के कार्यक्रम में ब्रांच गढ़वा में निरंकारी मिशन की गुरु सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के नेतृत्व में प्रोजेक्ट अमृत का तीसरा अध्याय के तहत गढ़वा में मथुरा बांध तालाब की सफाई निरंकारी आज दिनांक 23 फरवरी 2025 को संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के अंतर्गत स्वच्छ जल स्वच्छ मन के कार्यक्रम में ब्रांच गढ़वा में निरंकारी मिशन की गुरु सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के नेतृत्व में प्रोजेक्ट अमृत का तीसरा अध्याय के तहत गढ़वा में मथुरा बांध तालाब की सफाई निरंकारी सेवादल एवं निरंकारी वालेंटियर द्वारा की गयी। जिसमें मुख्य रूप से गढ़वा के वरिष्ठ नेता एवं समाज सेवक अलख नाथ पांडेय उमेश कुमार कश्यप ने भी अपनी सहभागिता दी। यह कार्यक्रम गढ़वा में दूसरी बार निरंकारी अनुयायियों द्वारा सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान की शुरूआत में ब्रांच गढ़वा की मुखी शीला केसरी द्वारा आरंभ किया गया। मौके पर निरंकारी सेवादल के भाई-बहन और साध संगत उपस्थित थे। वालेंटियर द्वारा की गयी। जिसमें मुख्य रूप से गढ़वा के वरिष्ठ नेता एवं समाज सेवक अलख नाथ पांडेय, उमेश कुमार कश्यप ने भी अपनी सहभागिता निभाई। यह कार्यक्रम गढ़वा में दूसरी बार निरंकारी अनुयायियों द्वारा सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान की शुरूआत में ब्रांच गढ़वा की मुखी शीला केसरी द्वारा आरंभ किया गया। मौके पर निरंकारी सेवादल के भाई बहन और साध संगत उपस्थित थे।

## पिपरवार के बीओसी में हुई झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन की बैठक



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बीओसी हनुमान मंदिर के प्रांगण में झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता यूनियन के मुख्य संयोजक इकबाल हुसैन और संचालन मुकेश साव ने किया। बैठक मे बतौर मुख्य अतिथि के रूप मे यूनियन के पूर्व जोनल उपाध्यक्ष रामचंद्र उरांव एंव अनिल राम शामिल हुए। बैठक मे क्षेत्र के संगठित और असंगठित मजदूरो के विभिन्न समस्याओ पर विचार विमर्श किया गया। असंगठित मजदूरो के ड्युटी, बोनस, पीएफ भुगतान, हाई पावर कमेटी की अनुशंसा को लागु करने एवं सीसीएल कामगारो के सर्विस बुक मे सुधार,आवास आवंटन, आवास मरम्मति,प्रमोशन, शेप, पिट आफिस मे पेयजल, शौचालय सहित कई समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गयी। समस्याओं के समाधान को लेकर जल्द ही प्रबंधन और नीजी कंपनियो को मांग पत्र सौपने का निर्णय लिया। बैठक में मजदूरों के हक और अधिकार को लेकर जमकर नारेबाजी की गयी। सभी मजदूरों को एक मंच पर रहने का आह्वान किया गया।

## खूंटी जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन का गठन, विजय कुमार बने अध्यक्ष



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन का गठन रविवार को झारखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष और चुनाव के पर्यवेक्षक राजीव वर्मा की उपस्थिति में किया गया। आरसी बालक मध्य विद्यालय में आयोजित बैठक की अध्यक्षता फादर बेनेडिक्ट बारला ने की। बैठक में खिलाड़ियों के अतिरिक्त काफी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे। जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन में अध्यक्ष विजय कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष कृष्ण मोहन कुमार, सचिव रोहित राज, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार महतो सदस्य शिव बैठा, मानती कुमारी अंकित कुमारी, शंकर लाल हेमंत धन, अमर बरला, फ्रांसिस जेवियर बोदरा, गॉडविन टोपनो को बनया गया है। यह जानकारी बॉक्सिंग एसोसिएशन के सचिव रोहित राज ने दी।

## डीएवी स्कूल खूंटी और गोविंदपुर रोड में लीगल लिटरेसी क्लब का उद्घाटन



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** झालसा रांची के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद ने रविवार को स्वामी श्रद्धानंद डीएवी सेनेटरी पब्लिक स्कूल सेवा आश्रम खूंटी में लीगल लिटरेसी क्लब का वर्चुअल उद्घाटन किया। मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष खूंटी रसिकेश कुमार, जिला जज प्रथम संजय कुमार, अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी विद्यावती कुमारी, एलएडीसी डिप्टी चीफ नम्रता कुमारी, पैनल अधिवक्ता शशि कला कुमारी, पीएलबी अंजनी कुमारी, विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित थे। इधर टीसीआइ डीएवी स्कूल गोविंदपुर रोड खूंटी में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मनोरंजन कुमार, एलएडीसी चीफ राजीव कमल, पैनल अधिवक्ता मदन मोहन राम, पीएलबी मार्शल कंडुलना, विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षक और विद्यार्थियों की मौजूदगी में लीगल लिटरेसी क्लब का वर्चुअल उद्घाटन किया गया। मौके पर 90 दिवसीय आउटरीच जागरूकता अभियान के तहत आयोजित निबंध लेखन, पेंटिंग प्रतियोगिता में झारखंड में तीसरा स्थान प्राप्त करने वाली कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय अड़की खूंटी कक्षा सातवीं की छात्रा सावित्री कुमारी को न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद ने पुरस्कृत कर उसका हौसला आफजाई की। यह जानकारी डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने दी।

## भगवान बिरसा मुंडा के पैतृक गांव उलिहातू में सरना धर्म प्रार्थना सभा का आयोजन



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** सरना धर्म सोतोः समिति, शाखा उलिहातू के तत्वावधान में रविवार को स्थापना दिवस सह सरना धर्म प्रार्थना सभा आयोजित की गयी। धर्मगुरु जेठा पहान, सुखराम मुंडा, गोल्गा मुंडा और सनिका मुंडा की अगुवाइ में अनुयायियों के साथ सरना स्थल में भगवान सिडबोंगा का पूजा-पाठ कर सुख, शांति और खुशहाली की कामना की गइ। मौके पर पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अथिति के रूप में धर्मगुरु बगरय मुंडा और विशिष्ट अथिति के तौर पर बुधराम सिंह मुंडा मौजू थे। मुख्य अतिथि बगरय मुंडा ने कहा कि सरना विश्व का सबसे पुराना धर्म है, जो पूर्णतः वैज्ञानिकता पर आधारित है। इसलिए समाज से छुआ-छूत और ऊंच-नीच जैसी बुराइयों को समाप्त करने की जरूरत है। सरना धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक धरोहरों अक्षुण्ण बनाएं रखना हम सबका कर्तव्य है। विशिष्ट अथिति बुधराम सिंह मुंडा ने कहा कि भगवान सिड्बोंगा की स्तुति से मन-आत्मा में भक्ति और श्रद्धा आती है और समाज में प्रेम और भाईचारा पनपता है।

## 28 मार्च को रांची में मनेगा नीलांबर पीतांबर का शहादत दिवस



**रांची (आजाद सिपाही)।** खरवार भोगता समाज विकास संघ रांची जिला समिति की बैठक रविवार को नीलाम्बर पीताम्बर पार्क रांची में हुई। जिसकी अध्यक्षता रांची जिला अध्यक्ष अमृत भोगता एव संचालन सचिब हर्षनाथ भोगता ने किया। बैठक में 28 मार्च को रांची मोरहाबादी पार्क में वीर शहीद नीलाम्बर पीताम्बर शाही भोगता का शहादत दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में केंद्रीय सरंक्षक यौधेश्वर सिंह भोगता, पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष दर्शन गंझू, देवनारायण गंझु, रामगढ़ जिला अध्यक्ष अजय गंझू, सुखदेव गंझू, परमेश्वर भोगता, संजय भोगता, अमरेश गंझू, रघुनंदन भोगता, देवानंद भोगता मौजूद थे।

# लॉटरी के कारोबार में छह युवक गिरफ्तार, 51 हजार रुपये बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता



**बुंडू।** बुंडू में अवैध लाटरी का धंधा वे रोक टोक चल रहा था। बुंडू, तमाड़, सोनाहातु और राहें थाना क्षेत्र में ऐजेंट को रखकर बेचा जाता था। बुंडू पुलिस को रविवार को गुप्त सूचना मिली कि अस्पताल टोली बुंडू स्थित एक भाड़े के मकान के अंदर अवैध लाटरी का खरीद बिक्री किया जा रहा है। सुचना पर एक दल का गठन कर छापेमारी किया गया, जिस में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया। जिसमें बाजार टांड़ बुंडू के निवासी देवानंद राम उम्र 58 वर्ष पिता तुलसीराम, टांड़ बुंडू निवासी शुभम वाल्मीकि उम्र 25 वर्ष पिता देवानंद राम, नीलगिरी टोली बुंडू निवासी संदीप पाल उम्र 50 वर्ष पिता अश्वनी पाल, पुराना बाजार टोली बुंडू निवासी अनंत कुमार पांडेय उम्र 40 वर्ष पिता अजय कुमार पाडेय, टांगरटोली बुंडू निवासी मोहन खंडित उम्र 50 वर्ष पिता सुकर खंडित और कुजु रामगढ़ जिला निवासी डोरी लाल राम उम्र 38 वर्ष पिता बद्रीराम को गिरफ्तार किया गया है। इन लोगों ने अपना जुर्म स्वीकार किया है। इनके पास से नागालैंड कंपनी के पचास हजार रुपये का अवैध लॉटरी एवं नगद एक्कावन हजार रुपये बरामद किया गया। गिरफ्तार व्यक्तियों को मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया। छापेमारी दल में बुंडू थाना प्रभारी रामकुमार वर्मा, आतिश कुमार, राहुल कुमार और मेहता के अलावा बुंडू थाना सशस्त्र बल शामिल हुए।

## डीडीसी ने किया कुकड़ू प्रखंड क्षेत्र का औचक निरीक्षण, दिये कई दिशा-निर्देश



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** सरायकेला खरसावां जिला के आइडीटीए परियोजना निदेशक सह उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल ने कुकड़ू प्रखंड क्षेत्र का रविबार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में कुकड़ू प्रखंड की बीडीओ राजश्री ललिता बखला भी साथ में मौजूद थी। डीडीसी ने तिरुलडीह डेली मार्केट के समीप लाभुक के घर जाकर आबुआ आवास योजना का निरीक्षण और लाभुक से कई जानकारी लिया। इसके बाद डीडीसी तिरुलडीह पंचायत भवन गये और पंचायत भवन में एबीपीएस से संबंधित चल रहे ग्राम सभा में पंचायत सचिव धरनी प्रमाणिक को अयोग्य लोगों को जॉब कार्ड के सूची से नाम हटाने और जिन लोगो का बैंक खाता में तकनीकी दिक्कत है, उसे जल्द सुधार करने का निर्देश दिया। इसके बाद डीडीसी कुकड़ू प्रखंड कार्यालय पहुंचे और मनरेगा के कंप्यूटर ऑपरेटर कक्ष में ऑपरेटर से कुकड़ू प्रखंड क्षेत्र में चल रहे मनरेगा योजना से संचलित योजनाओं का विस्तार से जानकारी हासिल किया। उन्होंने कंप्यूटर ऑपरेटर अरुण कुमार को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान दोनों को डीडीसी ने पत्र के माध्यम से ही योजना से संबंधित पत्र जिला कार्यालय भेजनें का निर्देश दिया। और सारा रिकॉर्ड रखने का निर्देश दिया। पत्रकारों से बातचीत के क्रम में डीडीसी आशीष अग्रवाल ने आबुआ आवास योजना को राज्य सरकार का महत्वपूर्ण योजना बताते हुए लाभुकों को जल्द आबुआ आवास निर्माण कार्य पूरा करने का अपील किया। वहीं उन्होंने करीब तीन माह से मनरेगा के मजदूरों को मजदूरी नहीं मिलने के सवाल पर कहा कि मनरेगा मद में राशिअवंटित होने पर मजदूरों का मजदूरी राशि भुगतान कर दिया जायेगा।

## संत निरंकारी मिशन खलारी ब्रांच के सेवादारों ने श्रमदान कर खलारी तालाब की सफाई की



**खलारी (आजाद सिपाही)।** संत निरंकारी मिशन की सेवा भावना और मानव कल्याण के संकल्प को साकार करने के लिए प्रोजेक्ट अमृत के अंतर्गत 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' परियोजना के तहत रविवार की सुबह खलारी तालाब की सफाई की गयी। संत निरंकारी मंडल खलारी ब्रांच के सेवादारों ने श्रमदान देकर तालाब की सफाई की। इस दौरान सेवा दल के सदस्यों ने कहा कि संत निरंकारी मिशन ने बाबा हरदेव सिंह जी महाराज की प्रेरणादायक शिक्षाओं को आत्मसात करते हुए वर्ष 2023 में संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से 'अमृत प्रोजेक्ट' का शुभारंभ किया गया था। इस दिव्य पहल का उद्देश्य केवल जल श्रोतों की स्वच्छता सुनिश्चित करना ही नहीं, बल्कि जल संरक्षण को मानव जीवन का अभिन्न अंग बनाने की सोच को विकसित करना है। यह अभियान नदियों, झालों, तालाबों, कुओं और झरनों जैसे प्राकृतिक जल श्रोतों की स्वच्छता और संरक्षण को समर्पित है। कहा कि खलारी तालाब का सुंदरीकरण भारत पर्यटन विकास निगम के द्वारा किया गया था। परंतु रखरखाव के अभाव में पूरा तालाब जलकुंभियों व गंदगी से भर गया है। 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' अभियान के तहत इसके सफाई का पहल किया गया। इस अभियान में खलारी ब्रांच के मुखी महात्मा संजय राम, सिद्धेश्वर प्रसाद, सुदामा साव, सेवा दल इंचार्ज सपना बहन, सुमित्रा, गौरी, उषा, गीता, जीवन राम, गणेश महतो, भिषण पासवान आदि शामिल थे।

## अंबेडकर विस्थापित प्रभावित मोर्चा की हुई बैठक, समस्याओं पर की गयी चर्चा



**खलारी (आजाद सिपाही)।** तुमांग पंचायत के करकट्टा मैनेजर बंगला स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में रविवार को डॉ अंबेडकर विस्थापित प्रभावित मोर्चा की बैठक हुई। अध्यक्षता तुमांग मुखिया संतोष कुमार महली ने की। बैठक में तुमांग पंचायत के करकट्टा मैनेजर बंगला बस्ती सहित अन्य ग्राम-टोला के विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गयी। जिसमें केडीएच परियोजना एवं रोहिणी परियोजना खदान में हो रहे। हैवी ब्लास्टिंग से घरों की दीवार पर दरार, करकट्टा स्थित बंद पड़ी केडीएच पैच खदान में लगी आग से निकल रहे। जहरीली धुआं, पेयजल, धूल-गर्द की समस्याओं सहित मोर्चा को मजबूत करने को लेकर चर्चा हुई। मौके पर मोर्चा ने सीसीएल प्रबंधन से ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान की मांग करते हुए कहा कि खदानों के धूल से ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर असर पड़ रहा है, जिसका निष्पादन करने एवं खदान में किए जा रहे ब्लास्टिंग की तीव्रता पर रोक लगाने और ग्रामीणों की पानी की समस्याओं का समाधान की मांग की है। अंत में मोर्चा के अध्यक्ष मुखिया संतोष ने बताया कि मोर्चा की आगामी बैठक एक मार्च दिन शनिवार को तुमांग पंचायत सचिवालय भवन में की जायेगी। जहां तुमांग पंचायत के सभी ग्राम टोलों के ग्रामीणों को उपस्थित रहना आवश्यक है। इस मौके पर संजय राम, उमेश मेहता, विनोद राम, प्रेम साव, उपेंद्र राम, क्यूम अंसारी, मनोज रजक, महेश भुइयां, नवीन टोपनो, संकुन्तला देवी, सविता देवी, प्रमिला देवी, शिशिल्या देवी आदि उपस्थित थे।

## डकरा में संत गाडगे महराज की जयंती मनायी गयी



**खलारी (आजाद सिपाही)।** डॉ भीम राव अंबेडकर पार्क डकरा में रविवार को संत गाडगे महराज की जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने संत गाडगे महराज की तस्वीर पर माल्यर्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया गया। इस दौरान विधायक प्रतिनिधी मोनू रजक और खलारी प्रखंड के पंचायत सचिव कृष्णा रजक को माला पहनाकर सम्मानित किया गया। जयंती कार्यक्रम में धोबी समाज के गणमान्य लोगों ने संत गाडगे महाराज की जीवनी के बारे मे जानकारी साझा किया गया। वक्ताओं ने कहा कि संत गाडगे महराज का जन्म 23 फरवरी 1876 महाराष्ट्र के अमरावती जिले के शेड गांव में एक धोबी परिवार में हुआ था। वे भारत के पहले स्वक्षता आंदोलन के अग्रदूत थें। उन्होंने अपना जीवन समाज सेवा, शिक्षा और स्वच्छता के प्रचार-प्रसार में समर्पित किया। उन्होने संदेश दिया कि भूखे को अन्न दो, प्यासे को पानी दो, एक रोटी कम खाओ लेकिन बच्चों को शिक्षित करो। वहीं वक्ताओं ने संत गाडगे महाराज के संदेशों को जीवन में आत्मसात करने की अपील की। इस अवसर पर दीपदान कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से कंहाई पासी, अमर लाल सतनामी, रामदेव राम, रामपरीक्षण राम इंदल, अनूप रजक, सुखराम सेठ, किशोर रजक, वीरेंद्र रजक, गणेश बैठा, संजय बैठा, रंजन, उपेंद्र, दिवाकर, बासुदेव, रमेश, जोगेंदर, जीवन सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# रनिया में तीन नाबालिग लड़कियों से सामूहिक दुष्कर्म, एक दर्जन लड़कों से पूछताछ जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** रनिया थाना क्षेत्र के उलिहातू गांव से निचितपुर जाने वाले रास्ते में कारो नदी के पास तीन आदिवासी नाबालिग लड़कियों से सामूहिक दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। तीन नाबालिग लड़कियों से दुष्कर्म की घटना को लगभग एक दर्जन से अधिक नाबालिग किशोरों ने अंजाम दिया है। लड़कों के चंगुल में फंसी एक लड़की भागने में सफल रही। पुलिस एक दर्जन से अधिक लड़कों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

पीड़ित सभी लड़कियां तोरपा थाना क्षेत्र की रहने वाली हैं और लोटा पानी (विवाह के पूर्व एक कार्यक्रम) में शामिल होने के लिए रनिया थाना क्षेत्र के उलिहातू पैतू टोली में सामुएल तोपनो के घर में शुक्रवार को लोटा पानी का कार्यक्रम था, सभी लड़कियां उसमें हिस्सा लेने गयी थीं। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद पांचों लड़कियां एक साथ घर लौट रही थी। रास्ते में कारो नदी के पास लगभग एक दर्जन से ज्यादा लड़के पीछा करते हुए वहां पहुंचे। उन्होंने पांचों लड़कियों को अपने कब्जे में ले लिया और अलगःअलग ग्रुप बनाकर चारों लड़कियों को अलग-अलग जगह पर ले गये। तीन लड़कियों ने दुष्कर्म की पुष्टि की है, जबकि एक लड़की का बयान नहीं लिया जा सका है। वह गांव में नहीं थी। घटना के वक्त एक लड़की किसी तरह उनके चंगुल से छूट कर भाग गयी। वह दौड़कर उलिहातू गांव पहुंची तथा अपने गांव के लड़कों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद सभी घटनास्थल पहुंचे। लड़कों को आता देख सभी आरोपित लड़के भाग गये। इसके बाद सभी पीड़ित लड़कियां अपने घर लौटीं। लड़कियों ने डर से घटना की जानकारी उस समय घर वालों को नहीं दी। घटना को अंजाम देने वाले लड़कों ने घटना की जानकारी किसी को देने पर बुरा परिणाम भुगतने की धमकी दी थी। डरी-सहमी लड़कियों ने शनिवार की रात को घटना की जानकारी परिजनों को दी। रविवार को घटना की जानकारी पुलिस को दी गयी।

जानकारी मिलते ही रविवार को अपर पुलिस अधीक्षक क्रिस्तोफर केरकेट्टा, रनिया थाना प्रभारी विकास कुमार जायसवाल, सब इंस्पेक्टर अमरजीत सिंकू, टीनू कुमार, खूंटी की महिला थाना प्रभारी फूलमनी टोप्पो, सब इंस्पेक्टर निशा कुमारी पीड़िता के पास पहुंचे। महिला थाना प्रभारी फूलमनी टोप्पो और निशा कुमारी ने पीड़ित लड़कियों से घटना की जानकारी ली और उनका बयान दर्ज किया। उनके बयान के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू की गयी है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक दर्जन से ज्यादा आरोपित लड़कों को हिरासत में ले लिया है।

घटना के संबंध में एएसपी क्रिस्तोफर केरकेट्टा ने बताया कि घटना शुक्रवार की है। रविवार को घटना की जानकारी पुलिस को दी गयी। घटना की जानकारी मिलते ही पीड़ित लड़कियों का बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गयी है। दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## जंगली सूअर के हमले से वृद्ध की हुई मौत, वन विभाग ने दी 10 हजार रुपये की मुआवजा राशि



**राहे (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के दूधीटांड़ गांव में जंगली सूअर का हमले से 75 वर्षीय वृद्ध व्यक्ति की मौत हो गयी। घटना शनिवार शाम की बताई जा रही है। गांव के भोला प्रसाद महतो मवेशी चराने के बाद घर लौट रहा था। अचानक झाड़ी से एक जंगली सुअर निकल कर हमला कर दिया। प्राथमिक उपचार के बाद इलाज के लिए रिम्स भेजा गया। रिम्स में इलाज के दौरान देर रात वृद्ध व्यक्ति का मौत हो गया है। इधर वृद्ध के मौत की सूचना पर वन विभाग से 10 हजार रुपये अग्रिम मुआवजा की राशि मृतक के परिजनों को रिम्स में जाकर सौंपी। बाकी की राशि कागजी कारवाई पूरी करने के बाद देने की बात कही।

## ताऊ मैदान बुंडू में मुंडारी भाषा और संस्कृति पर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुंडा समाज के तत्वाधान पर मुंडारी भाषा एवं संस्कृति पर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन ताऊ मैदान बुंडू में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन तमाड़ विधायक ने फीता काटकर और आदिवासी वीरों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया। इस कार्यक्रम में पश्चिमी संस्कृति के बढ़ते प्रभाव और धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए झारखंड मुंडा समाज अपनी संस्कृत भाषा जीवन दर्शन सामाजिक पहचान सभ्यता को कायम रखने को लेकर एक जुटता रहने की बात कही गयी। इस कार्यशाला जोहर जागर में झारखंड समेत बंगाल उड़ीसा से मुंडा समाज के वरिष्ठ धर्मगुरु समाजसेवी आए हुए थे। मौके पर बानिश राय मुंडा, अनंत सिंह मुंडा, पांडू सिंह मुंडा, द्रोपदी मुंडा आदि गण्यमान्य लोग उपस्थित हुए।

## नावाडीह मोड़ पर ट्रक में अचानक लगी आग



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ थाना क्षेत्र के रांची टाटा पथ पर रूगडी हाई स्कूल के समीप नावाडीह मोड़ पर एक ट्रक में अचानक आग लग गयी। देखते ही देखते ट्रक जलकर राख हो गयी। आयरन स्पंज लदा था, दमकल गाड़ी आकर आग पर काबू पाया।

## सिल्ली में नेत्र जांच शिविर आयोजित

**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट एवं सेवा भारती सिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में 23 फरवरी को सिल्ली में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में नेत्र रोग के 153 लोगों की जांच हुई। जांच उपरांत 77 मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण पाये गये, जिनका ऑपरेशन 24 फरवरी को निरामया अस्पताल रांची में किया जायेगा। शिविर को सफल बनाने में प्रवीण अगरवाल, आयुष अग्रवाल, प्रशान्त रविदास, प्रथम अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, उपेंद्र लाल महतो, एलिजाबेथ दीदी, आदि सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कमेटी के सचिव बलराम का निधन, शोक की लहर



**मुरी (आजाद सिपाही)।** सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कमेटी के सचिव का निधन रविवार की सुबह रांची में इलाज के दौरान हो गयी। जानकारी के अनुसार छोटा मुरी निवासी बलराम महतो कुछ दिन पहले अपने बाइक से गिरकर घायल हो गये थे। जिनका इलाज रांची के अस्पताल में चल रहा था। रविवार कि सुबह इलाज के दौरान उनका मृत्यु हो गया। उनकी मौत की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी। इस मौके पर अध्यक्ष सयैद कमर आलम,मनिराम दास, निताई महतो, फलहारी महतो, अमित कुमार, मुखिया कन्हाई लोहरा, पंचायत समिति अरविंद कुमार, नारायण सिंह मुंडा, बलवीर सिंह, भगिरथ महतो समेत पार्टी के कार्यकर्ता एवं सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## पुलिस ने बुंडू थाना क्षेत्र में 18 एकड़ भूमि पर लगी अफीम की खेती को नष्ट किया



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने रविवार को बुंडू थाना क्षेत्र के हुमटा और गितिलडीह गांव में लगभग 18 एकड़ भूमि पर अफीम की खेती को नष्ट किया गया। इस अभियान में बुंडू थाना प्रभारी रामकुमार वर्मा प्रेम, प्रदीप कुमार, राहुल कुमार मेहता के अलावे जैप एवं सैप के जवान शामिल थे।

## खूंटी में अखिल भारतीय सांस्कृतिक विकास महासंघ का 30वां वर्षगांठ समारोह



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी बालिका मध्य विद्यालय के आडिटोरियम में रविवार को झारखंड सांस्कृतिक महोत्सव धूमधाम से आयोजित किया गया। विधायक राम सूर्या मुंडा, डॉ रमन, बैंक प्रबंधक अनंत कुमार, वरिष्ठ अधिवक्त आशुतोष भगत ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर हॉकी खिलाड़ी बलिया टेटे, कला संसकृति साहित्य के लिए प्रो सुशील कुमार अंकन, खोरठा साहित्य संस्कृति के लिए धनबाद के विनय कुमार तिवारी को बिरसा मुंडा ज्योति सम्मान प्रदान किया गया। सत्यव्रत ठाकुर, महावीर साहू, विष्णु देव महतो, अनुप कुमार राय, धर्मेंद्र नाथ तिवारी, मुनीश कुमार वर्मा, लक्ष्मी नारायण बड़ाईक सहित 13 प्रतिभाओ को झारखंड सेवा सम्मान और वर्षा लकड़ा, पंकज पांडेय, धनंजय नाथ तिवारी, राणा बनर्जी, अंकिता बासु, सक्षम तिवारी, सिद्धार्थ राय, एगनेस कुमार, प्रार्थना कुमारी सहित 17 फिल्मकारों को झारखंड फिल्म आर्ट अवार्ड दिया गया। कार्यक्रम में विधायक राम सूर्या मुंडा ने खूंटी जैसी जगह पर राज्य स्तरीय महोत्सव के सफल आयोजन के लिए महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष और फिल्मकार तपन कुमार घोष को बधाई दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए तपन कुमार घोष ने कहा कि इसके पीछे टीम वर्क का योगदान है। कार्यक्रम को सफल बनाने में महासचिव मार्शल बारला, संगठन सचिव प्रशांत कुमार, जितेंद्र कुमार पांडेय, सचिव गणेश लोहरा, पत्रकार और उपाध्यक्ष दीपक कुमार घोष, कोषाध्यक्ष किशोर ठाकुर, विश्व नाथ गौंझू आदि ने योगदान दिया।

## झालसा के 'प्रोजेक्ट सुरक्षा' का शुभारंभ, विधिक साक्षरता क्लब का उद्घाटन

# राज्य तब तक विकास नहीं कर सकता, जब तक सुदूर इलाकों का विकास न हो जाये: न्यायाधीश

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से रविवार को राज्य के सभी डीएवी स्कूलों में विधिक साक्षरता क्लब का वर्चुअल उद्घाटन किया गया। न्याय सदन झालसा में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद, न्यायाधीश, झारखण्ड उच्च न्यायालय एवं कार्यकारी अध्यक्ष, झालसा एवं न्यायाधीश प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, न्यायाधीश, झारखण्ड उच्च न्यायालय आदि ने किया। इस अवसर पर हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल, रजिस्ट्री के अन्य पदाधिकारीगण, डीएवी संस्थानों के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी, डीएवी स्कूलों के प्रधानाचार्य एवं प्रमुख, डीएलएसए के सचिवगण, पीएलवी, छात्र-छात्राएं, बैरिस्टर केया सेन, पल्लव आचार्जी आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर राज्य स्तरीय चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता के सफल विद्यार्थियों एवं अन्य को सम्मानित किया गया। साथ ही झालसा के 'प्रोजेक्ट सुरक्षा' का शुभारंभ किया गया। यह डायन प्रथा एवं जादू-टोने के शिकार महिलाओं एवं पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए एक प्रभावी पहल है। इन 72 नए विधिक साक्षरता क्लबों की स्थापना से झारखंड में विधिक साक्षरता अभियान को और अधिक बल मिलेगा। इससे छात्रों को जिम्मेदार नागरिक बनने और समाज के लिए सार्थक योगदान देने का एक सशक्त मंच मिलेगा। झालसा का 'प्रोजेक्ट सुरक्षा' डायन प्रथा जैसी कुप्रथाओं के खिलाफ लड़ने के लिए प्रभावी समाधान प्रस्तुत करेगी। साथ ही पीड़ितों को तत्काल कानूनी एवं अन्य सहायता दिलाने में मददगार साबित होगी। इस अवसर पर न्यायाधीश प्रदीप कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि विधिक साक्षरता को सुसुप्ता अवस्था से जागृत करने का कार्य न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद, न्यायाधीश, झारखण्ड उच्च न्यायालय एवं कार्यकारी अध्यक्ष झालसा ने किया है। उन्होंने कहा कि विधिक साक्षरता क्लब का उद्देश्य वंचित बच्चों को एक मंच उपलब्ध कराना एवं उन्हें मुख्य धारा में लाना है। इस मंच के माध्यम से बच्चे अपने आसपास की समस्याओं को रख सकते हैं और उनका समाधान प्राप्त कर सकते हैं। न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद ने कहा कि स्कूलों में विधिक साक्षरता क्लब की स्थापना करना नालसा का उद्देश्य है जिसे झालसा ने आगे बढ़ाया है। हमने ना केवल एक या दो, बल्कि सभी डीएवी स्कूलों में इसकी स्थापना करने के बारे में सोचा। इसका मुख्य उद्देश्य सुदूर क्षेत्रों में भी विधिक साक्षरता क्लब की स्थापना करना है। उन्होंने कहा कि राज्य तब तक विकास नहीं कर सकता जबतक की सुदूर इलाकों का विकास ना हो। लोगों को वगैर जागरूक किए सशक्त नहीं बनाया जा सकता है। स्वागत भाषण झासला की सदस्य सचिव कुमारी रंजना अस्थाना और धन्यवाद ज्ञापन उप सचिव अभिषेक कुमार ने किया।



विधिक साक्षरता क्लब का उद्घाटन करते न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद व अन्य।

# बहुत जल्द होगा ओरमांझी बाजार का कायाकल्प: शिल्पी नेहा तिर्की

- ओरमांझी बाजार को मॉडल डेली मार्केट बनाने की मांग
- मुखिया व उप मुखिया ने कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की को सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** ओरमांझी बाजार को मॉडल डेली मार्केट बनाने की मांग को लेकर मुखिया दीपक बड़ाईक, उप मुखिया संतोष गुप्ता, ग्राम प्रधान दीनदयाल लोहरा, कुलदीप तिवारी और अमिताभ पांडे ने राज्य की कृषि एवं पशुपालन मंत्री शिल्पी नेहा तिकी से उनके आवास पाकर जाकर मुलाकात की। राजधानी रांची से सटे ओरमांझी बाजार की जर्जर हालात से मंत्री को अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा। जिसमें नया शेड निर्माण, पुराने जर्जर शेड की मरम्मति और बाजार के चारों ओर दुकान-भवन बनाने के साथ अन्य आधारभूत संरचना निर्माण कराने की मांग शामिल है। इस दौरान मंत्री का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा गया कि ओरमांझी बाजार के डेली मार्केट बन जाने से प्रखंड के साथ कांके, अनगड़ा और रामगढ़ प्रखंड के किसानों को बाजार का लाभ मिल पाएगा। इस सपर मंत्री शिल्पी ने आश्वस्त किया कि बहुत जल्द ओरमांझी बाजार का कायाकल्प होगा।



# दिव्यांगों को व्हीलचेयर और स्कूली बच्चों को बैग दिया

प्रगति मानव सहयोग समिति की दूसरी वर्षगांठ पर सामग्री का किया गया वितरण

**रातू (आजाद सिपाही)।** प्रगति मानव सहयोग समिति की दूसरी वर्षगांठ पर रातू फुटकलटोली में गरीब एवं असहाय लोगो के लिए दो दिवसीय सामग्री वितरण का आयोजन किया गया। मानव सहयोग समिति के अध्यक्ष असलम अंसारी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के पहले दिन रविवार को समिति की ओर से दिव्यांगों के बीच सात व्हीलचेयर, 10 पेन चेयर, 30 बैशाखी के अलावा 25 वॉकिंग स्टिक, 15 एल्बो स्टीक, 20 फायर लेग स्टिक, 5 स्लीपिंग बेड, 15 तकिया, 10 वॉलीबॉल, 5 सेट बैट बॉल, टेनिस-3 सेट, डिक्शनरी बुक 500 आदि का वितरण किया गया। इसस दौरान निःशुल्क जांच शिविर का भी आयोजन किया गया था। जिसमें डॉक्टर मनोज कुमार सहित तीन अन्य डॉ भी मौजूद थे। शिविक में 75 लोगों ने अपना शारीरिक जांच, जबकि 75 लोगों ने नेत्र जांच कराया। डॉक्टर सुहैल अख्तर ने जनरल फिजिशियन के 90 मरीज, हकीम अरमान नस विशेषज्ञ आयुर्वेदिक-150 ने मुफ्त शारीरिक जांच किया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि अलकमर वजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष कमरूल हक मौजूद थे। इसके अलावा प्रखंड अंजुमन कमेटी रातू के अध्यक्ष अताउल्लाह अंसारी, उप प्रमुख रेयाजुल अंसारी, मुखिया प्रभा तिर्की, उप मुखिया मासूम परवीन, शबनम परवीन, मोहम्मद इरफान डायरेक्टर गेम इंटरनेशनल स्कूल, रातू प्रखंड अंजुमन इस्लामिया के सचिव अनिसुल रहमान, उपाध्यक अंजुम खान, उपसचिव मोखतार अंसारी, अजमुल हक, सदर हाजी शरीफ अंसारी और सैयद फिरोज आदि मौजूद थे।



# नवजात शिशुओं के लिए मां का दूध अत्यंत आवश्यक: डॉ एंटोनी

बच्चों में आयरन की कमी से होने वाली बीमारियों पर डॉक्टर एंटोनी किस्कू ने दी जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** द्वारिका हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में रविवार को शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ एंटोनी किस्कु ने संवाददाता सम्मेलन कर बच्चों में आयरन की कमी से होने वाली बीमारियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आयरन की कमी के कारण बच्चों में वजन कम होना, ग्रोथ रुक जाना और एनीमिया जैसी बीमारियां हो सकती है। कहा कि नवजात शिशुओं के लिए मां का दूध अत्यंत आवश्यक है। यदि किसी कारणवश शिशु को मां का दूध नहीं मिल पाता है, तो डॉक्टर की सलाह लेकर मदर मिल्क का विकल्प अपनाया जा सकता है। उन्होंने यह भी जोर दिया कि बच्चों को मोबाइल फोन से दूर रखना चाहिए और शारीरिक गतिविधियों को बढ़ावा देना चाहिए, जिसमें फुटबॉल, क्रिकेट, कबड्डी, दौड़ जैसे खेल शामिल हैं।



### आर्थिक तंगी से नहीं रुकेगा बच्चों का इलाज

**अस्पताल के संचालक और डॉक्टर एसके निराला ने कहा कि किसी भी बच्चे का इलाज आर्थिक तंगी के कारण नहीं रुकेगा। अस्पताल प्रशासन की ओर से हरसंभव सहायता दी जाएगी। वहीं, आयुष्मान मित्र शांति खलको ने बताया कि यदि बच्चे के माता-पिता के पास जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड और राशन कार्ड उपलब्ध हो तो अस्पताल में उनका मुफ्त इलाज किया जाएगा। इस अवसर पर सिस्टर सोनाली खलको, शांति टोप्पो, प्रियंका महतो, बृहस्पति गोप, सुषमा महतो, करिश्मा साहू, अंजलि राजवार, प्रतिमा टुडू, जूलिका एक्का, निशा रजक, नजमा परवीन, स्टाफ विप्लव यादव, नीलमणि कुमार, जनसंपर्क अधिकारी दिवा शंकर पासवान आदि उपस्थित थे।**

# शिविर लगा कर किया गया 54 संशोधित पर्चा का वितरण




**कांके (आजाद सिपाही)।** अंचल कार्यालय में रविवार को दूसरी बार दाखिल खारिज शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 10 डिसीमल तक के रकबा वाले जमीन के आवेदनों का म्यूटेशन कर निष्पादन किया गया। अंचल में 10 डिसीमल से कम वाले लंबित 54 केस का निष्पादन कर दाखिल खारिज किया गया। रैयतों के बीच शुद्धि पत्र (संशोधित) का वितरण एलआरडीसी मुकेश कुमार एवं सीओ जय कुमार राम ने किया। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख सोमनाथ मुंडा, पंसस लालचंद सोनी, रवींद्र प्रसाद, दुर्गेश मुंडा, किरण खलखो, माधवी कुमारी और विजय उरांव आदि उपस्थित थे।

## इटकी के नये थाना प्रभारी ने संभाला कार्यभार

**इटकी (आजाद सिपाही)।** इटकी थाना में नये थाना प्रभारी मनीष कुमार ने रविवार को कार्यभार संभाल लिया। जबकि थान प्रभारी अभिषेक कुमार को सुखदेव नगर थाना में पदस्थापित किया गया है। पदभार लेने के बाद थाना प्रभारी मनीष कुमार ने कहा कि न्याय युक्त काम करुंगा। अपने कर्त्तव्य का निर्वाह करूंगा। क्षेत्र में अपराध नियंत्रण पर पूरा ध्यान रहेगा। इसके लिए लोगों से सहयोग की अपील की है।

# खुद से पढ़ाई कर यूजीसी नेट परीक्षा पास कर इफ्फत आरा बनीं मिशाल

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत हेसल गांव की एक साधारण परिवार की महिला इफ्फत आरा ने खुद की मेहनत से यूजीसी नेट 2024 की परीक्षा पास कर एक मिसाल कायम की है। इसको लेकर गांव और परिवार वालों में खुशी का माहौल है। वहीं इस सफलता से उन्होंने क्षेत्र का मान बढ़ाया है। इतिहास विषय में असिस्टेंट प्रोफेसर (जेआरएफ) के लिए क्वालीफाई किया है। इफ्फत आरा बताती हैं कि बचपन से ही उन्हें प्रोफेसर बनने का जुनून था। उन्होंने बिना किसी कोचिंग क्लास के खुद से पढ़ाई कर यह परीक्षा पास किया है। उनकी पूरी शिक्षा सरकारी स्कूलों से हुई। वहीं इंटर (इतिहास) एवं स्नातक तक की पढ़ाई योगदा सत्संग कॉलेज धुर्वा रांची से और पीजी की पढ़ाई रांची विश्वविद्यालय से पूरी की। इफ्फत इस सफलता का पूरा श्रेय पति मो अंसार अंसारी, माता संजीदा खातून, पिता मुबारक अंसारी एवं गुरुजनों को दी है। इस शानदार सफलता पर पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, विधायक राजेश कच्छप, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, डॉ अमर कुमार चौधरी, डॉ रिझू नायक, डॉ पन्नालाल महतो, डॉ जलेश कुमार महतो, डॉ सुरेश कुमार महतो, डॉ गुलजार, डॉ हर्षनाथ भोगता, डॉ सत्यदेव मुंडा, जिप सदस्य अनुराधा मुंडा, राजेंद्र शाही मुंडा, मुस्तफा अंसारी, रामसाय मुंडा, सिकंदर अंसारी, डॉ दिनेश कुमार, जलनाथ चौधरी, आतिश महतो, मिनहाज आलम और एहसान अंसारी आदि ने बधाई दी है।



## अंतर विद्यालय स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता सह वार्षिक महोत्सव का हुआ आयोजन



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** संत जगत ज्ञान महर्षि मेंहि पब्लिक स्कूल पुरियो में रविवार को अंतर विद्यालय स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित करने के साथ ही वार्षिक महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ छात्राओं द्वारा जनजातीय गीत-नृत्य कर एवं अतिथियों को गुलदस्ता-स्मृति चिन्ह देकर किया गया। संत जगत ज्ञान महर्षि मेंहि पब्लिक स्कूल के प्राचार्य संदीप राज नेअतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद संस्थान के सचिव सह विद्यालय के निदेशक डॉ पंकज राज द्वारा विद्यालय प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बच्चों का मार्गदर्शन एवं उत्साहवर्धन किया गया। अंतर स्तरीय विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में 50 मीटर, 100 मीटर, 200 मीटर दौड़, बाधा दौड़, खो-खो, कबड्डी, रस्साकसी प्रतियोगिता और जूनियर वर्ग में जलेबी रेस, मेढ़क रेस, थ्री लेग रेस, सूई धागा रेस आदि खेलों का आयोजन किया गया। सभी खेलों में संत जगत ज्ञान सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल पिस्कानगड़ी रांची और संत जगत ज्ञान महर्षि मेंहि पब्लिक स्कूल पूरियो बेड़ों के बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। खेलकूद प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। वहीं, ओवर आल चैंपियन का खिताब संत जगत ज्ञान महर्षि मेंहि पब्लिक स्कूल पूरियो बेड़ों की टीम ने जीता। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिसई थाना प्रभारी संतोष कुमार, बेड़ों थाना प्रभारी देवप्रताप प्रधान, विद्यालय के निदेशक डॉ पंकज राज, संत जगत ज्ञान सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल पिस्का नगड़ी की प्राचार्या जसमंती देवी, उपप्राचार्या सुनीता सिंह, संत जगत ज्ञान महर्षि मेंहि पब्लिक स्कूल पूरियो बेड़ों के प्राचार्य संदीप राज, रोशनी कुमारी, केशा ग्राम की मुखिया अंजू कच्छप, रितेश्वर और अभिभावक मौजूद थे। वहीं, कार्यक्रम का संचालन भावना सिंह, ज्योत्सना कुमारी और संतोष कुमार चौबे ने किया। खेलकूद प्रतियोगिता दोनों विद्यालय के शारीरिक शिक्षक सिकेन्द्र कुमार और अजित कुमार की देखरेख में संपन हुआ।

## वाहनों की भिड़ंत में दिव्यांग दुकानदार घायल, रिम्स रेफर

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के सांई मंदिर रोड में सरस्वती विद्या मंदिर के समीप रविवार की शाम 6.30 बजे बाइक के धक्के से ट्राई स्कूटी सवार दिव्यांग दुकानदार बेड़ो के गयात्री नगर निवासी कमलेश खन्ना (56) गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि बाइक सवार गुमला के भरनो निवासी बबलू (25) को भी चोट आयी है। जिसे स्वजनों ने ग्रामीणों के सहयोग से बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉ काजोल ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल दिव्यांग कमलेश को बेहतर उपचार के लिए रिम्स भेज दिया।

## नरकोपी में पुलिस-पब्लिक के बीच बेहतर संबंध स्थापित करने को लेकर बैठक

# शांति में ही तरक्की है, छोटी-छोटी बातों को लेकर विवाद ना करें: डीएसपी अशोक रामो

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** नरकोपी थाना परिसर में रविवार को पुलिस, पब्लिक और जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर संबंध स्थापित करने को लेकर बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता डीएसपी अशोक कुमार राम ने की। इस अवसर पर डीएसपी अशोक राम ने कहा कि पुलिस और आम जनता के बीच बेहतर सामंजस्य स्थापित होने चाहिए। लोगों को क्षेत्र की समस्याओं को पुलिस को बतानी चाहिए, ताकि उसका समय पर निवारण किया जा सके। साथ ही क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम करने के लिए समाज के लोगों को मिलजुल कर रहने को कहा। क्षेत्र के सौहार्दपूर्ण वातावरण को किसी हाल में बिगड़ने नहीं देना है। कहीं भी अशांति की सूचना मिले तो सीधे थाने को सूचित करें। उन्होंने कहा शांति में ही तरक्की है। ऐसे में छोटी-छोटी बातों को लेकर विवाद करना ठीक नहीं है। ऐसा करने से व्यक्ति और समाज दोनों की तरक्की प्रभावित होती है। उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया कि प्रशासन आपके साथ है। आपके सहयोग से ही स्थानीय समस्याओं को मिलजुलकर सुलझाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विधि व्यवस्था और शांति बनाए रखने के लिए स्थानीय पुलिस प्रशासन हर समय आपके साथ है। गांव में विधि व्यवस्था कायम रखने में आम लोगों की काफी अहम भूमिका होती है। ऐसे में पुलिस के प्रति साकारात्मक भाव रखते हुए समाज के बीच माहौल बिगाड़ने के लिए अफवाह फैलाने वालों को चिंहित कर उसकी सूचना दें। समाज में अराजक तत्व काफी कम संख्या में होते हैं लेकिन उनके कारण समाज काफी प्रभावित होता है। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना में घायलों की जान बचाने वाले लोगों को पुलिस पुरस्कृत करेगी। साथ ही अंधविश्वास, डायन बिसाही प्रथा से दूर रहने और शराब ना पीने की सलाह दी। वहीं, थाना प्रभारी नागेश्वर साव ने कहा कि क्षेत्र में किसी भी जनता को यदि कोई भी परेशानी हो तो सीधे आकर संपर्क करें। इधर उपस्थित सभी लोगों ने भी बारी-बारी से क्षेत्र की समस्या और अपने विचारों को रखा। बैठक में मुखिया गंगी कुमारी, सुकरा उरांव, शाह मोहम्मद अंसारी, रहमान अंसारी, सज्जाद अंसारी, मोईन अंसारी, भवानी उरांव, गंदुरा उरांव, बिजला भगत, मकबुल अंसारी, हबिब अंसारी, लालदेव लोहरा, जगदीश गोप, संतोष भगत, एतवा उरांव, बिहारी टोप्पो, मुर्तजा अंसारी, दिलजान खान, दुबराज खान, संतोष कुजूर, राजकुमार, धौवा उरांव, सुरेश उरांव, आदित्य शाही, मुंशब अंसारी, करन शाही, रबुल अंसारी, वाहिद अंसारी, तबारक अंसारी, नेजाम अंसारी, मुस्तकीम अंसारी आदि मौजूद थे।



## इटकी में हज यात्रियों का दिया गया प्रशिक्षण

**इटकी (आजाद सिपाही)।** इटकी में हज जाने वाले हज यात्रियों के लिए मदीना मैरिज हॉल में प्रशिक्षण शिविर आयोजित हुआ। जिसमें रविवार को प्रशिक्षक हाजी केसर आलम ने प्रशिक्षण दिया। शिविर में हज प्रशिक्षण के समन्वयक हाजी कैसर आलम ने हाजियों को हज यात्रा के दौरान मक्का में तेज गर्मी से बचने और समय का चयन करने की जानकारी दी। इसके अलावे हज यात्रा के पूर्व की तैयारी के साथ हवाई यात्रा, सऊदी अऱब के नियम कानून व्यवस्था की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। हज़-यात्रियों के मक्का पहुंच कर उमरा करने बाद हज के धार्मिक नियमों की जानकारी दी। शिविर में रांची, खुटी, गुमला, लोहरदगा और चतरा जिला के करीब 150 हज़-यात्री शामिल हुए। शिविर को सफल बनाने में मोहसिन जफर, अबरार इमाम, मेराज आ़लम, कमरोश कैसर, नौशाद अख़्तर, नबील और सरफरज का अहम भूमिका रही।

## पेपर लीक के विरोध में आजसू का प्रदर्शन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** झारखंड में 10वीं बोर्ड परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होने को युवा आजसू ने गंभीरता से लिया है। आजसू ने इस घटना की कड़ी निन्दा करते हुए रविवार को शहीद निर्मल महतो चौक गोंदलीपोखर में राज्य सरकार एवं जैक अध्यक्ष का पुतला दहन किया। इस अवसर पर युवा आजसू अनगड़ा इकाई के महावीर महतो ने पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। कहा कि ऐसे कृत्य से छात्रों का भविष्य अंधकारमय हो सकता है। इस पर रोक लगाने के लिए सरकार को सख्त कदम उठाने होंगे। पेपर लीक घोटाला झारखंड की शिक्षा व्यवस्था पर एक कलंक है। विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। आजसू इस पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग करती है। इस मौके पर आतिश महतो, अजीत महतो, पारसनाथ महतो, संजय महतो, कन्हैया कुमार केसरी, जगदीश महतो, साहेबराम महतो, दीपक महतो, विकास महतो, जलनाथ चौधरी, सुनील महतो, मोहन महतो, सनोज महतो आदि उपस्थित थे।

## भरनो में जागरूकता शिविर का आयोजन



**भरनो (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण गुमला के द्वारा रविवार को ब्लॉक परिसर में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि डालसा के प्रतिनिधि छत्रपाल साहू, प्रणव साहू, प्रमुख पारसनाथ उरांव, बीडीओ अरुण कुमार सिंह, सीओ अविनाश कुजूर, सीडीपीओ नीलम केरकेट्टा सहित अन्य पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उपस्थित लोगों को कानून के बारे में जानकारी दी,साथ ही उन्होंने डायन बिसाही जैसे अंधविश्वास के बारे में लोगो को जागरूक किया। वहीं कार्यक्रम में विभाग वार योजनाओं की जानकारी दी गयी एवं परिसंपति वितरण लाभुको के बीच किया गया। मौके पर काफी संख्या मे ग्रामीण सहित प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

## बिशुनपुर में स्थायी लोक सेवा अदालत जागरूकता शिविर आयोजित



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय में रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला के सौजन्य से स्थायी लोक सेवा अदालत जागरूकता सह राजस्व संबंधी शिविर का आयोजन किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी सुलेमान मुंडरी अंचलाधिकारी शेखर वर्मा की अध्यक्षता में की गयी। मुख्य रूप से स्थायी लोक अदालत गुमला के अधिवक्ता अवनीत कुमार पांडे प्रदीप कुमार पांडे राजेंद्र साहू शामिल हुए। इस मौके पर 24 एकड़ का सामुदायिक वन पट्टा, 2 लाख केसीसी लोन, 12 लोगों को स्थानीय प्रमाण पत्र नरेगा का जॉब कार्ड 20 विद्यार्थियों के बीच 200 साइकिल पीएम जनमन आवास 20 अबुआ आवास 20 पीएम आवास 20 वृद्धो के बीच 50 पेंशन प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत 10 लोगों के बीच 50000, सहित विभिन्न विभाग के द्वारा परिसंपत्ति वितरण किया गया। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख राजलक्ष्मी उरांव उप प्रमुख चंदन सिंह सहित तमाम पंचायत समिति एवं मुखिया बीपीआरओ जितेंद्र भगत कल्याण पदाधिकारी गणेश राम महतो प्रदीप भगत के अलावे संबंधित प्रखंड सह अंचल कर्मी में उपस्थित थे।

## मेडिकल हॉल के स्टाफ की साइकिल चोरी

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला शहर के जशपुर रोड स्थित सदर अस्पताल के समीप रोहित मेडिकल हॉल में काम करने वाले स्टाफ डीएसपी रोड निवासी पंकज की साइकिल की चोरी कर ली गयी है। घटना शनिवार की शाम 8 बजे की है जानकारी देते हुए पंकज ने बताया दो लोग दुकान में दवा खरीदने आये इसके बाद दवा खरीद कर वे लोग जाने लगे इसी बीच एक और ग्राहक आया उसे दवा देने में व्यस्त हो गया। दुकान के सामने मेरी साइकिल खड़ी थी। तभी चोर साइकिल को चुरा कर चलते बने। पंकज ने बताया मामले को लेकर रविवार को गुमला थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी जायेगी।

## बाइक से गिरकर चार युवक घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** रायडीह थाना क्षेत्र के टुडू रमा मोड में सामने से आ रहे तेज रफ्तार कार से बचने के क्रम में एक बाइक में सवार चार युवक घायल हो गए। घटना के बाद सभी घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रायडीह में भर्ती कराया गया जहां से गंभीर स्थिति को देखते हुए चिरगांव निवासी 18 वर्षीय रूपेश बड़ा को सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक घर में शादी का माहौल है चारों युवक एक बाइक में सवार होकर मांझा टोली शादी का सामान खरीदने जा रहे थे। तभी टुडू रमा मोड में सामने से तेज रफ्तार से आ रहे कार से बचने के क्रम में तीनों सड़क पर ही गिर गए। घटना में रूपेश बड़ा गंभीर रूप से घायल हो गया।

## समाज में हो रही लड़ाई झगड़ा का निपटारा पहली प्राथमिकता : आफताब आलम

**कैरो (आजाद सिपाही)।** कैरो भंडरा के मुस्लिम समाज मे इन दिनो आपसी प्रेम और भाईचारगी कायम करने को लेकर चलाया जा रहा है। विशेष मुहिम इस दरमियान प्रखंड के बड़ागांई मे अंजुमन के ओहदेदारों के साथ एक व्यक्ति का आपसी तु तु मैं मैं हो गया था जिसकी खबर प्रखंड अंजुमन के सदर आफताब आलम को दिया गया तो फौरन मामला को संज्ञान मे लेते हुए प्रखंड के बुद्धिजीवियों को लेकर एक शांति व्यवस्था कायम करने के लिए बडागांई मे मीटिंग किया गया। जिस पर दोनों पक्षों का सुलहनामा कराकर सदर आफताब आलम ने आपसी भाईचारगी के साथ आने वाला त्यौहार रमजान को मनाने का दिया संदेश। वहीं प्रखंड नाइब सेक्रेट्री ने कहा हम सभी लोग अमन चैन कायम करके भाईचारगी के साथ अपने पवित्र रमजान महीना का इस्तकबाल करेंगे।

# पुंडी में हॉकी स्टिक मारकर पत्नी की हत्या, गिरफ्तार

**पागलपन का दौरा पड़ने के बाद की पत्नी को पीटा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**जारी।** जारी थाना क्षेत्र अंतर्गत पुंडी गांव में शनिवार की रात सनकी पति किशोर टोप्पो ने अपनी 35 वर्षीय पत्नी सलोमी टोप्पो की हॉकी स्टिक से पीट-पीट कर हत्या कर दी। घटना की सूचना ग्रामीणों ने रविवार की सुबह जारी थाना को दी। जिसके बाद जारी थाना के इंस्पेक्टर आदित्य कुमार सिंह दलबल के साथ गांव पहुंचे और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के मुताबिक शनिवार की रात खाना पीना खाकर पति-पत्नी और उनका 12 वर्षीय बेटा सोने चले गये। इसके बाद रात में ही किशोर को पागलपन का दौरा पड़ा और हॉकी स्टिक से पत्नी को पीट-पीट कर मार डाला। लोगों ने बताया बीच-बीच में किशोर का दिमागी हालत खराब हो जाता था। इसके बाद वह घर को अंदर से बंद कर लिया। सुबह 10 बजे पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद दरवाजा खुलवाया और आरोपी को गिरफ्तार किया। वहीं शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल गुमला में कर परिजनों को सौंप दिया गया है।

# ट्रेलर की टक्कर से महिला की मौत, तीन घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



**कामडारा।** कामडारा स्टेट हाइवे पर सुरुहु मोड़ के समीप रविवार की शाम करीब 5:30 बजे एक ट्रेलर की चपेट में आने से बाईक सवार पत्नी की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गयी। जबकि पति समेत दो नाबालिग बेटियां गंभीर रूप से घायल हो गयी है। मृतका शांति बागे उम्र 35 वर्ष, वहीं गंभीर रूप से जख्मी पति प्रकाश सुरीन और उसकी दो पुत्री आशिका सुरीन उम्र 7 वर्ष एंव अनिसा सुरीन उम्र 5 वर्ष का नाम शामिल है। मृतक और घायल सभी कामडारा थाना अंतर्गत मोरहाटोली रस्साटोली गांव के निवासी हैं। तत्काल सभी घायलों को सीएचसी कामडारा में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक डॉ परेश बेदिया जीएनएम जेस्मा तोपनो और हेमलता लकड़ा ने प्राथमिक उपचार किया। तत्काल गंभीर रूप से जख्मी पति प्रकाश सुरीन और पांच वर्षीय पुत्री अनिसा सुरीन को गंभीर स्थिति में हायर सेंटर रेफर कर दिया।

घटना के बारे मृतका शांति बागे की बहन एसरन बागे ने बताया कि दोनों बहन अपने परिवार के साथ पोकला बाजार गये थे। बाजार से वापस अपने घर मोरहाटोली रस्साटोली गांव लौट रहे थे। एक बाइक पर प्रकाश सुरीन पत्नी शांति बागे और उसकी दोनों नाबालिग पुत्री बैठी थी। जबकि दूसरे बाईक पर मृतका की बहन एसरन पति जोन सुरीन और उसकी चार वर्षीय बेटी अहाना सुरीन बैठी थी। घर लौटने के क्रम में सुरहू मोड़ के समीप सामने से आ रहे एक ट्रेलर ट्रक ने प्रकाश सुरीन के बाइक को अपनी चपेट में लेकर भागने में फरार रहा। घटना की सूचना पर कामडारा पुलिस मृतका के शव को बरामद कर जांच पड़ताल में जुटी है। गंभीर रूप से जख्मी प्रकाश सुरीन ट्रेक्ट्रर चलाने का काम करता है।

घायल प्रकाश सुरीन के भाई ने बताया कि मृतका शांति बागे और प्रकाश सुरीन दोनो लिव इन रिलेशनशिप मे रहते थे। इधर आगामी 28 को केमताटोली चर्च मे उन दोनों का विधिवत शादी के लिये तिथि तय की गयी थी।

# समाज के कमजोर वर्गों को न्याय तक पहुंचने के लिए कानूनी जागरूकता आवश्यक : ओम प्रकाश

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** ब्लॉक परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा कानूनी सहायता एवं सशक्तिकरण कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का उद्घाटन प्रधान न्यायधीश कुटुंब न्यायालय गुमला ओम प्रकाश, बीडीओ दिनेश कुमार, सीओ आशीष कुमार मंडल, एलएडीसी मेंबर बिंदेश्वर गोप, अधिवक्ता सह मिडियेटर शारदा पांडे पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कैंप का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को उनके विधिक अधिकारों की जानकारी देना और जरूरतमंदों को निशुल्क कानूनी सहायता प्रदान करना है। साथ ही सरकारी योजनाओं की जानकारी भी उपलब्ध कराया जाना है। कैंप में घरेलू हिंसा,बाल अधिकार,संपत्ति विवाद, वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार, निशुल्क कानूनी सहायता, लोक अदालत और सरकारी योजनाओं से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गयी। साथ ही जरूरतमंद व्यक्तियों को मौके पर ही कानूनी परामर्श एवं सहायता प्रदान की गयी। वही बाल विकास विभाग, मनरेगा,कृषि विभाग, अबुआ आवास,प्रधानमंत्री आवास, पेंशन सहित कई अन्य जन कल्याणकारी योजना की परिसंपत्ति का वितरण अतिथियों द्वारा लाभुकों के बीच किया गया। मौके पर प्रधान न्यायधीश कुटुंब न्यायालय ओम प्रकाश ने कहा कि समाज के कमजोर और वंचित वर्गों को न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए कानूनी जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। जरूरतमंद कोई भी व्यक्ति जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क का निशुल्क कानूनी सहायता प्राप्त कर सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि प्राधिकरण का उद्देश्य समाज में हर व्यक्ति को न्याय दिलाना है चाहे वह किसी भी वर्ग और समुदाय से हो। वही बीडीओ दिनेश कुमार ने कहा कि कोई भी समाज के वंचित वर्गों को न्याय प्राप्त करने में सफल सहायता उक्त कार्यक्रम से मिलेगी।वही बीडीओ ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वह अपने अधिकारों की जानकारी ले और अपने जरूरत पड़ने पर विधिक सेवा प्राधिकरण की मदद ले। मौके पर बीपीओ पुष्पा टोप्पो, बीपीआरओ शंकर साहू,शंकर खेरवार सहित कई कर्मी ग्रामीण महिला-पुरुष बच्चे बच्चियां उपस्थित थी।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में नामांकन जांच परीक्षा संपन्न



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गुमला में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए नामांकन जांच परीक्षा का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। परीक्षा में काफी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

विद्यालय प्रशासन ने परीक्षा के सफल संचालन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की थीं। परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई।

प्राचार्य संजीव कुमार सिन्हा ने परीक्षा में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यालय प्रशासन जल्द ही परीक्षा परिणाम घोषित करेगा और सफल विद्यार्थियों का नामांकन किया जायेगा।

परीक्षा परिणाम की जानकारी विद्यालय के नोटिस बोर्ड और फोन के माध्यम से अभिभावकों को दी जायेगी।

# भारत माला सड़क परियोजना का विरोध कर रहे हैं ग्रामीण और किसान

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** आदिवासी संघर्ष मोर्चा की टीम ने रविवार को भारत माला सड़क परियोजना में प्रभावित गांवों का दौरा किया। टीम चैरअंबा, भकुवा टोली, जामटोली , नकटी बड़ीसा, नदी टोली, असनी, चंदाली, जोड़ा टांड़, लठाबरटोली, कोलपारा घठा, कांटासारू, बंसडीह, परशा , टुकुटोली, तुंज टोली, पारासीमा आदि अनेक छोटे - छोटे कस्बो तक पहुंची। विभिन्न गांवो में आम लोगों और प्रभावितों से रूबरू होकर बातचीत की गयी। ग्रामीणों ने कहा कि किसान अपनी जमीन नहीं देना चाहते हैं। क्योंकि उनके पास जमीन के अतिरिक्त जीविका का कोई दूसरा साधन नहीं है। किसानों ने कहा कि वे सरकार का विकास नहीं रोक रहें हैं। जबकि एनएच 43 का पहले से ही चौड़ीकरण करने का नोटिफि केशन हो चुका था फिर किस परिस्थिति में चैरअंबा मौजा से डाइवर्ट कर लगभग 32 किलोमीटर कटकाया तक धान के खेत से भारत माला परियोजना बनाने कि आवश्यकता पड़ रही है। जिसका ग्रामीणों ने विरोध किया। दौरा में प्रमुख रूप से आदिवासी संघर्ष मोर्चा संयोजक जाग्रनाथ उरांव, महिला नेता नीता देवी, आदिवासी मोर्चा के नेता लालीविद्या, हीरा गोप, अखिल भारतीय किशान महासभा के उपाध्यक्ष, गजेन्द्र सिंह, बिन्झु उरांव, दीपु उरांव , लोथे उरांव, सहदेव उरांव, मंबाहाल उरांव, दुर्गा उरांव, रामा उरांव, नवल उरांव, बहुरण उरांव, बिरसो उरांव, भूखली उरांव, सरिता उरांव, चंद्रमनी उरांव, राजेश उरांव आदि उपस्थित थे ।

# डीएवी में लीगल लिटरेसी क्लब का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** 23 फरवरी रविवार को डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला में लीगल लिटरेसी क्लब का उद्घाटन किया गया। यह प्रसन्नता की बात है कि झारखंड हाई कोर्ट जज सह झालसा एग्जिक्यूटिव चेयरमैन जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद के द्वारा झारखंड के 72 डीएवी पब्लिक स्कूल्स में लीगल लिट्रेसी क्लब का एकसाथ उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर डालसा के एडीशनल सिविल ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट सह सिविल जज सीनियर डिविजन वन पार्थ सारथी घोष, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल डीएन ओहदार, पैनल एडवोकेट सुधीर कुमार पाण्डेय, पारा लीगल वॉलेंटियर जरीना खातून उपस्थित थे। प्रधानाचार्य डॉ रमाकांत साहू ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया और कहा कि समाज में कानूनी जागरूकता फैलाने में विद्यार्थी कई तरह की भूमिका निभा सकते हैं। श्री पार्थ सारथी घोष ने डालसा की परिकल्पना की जानकारी दी और कहा कि गरीब, शोषित, वंचित तबके को सहायता दिलाने में डालसा महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस पुनीत कार्य में विद्यार्थी भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। सुधीर कुमार पांडेय ने डालसा के द्वारा गुमला में कानूनी सहायताओं की जानकारी दी।

इस अवसर पर शिक्षक पवित्र कुमार मोहंती, एसके आचार्या, अभिजीत झा, संजुक्ता खटुआ, मिथिलेश कुमार दुबे, मोनिका कुमारी, विवेक कुमार समेत स्कूल लीगल लिटरेसी क्लब के प्रभात जायसवाल, लक्ष्मी कुमारी, साक्षी सिंह, अपराजिता कुमारी, दीक्षा, नंदिनी कुमारी, शाश्वत गौरव, रविंद्र लोहरा, श्रुति मालानी, ताशा झा, श्रेयान्स, सूर्यांशु चौधरी, दिव्यांशु साहू,अक्षत राज, आस्था कुमारी, फारेहा एजाज, साक्षी उरांव,पल्लवी कुमारी आदि सभी सदस्य उपस्थित थे।

## स्पोर्ट्स



**स्वर्ण के लिए 6 लाख रुपये, रजत के लिए 4 लाख रुपये और कांस्य के लिए 3 लाख रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान दी गयी।**

# ओड़िशा के 38वें राष्ट्रीय खेलों के पदक विजेता हुए सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**ओड़िशा/ भुवनेश्वर।** 38वें राष्ट्रीय खेलों में ओडिशा के सभी पदक विजेताओं को शनिवार को खेल और युवा सेवा विभाग द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह कलिंग स्टेडियम टेनिस सेंटर में आयोजित किया गया जहां खिलाड़ियों को पुरस्कार राशि और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। स्वर्ण पदक विजेताओं को 6 लाख रुपये, रजत पदक विजेताओं को 4 लाख रुपये और कांस्य पदक विजेताओं को 3 लाख रुपये पुरस्कार राशि दी गयी है।

खेल मंत्री सूर्यवंशी सूरज ने इस सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि थे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि ओड़िशा के खिलाड़ियों ने 38वें राष्ट्रीय खेलों में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। इसके अलावा, राष्ट्रीय खेलों में ओड़िशा ने अखिल भारतीय स्तर पर 12वां स्थान हासिल किया है और शीर्ष 15 राज्यों में शामिल हुआ है। हमारे खिलाड़ी हमारी आन, बान और शान हैं। खेल का सार है जीतने का जुनून रखना, हार से निराश न होना और दोबारा जीतने के लिए प्रेरित होना। राष्ट्रीय खेलों में यह जीत आज ओडिशा के कई युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा है। मंत्री श्री सूरज ने कहा कि ओडिशा के खिलाड़ी आने वाले दिनों में विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खेल आयोजनों में पदक जीतकर ओडिशा का नाम रोशन करेंगे।

हम खेल एवं खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। जमीनी स्तर पर खेल के बुनियादी ढांचे को विकसित करने के लिए ब्लॉक-स्तरीय स्टेडियम बनाने की योजना से लेकर, खेल प्रतिभाओं को विकसित करने के लिए सीएम-ट्रॉफी चैंपियनशिप का आयोजन हमारी सरकार द्वारा किया गया है। मंत्री श्री सूरज ने कहा कि सरकार खेलों के विकास के लिए हर तरह का सहयोग देती रहेगी।

इस कार्यक्रम में खेल एवं युवा सेवा के मुख्य प्रशासनिक सचिव भास्कर ज्योत शर्मा, निदेशक दीपंकर महापात्र, अतिरिक्त सचिव विजय कुमार स्वाइं, अतिरिक्त सचिव अशोक कुमार पंडा विभिन्न खेल संगठनों के वरिष्ठ अधिकारी और कार्यकर्ता प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

गौरतलब है कि 28 जनवरी से 14 फरवरी तक उत्तराखंड में 38वें राष्ट्रीय खेलों का आयोजन किया गया था। राष्ट्रीय खेलों का अगला संस्करण, 39वां राष्ट्रीय खेल 2027 में मेघालय में आयोजित किया जायेगा।

# भगवान राम ट्रस्ट और सर्वेश्वरी समूह ने आंजन में लगाया नेत्र जांच शिविर

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** आंजन ग्राम में अंजनी माता मंदिर के समीप उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रांगण में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा एवं चश्मा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन बाबा भगवान राम ट्रस्ट सोगड़ा जशपुर आश्रम एवं श्री सर्वेश्वरी समूह प्रार्थना गृह, गुमला के संयुक्त तत्वावधान में हुआ।

शिविर में नेत्र रोग से पीड़ित 404 मरीजों का जांच चिकित्सकों द्वारा किया गया। जबकि लगभग 407 ऐसे रोगियों की जांच भी चिकित्सकों द्वारा कर के परामर्श दिया गया जो अन्य बिमारियों से पीड़ित थे।रोगियों के नेत्र जांच के उपरांत 362 मरीजों को चश्मा और औषधि प्रदान किया गया। शिविर में रांची के प्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक डॉ. आनंद देव, जशपुर नगर के डॉ. आरके सिंह, डॉ. कुशवाहा, डॉ. एलपी मांझी तथा गुमला के डॉ. अविनाश के द्वारा मरीजों की जांच और चिकित्सीय परामर्श दिया गया।

शिविर का शुभारंभ परमपूज्य अघोरेश्वर महाप्रभू की पूजा अर्चना के साथ किया गया। पूजन का अनुष्ठान आचार्य भोला नाथ दास के द्वारा किया गया। शिविर में आंजनधाम सहित निकटवर्ती गांवों से काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे तथा आयोजन को लेकर उनमें खासा उत्साह देखा गया। मौके पर शिविर में गुरुपद बाबा संभव राम के उपस्थित होने पर उनका सान्निध्य पाकर ग्रामीण तथा आयोजनकर्ता अभिभूत दिखे तथा सबों ने उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

शिविर में समूह की गम्भरिया आश्रम से समीर सहाय, टपु जी, अखिलेश जी, प्रवीण कुमार सिन्हा, मामा जी सहित प्रार्थना गृह गुमला के उपाध्यक्ष अजय प्रसाद, विजय सिन्हा, संजय महापात्र, अजय सिन्हा, श्रीकृष्ण गुप्ता, सुबोध दास, बीएन दास, आश्रम कुमार, नंद कुमार सिंह, श्यामा कांत मिश्र, पंकज गुप्ता, कुमार दिपांकर, अंजय सिन्हा, सुरेन्द्र सिंह प्रवीण गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## धनबाद एनजीओ एसोसिएशन की बैठक में ‘एक राष्ट्र, एक चुनाव’ के समर्थन में चर्चा



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** शहर के निरीक्षण भवन में रविवार को आयोजित एक संगोष्ठी में धनबाद एनजीओ एसोसिएशन ने ‘एक राष्ट्र, एक चुनाव’ के समर्थन में चर्चा करने के बाद एक प्रस्ताव पारित किया। इस संगोष्ठी में स्थानीय एनजीओ प्रतिनिधियों, समाजसेवियों और राजनीति में सक्रिय जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह की ओर से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। साथ ही अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष का चयन भी किया गया। एनजीओ ने इस बात पर जोर दिया कि एक साथ चुनाव कराने के प्रस्ताव से लोकतंत्र की मजबूती और चुनावी प्रक्रिया की संवेदनशीलता में सुधार होगा। वक्ताओं ने कहा कि इस कदम से चुनावी खर्च में भी कमी आएगी और मतदाताओं की भागीदारी को भी बढ़ावा मिलेगा। वहीं, संगोष्ठी में उपस्थित विशेषज्ञों ने बताया कि ‘एक राष्ट्र, एक चुनाव’ की व्यवस्था राजनीतिक दलों और चुनावी प्रक्रियाओं को सरल एवं समर्पित बनाने में मदद कर सकती है। सभी उपस्थित सदस्य इस बात पर सहमत थे कि समान योजना के तहत चुनाव कराने से व्यापक वित्तीय बचत संभव है। चुनावों को सीमित करने से सरकारी खर्च और राजनीतिक दलों का खर्च दोगुना होने का खतरा कम हो जाएगा। साथ ही पैसे का सही उपयोग विकास योजनाओं में होगा। इस प्रस्ताव को ज्यादा प्रभावी बनाने के लिए धनबाद एनजीओ एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि वे विभिन्न राजनीतिक दलों, समाज के विभिन्न हिस्सों और प्रबुद्ध नागरिकों के साथ संवाद स्थापित करेंगे, ताकि इस आवश्यकता की गंभीरता को समझा जा सके। एसोसिएशन ने अपने इस महत्वपूर्ण प्रस्ताव से यह संकेत दिया है कि संगठन समाज में बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध है। दूसरी ओर, एसोसिएशन की ओर से चुनाव कर पदाधिकारियों का चयन किया गया। जिसमें संरक्षक तापस चक्रवर्ती, अनिल सिंह, अध्यक्ष संतोष विकराल, वरीय उपाध्यक्ष पूजा रत्नाकर, उपाध्यक्ष सुदर्शन साव, उपाध्यक्ष नम्रता गुप्ता, पिंकी गुप्ता, सचिव मगधेश कुमार, सह सचिव विंदेशवर वाउरी, सह सचिव मो एनाउल हक, कोषाध्यक्ष सुधांशु पाण्डेय, सह कोषाध्यक्ष प्रेम कुमार, प्रशांत कुमार, प्रचार प्रसार पदाधिकारी सरस्वती देवी और जनसंपर्क पदाधिकारी सुनीता कुमारी आदि शामिल हैं।

## तालाब से व्यक्ति का शव बरामद

**जैनामोड़/बेरमो (आजाद सिपाही)।** जरीडीह थाना अंतर्गत बांधडीह उतरी पंचायत स्थित तालाब में रविवार को 39 वर्षीय एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ। उसकी पहचान प्रदीप रजवार के रूप में हुई है। ग्रामीण तालाब के पास नहाने और शौच के लिए पहुंचे तो उन्हें तालाब में औंधे मुंह गिरे व्यक्ति को देखा गया। तुरंत इसकी सूचना जरीडीह थाना प्रभारी बिक्रम सिंह को दी। वहीं, खबर पाते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच गयी और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर, घटना की जानकारी मिलते ही परिवार को रो रो कर बुरा हाल हो गया है। मृतक के आश्रितों ने आम जनों और प्रशासन से सहयोग की मांग की है, ताकि सच्चाई सामने आ सकें। इस संबंध में जरीडीह थाना प्रभारी बिक्रम सिंह ने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असल कारणों का पता चल सकेगा।

# हर परीक्षा में प्रश्नपत्र का लीक हो जाना दुर्भाग्यपूर्ण है : सांसद

## कहा- राज्य की गठबंधन सरकार इसके लिए पूरी तरह से दोषी

**फुसरो पहुंचे चतरा सांसद का भाजपाइयों ने किया स्वागत**

आजाद सिपाही संवाददाता

**फुसरो/बेरमो।** फुसरो के पुराना बीडीओ ऑफिस स्थित भाजपा कार्यालय में रविवार को पूर्व जिलाध्यक्ष जगरनाथ राम के नेतृत्व में चतरा के सांसद कालीचरण सिंह का कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। वे किसी कार्यक्रम में भाग लेने बोकारो जाने के क्रम में फुसरो में रूके थे। इस मौके पर पत्रकारो से बात करते हुए सांसद ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और झारखंड सरकार पर जुबानी हमला किया। कहा कि राज्य सरकार भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। मैट्रिक परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक होने को लेकर पूछे गये सवाल पर सांसद ने कहा कि इसमें राज्य सरकार पूरी तरह से दोषी है। कोई भी परीक्षा होने पर पेपर लीक हो जाता है इसकी जिम्मेवारी किसकी है। इतना सचेत होने के बाद भी पेपर लीक हो जाता है। उन्होंने कहा कि यह सत्ता व्यवस्था में बैठे लोगों की जिम्मेवारी है। पर वे सिर्फ राज्य को लूटने में लगे हैं। हालांकि अब एसआइटी गठित कर या सीआइडी से इसकी जांच कराने की तैयारी की जा रही है। हर बार जब भी कोई परीक्षा होती है तो पेपर लीक हो जाता है, यह दुर्भाग्य की बात है। वहीं, पूर्व जिलाध्यक्ष जगरनाथ राम और वरिष्ठ नेता शिवलाल रवि ने कहा कि बेरमो क्षेत्र में पार्टी के सदस्यता अभियान में सभी पदाधिकारी बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे है। जिस तरह से भाजपा ने संगठनात्मक तरीके से दिल्ली में प्रचंड जीत हासिल की है, आने वाले समय में झारखंड में भी पुनः भाजपा की सरकार बननी तय है। इस मौके पर भाजपा के फुसरो नगर मंडल महामंत्री रमेश स्वर्णकार, टुनटुन तिवारी, रामेश्वर महतो, धनेश्वर महतो, अनिल गुप्ता, मदन गुप्ता, भोला सिंह, ओम सिंह, रामु तॉंती, श्रीकांत सिंह यादव, रवि कुमार, लालू गिरी, बाबू महतो, प्रमात्मा सिंह, मुलचंद खुराना, मनोज कुमार और लालमोहन महतो आदि मौजूद थे।



फुसरो में चतरा सांसद कालीचरण सिंह का स्वागत करते भाजपाई।

## डीसी से मिली झरिया विधायक रागिनी, झमाडा की शिकायत की



**झरिया (आजाद सिपाही)।** झरिया में 112 करोड़ रुपये की लागत से झमाडा विभाग की ओर से कराये जा रहे कार्य में बरती जा रही अनियमितता को लेकर विधायक रागिनी सिंह ने डीसी माधवी मिश्रा से मुलाकात कर शिकायत की। धीमी गति से चल रहे कार्य पर अपनी आपत्ति जताते हुए जल्द से जल्द कार्य को पूरा किए जाने की मांग की। वहीं, संवेदक द्वारा कार्य में किए जा रहे धांधली के प्रति अपना रोष व्यक्त कर निष्पक्ष जांच की मांग की। योजना निधि फंड का नगर निगम विभाग द्वारा खर्च का विवरण नहीं देने और निरीक्षण के वक्त कार्यस्थल पर अधिकारियों की अनुपस्थिति को लेकर भी आपत्ति जताते हुए डीसी को अवगत कराकर विभागीय कार्यवाई की मांग की। उन्होंने बताया कि वो इस मामले को सदन में उठाएंगी। दूसरी ओर, राज प्लस टू के इंडस्ट्री भवन चल रहे पठन पाठन कार्य को भौरा स्वास्थ्य केंद्र में स्थानांतरित करने का प्रस्ताव रखा। साथ ही पाथरडीह भांट डीह बस्ती में वर्षों से रुके रेलवे अंडरपास के कार्य को शुरू किए जाने को लेकर अपनी बात रखी और माडा में रखे गए सिक्योरिटी फंड को जल से संबंधित कार्य में इस्तेमाल करने को कहा।

# 400 से अधिक आंगनबाड़ी केंद्र बनेंगे मॉडल

## सरकारी भवनों में चलने वाले आंगनबाड़ी केंद्र ही बनाये जायेंगे मॉडल

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** जिले के 400 से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों को मॉडल बनाया जाएगा। जिसकी तैयारी जिला प्रशासन ने शुरू कर दी है। जिला समाज कल्याण शाखा से आंगनबाड़ी केंद्रों की सूची तैयार करने को कहा गया है। इसके आधार पर आगे की कार्रवाई होगी। सरकारी भवनों में चलने वाले आंगनबाड़ी केंद्रों को ही मॉडल बनाया जाएगा। निजी भवनों में चलने वाले आंगनबाड़ी केंद्र इसके दायरे में नहीं आयेंगें। जिला प्रशासनिक अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक मॉडल केंद्र बनाने के लिए राशि की कोई कमी नही है। डीएमएफटी राशि मद से इसकी राशि अवंटित की जाएगी। खबर है कि डीएमएफटी न्यास परिषद से इसकी मंजूरी मिल गयी है। गौरतलब हो कि जिले में चरणबद्ध तरीके से आंगनबाड़ी केंद्रों को मॉडल केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। पहले फेस में बीसीसीएल के सीएसआर फंड से आंगनबाड़ी अंगनबाड़ी केंद्रों को मॉडल बनाया गया था। अब दूसरे चरण में डीएमएफटी की राशि से केंद्रों को मॉडल बनाया जाएगा।




### कौन-कौन होंगीं सुविधाएं

मॉडल आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को पढ़ाई के साथ ही खेल-कूद की भी सुविधाएं मिलेंगीं। वहीं, आंगनबाड़ी केंद्रों की दीवारों को आकर्षक चित्र उकेरे जायेंगें। दीवारों को खूबसूरत और आकर्षक बनाया जाएगा, ताकि बच्चों को कुछ नया सा लगे। मॉडल आंगनबाड़ी केंद्रों बिजली-पानी की भी व्यवस्था होगी। वाटर प्यूरीफाइयर और पंखे भी लगाये जायेंगें। बच्चों को बैठने के लिए बेच-कुर्सियां भी लगेंगीं। इसके साथ ही कई अन्य सुविधाएं भी दी जायेंगीं।

## अस्पताल पर लगा गलत इलाज करने के कारण महिला की मौत का आरोप, शिकायत दर्ज

**धनसार (आजाद सिपाही)।** धनबाद के जोड़ाफाटक रोड स्थित एक नर्सिंग होम पर गलत इलाज करने से महिला की मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। इस बाबत सुदामडीह थाना क्षेत्र निवासी मिंटू चौधरी ने बैंक मोड़ थाना एवं जिला सिविल सर्जन को लिखित शिकायत देकर गलत इलाज करने से उसकी पत्नी सिमरन कुमारी की मौत होने की शिकायत 18 फरवरी को ही दर्ज करायी थी। बावजूद इसके अब तक आरोपी चिकित्सक पर कोई कार्रवाई नहीं होने से मृतक के परिजन काफी आहत हैं। बस्ताकोला में रविवार को प्रेस वार्ता कर मृतका के परिजनों ने न्याय के लिए आंदोलन करने की बात कही है। कहा कि न्याय नहीं मिला तो जरूरत पड़ने पर सपरिवार नर्सिंग होम के समक्ष आत्मदाह भी करेंगे, जिसकी जिम्मेवारी जिला प्रशासन और नर्सिंग होम संचालक की होगी। इस मौके पर मृतक के परिजन हरे राम चौधरी, मीरा देवी, नीतू देवी और रितु देवी आदि मौजूद थे। बतातें चलें कि मिंटू चौधरी ने अपनी पत्नी सिमरन कुमारी को इलाज के लिए गत दो फरवरी को जोड़ा फाटक रोड स्थित पाटलिपुत्र नर्सिंग होम में भर्ती कराया था। जहां जांच के बाद पत्नी के पेट में पल रहे नवजात की गर्भ में ही मौत होने की जानकारी दी गयी। वहीं, मना करने के बावजूद सिमरन का ऑपरेशन किया गया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गयी और छह फरवरी को उसकी मौत हो गयी।

## वाटर फिल्टर प्लांट चालू कराने सहित मांगों को लेकर जोगता नागरिक समिति का 28 फरवरी को चक्का जाम



**सिजुआ/कतरास (आजाद सिपाही)।** जोगता वाटर फिल्टर प्लांट को चालू कराने सहित पांच सूत्री मांगों को लेकर 28 फरवरी को मोदीडीह कोलियरी में प्रस्तावित चक्का जाम अंदोलन को सफल बनाने को लेकर जोगता नागरिक समिति ने पूरी ताकत झोंक दी है। रविवार को समिति सदस्यों ने जोगता आंबेडकर नगर में बैठक कर चक्का जाम की रूपरेखा तैयार की। समिति के अध्यक्ष अनुज कुमार सिन्हा ने हक पाने के लिए आंदोलन में बढ़चढ़ भाग लेने की लोगों से अपील की। इस मौके पर शंकर पासवान, मनोज कालिंदी, अलखी देवी, राजो देवी, बुधन भुइयां, मनोज पासवान, लूटी यादव, राम बालक यादव, राजेश भुइयां, अक्षय लाल भुइयां, शंभू यादव, बिंदिया देवी, अकसीया देवी, चान मुनी देवी, गुड़िया खातुन और कौशल्या देवी आदि उपस्थित थे।

## टाटा डीएवी में लीगल लीट्रेसी क्लब का उद्घाटन



**सिजुआ/कतरास (आजाद सिपाही)।** भेला टांड स्थित टाटा सिजुआ के डीएबी प्लस टू विद्यालय में रविवार को लीगल लीट्रेसी क्लब का उद्घाटन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे न्यायधीश स्तयभामा कुमारी, कतरास प्रेस क्लब के अध्यक्ष इंद्रजीत पासवान और प्राचार्या चंद्रणी बनर्जी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। वक्ताओं ने कहा कि बच्चों को कानून की जानकारी होना बहुत जरूरी है, ताकि उनके साथ कभी किसी तरह का गलत ना हो सके। उनका भविष्य उज्वल हो। इस मौके पर सहायक एलएडीसीएएस मुस्कान चोपडा, पीएलभी बिपिन कुमार, एके सिंह, आयुष अग्रवाल, कल्पना राय, एचके राय, अनिता शर्मा, रूबी हाजरा, मनीष जोशी सहित विद्यालय के कर्मचारी-विद्यार्थी मौजूद थे।

## सांसद ढुल्लू महतो ने सुनी लोगों की समस्याएं



**कतरास (आजाद सिपाही)।** पचगढ़ी बाजार स्थित रानी सती दादी मंदिर में रविवार को कतरास नागरिक समिति की ओर से बैठक की गयी। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो भी शामिल हुए। उनके अलावा कतरास थाना प्रभारी सह इन्सपेक्टर आसित सिंह भी मौजूद रहे। कतरास नागरिक समिति के सदस्यों ने इलाके में व्याप्त जलापूर्ति, स्ट्रीट लाइट सहित अन्य समस्यायों से सांसद को अवगत करवाया। इस पर सांसद ने कहा कि अविलंब सभी समस्यायों का निराकरण किया जाएगा। वे कतरास नागरिक समिति और आमजनों के साथ कदम से कदम मिला कर चलेगे। जो भी समस्या होगी उसे आपके विधायक और सांसद मिलकर समाधान करेंगे। इस मौके पर महेश पासवान, मुकेश झा, प्रकाश राम गुप्ता, सुरेश कुमार शर्मा, कुंदन सिंह, श्याम किशोर कुमार, मोहम्मद शब्बीर आलम, इंदर सिंह, सुरेश केडिया आदि मौजूद थे।

## ढोरी और कुसुंडा डीएवी पब्लिक स्कूल में कानूनी साक्षरता क्लब का वर्चुअल उद्घाटन

# सभी को नियम-कानून से अवगत कराना हमारा प्राथमिक-प्रारंभिक दायित्व : अमिताभ दासगुप्ता

आजाद सिपाही संवाददाता

**फुसरो/बेरमो।** झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद ने ढोरी डीएवी पब्लिक स्कूल में कानूनी साक्षरता क्लब का वर्चुअल उद्घाटन किया। साथ ही न्यायाधीश एसीजेएम तेनुघाट मनोज कुमार प्रजापति, डीएवी ढोरी के प्राचार्य अमिताभ दासगुप्ता, एडवोकेट शैलेश कुमार, विष्णु कुमार मिश्रा (पीएलवी, बेरमो प्रखंड), शिव कुमार चटर्जी (पीएलवी), अशोक साव (पीएलवी), दयावंती कुमारी (पीएलव) ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्राचार्य अमिताभ दासगुप्ता ने कहा कि समाज को सही शिक्षा देना हमारा दायित्व है। आज के युग में सभी को नियम कानून से अवगत कराना हमारा प्राथमिक और प्रारंभिक दायित्व है। बच्चों को समाज में सतर्क कराना हमारा उत्तरदायित्व बनता है, ताकि हमारा समाज एक सुव्यवस्थित ढंग से कार्य कर सके। समाज के सभी नागरिकों का कर्तव्य है कि जो जहां हैं जिस रूप में हैं वे ईमानदारी पूर्वक अपने कर्तव्य का निर्वहन करें, तो निश्चित रूप से आने वाले समय में हमारा देश अग्रणी देशों में खड़ा रहेगा। वहीं, कार्यक्रम के संयोजक शिवेन्दु कुमार ने अपनी अहम भूमिका निभाते हुए सभी को शुभकामनाएं दी। कहा कि बच्चों को जागरूक करें, सतर्क रहने की सलाह दें। कानून के आयामों से अवगत कराये, ताकि उनका चौमुखी विकास हो सके। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में यूपी साहनी, शगुफ्ता अख्तर, लक्ष्मी कुमारी, सोनिया कुमारी, खुशबू सिंह, रुचि गुड़िया, रंजीता कुमारी, सीमा कुमारी, बृजेश कुमार, राजीव रंजन, राकेश कुमार, उमाशंकर सिंह, ब्लू प्रधान आदि का सराहनीय योगदान रहा।




## बच्चे अपने सांवैधानिक अधिकार, न्याय और मानवाधिकार के बारे में सीख पाएंग : प्राचार्य




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** कुसुंडा डीएवी पब्लिक स्कूल में झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) के सहयोग से वर्चुअल लीगल लिटरेसी क्लब का उद्घाटन किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि रूप में सीनियर डिवीजन टू की सिविल जज श्वेता कुमारी, असिस्टेंट एलईडीसीएस स्वाति कुमारी और प्राचार्या झूमा मेहता ने संयुक्त रूप से मंगलदीप प्रज्वलित कर लीगल लिटरेसी क्लब का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्राचार्या ने कहा कि लीगल लिटरेसी क्लब झालसा की एक अति महत्वाकांक्षी योजना है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके कानूनी अधिकार और जिम्मेदारियों से अवगत कराने के साथ ही शिक्षित करना भी है। इसकी सहायता से बच्चे अपने सांवैधानिक अधिकार, न्याय व मानवाधिकार के बारे में सीख पाएंगे। इस मौके पर एके तिवारी, बीके भारती, संजय कुमार, एके मिश्र, बीके सिंह, विजेता कुमारी, पंकज कुमार, बीके मंडल औरअमृता सांवरिया उपस्थित थे।

# लीगल लिटरेसी क्लब से बच्चे स्कूल समय से ही कानूनी रूप से सशक्त बन सकेंगे : विपिन कुमार

**कथारा और तेनुघाट डीएवी स्कूल में भी लीगल लीटरेसी क्लब का हुआ उद्घाटन**





**कथारा/नेतुघाटन (आजाद सिपाही)।** झालसा के निर्देश और बोकारो जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में तेनुघाट स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में लीगल लीटरेसी क्लब का ऑन लाइन उद्घाटन किया गया। इस असर पर आयोजित समारोह में तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के जिला जज सह सत्र न्यायाधीश प्रथम सह विद्यालय विधिक साक्षरता क्लब के अधिनायक अनील कुमार, पैनल अधिवक्ता विनोद गुप्ता, प्राचार्या स्तुति सिन्हा, अध्यापक, विद्यार्थी और पीएलवी गोपाल जी विश्वनाथन आदि उपस्थित रहे। बताते चलें कि रविवार को झारखंड के सभी 72 डीएवी स्कूलों में लीगल लीटरेसी क्लब का ऑन लाइन उद्घाटन, झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति ने किया है। इसके माध्यम से स्कूली बच्चों को कानूनी जानकारी दी जाएगी। विद्यालय के बच्चों को विधिक रूप से जागरूक करने के उद्देश्य से झालसा वृहद जागरूकता अभियान संचालित कर रहा है। इससे बच्चे स्कूल टाईम से ही कानूनी रूप से सशक्त बन सकेंगे। दूसरी ओर, कथारा डीएवी पब्लिक स्कूल में भी लीगल लीटरेसी क्लब का उद्घाटन किया गया। तेनुघाट के पैनल की अधिवक्ता पुष्पा हंस, कनक लता, सोनू कुमार झा, नीलम कुमारी और ऋषि गोस्वामी ने संयुक्त रूप से लिटरेसी क्लब का उद्घाटन किया। वक्ताओं ने कहा कि इसके माध्यम से स्कूली बच्चों को कानूनी जानकारी दी जाएगी। स्कूली बच्चों को विधिक रूप से जागरूक करने के उद्देश्य से डीएलएसए वृहद जागरूकता अभियान संचालित कर रहा है। वहीं, प्राचार्य सह झारखंड जोन जी के निदेशक विपिन कुमार ने वर्चुअली कहा कि लीगल लिटरेसी क्लब से बच्चे स्कूल टाईम से ही कानूनी रूप से सशक्त बन सकेंगे। उद्घाटन समारोह में सीसीए कोऑर्डिनेटर बीके दसौंधी, पंकज कुमार, जीतेंद्र दूबे, रंजीत सिंह, धर्म गुरु टीएम पाठक, राकेश रंजन, जयपाल साव, श्रीमति शर्मिला ठाकुर, रेखा कुमारी, आराधाना सिंह, सुजाला ए कुमार, कुमारी ज्योति, दीपक श्रीवास्तव, शुभम कुमार, श्यामनंदन सिंह और सुशील कुमार आदि उपस्थित थे।

## भुवनेश्वर के जनता मैदान में मुख्यमंत्री ने किया 'सुभद्रा शक्ति मेला' का उद्घाटन

# मेला ओड़िशा की माताओं, बहनों और बेटियों की सफलता की कहानी है : मोहन चरण माझी

- 700 से अधिक एसएचजी और 300 से अधिक स्टॉलों में 2000 से अधिक उत्पादों का प्रदर्शन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** हमारी सुभद्रा माताएं सौभाग्यदायिनी शक्ति का प्रतीक हैं। सुभद्रा मां में असीम शक्ति है। इसलिए वे सुभद्रा शक्ति हैं। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने रविवार को भुवनेश्वर के जनता मैदान में सुभद्रा शक्ति मेले का उद्घाटन करते हुए कहा कि हमारी सरकार ने सुभद्रा मां की उस अंतर्निहित शक्ति को जागृत करने के लिए सुभद्रा शक्ति मेले का आयोजन किया है।

इस सुभद्रा शक्ति मेले में 700 से अधिक स्वयं सहायक समूहों ने 300 से अधिक स्टालों में 200 से अधिक उत्पाद प्रदर्शित किए हैं। यह मेला 9 दिनों तक चलेगा। इसमें स्वयं सहायक समूहों की महिलाओं द्वारा बनाये गये हस्तशिल्प और कलाकृतियां, मिलेटे और जैविक उत्पाद, भोजन और मसाले, टेराकोटा और बांस शिल्प शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मेला कोई सामान्य प्रदर्शनी नहीं है। ये हमारी ओड़िशा की माताओं, बहनों और बेटियों की सफलता की कहानी है। उनकी प्रतिभा, कौशल और प्रयासों की एक झलक. हमारी सरकार के लिए महिला सशक्तिकरण सिर्फ एक नारा नहीं, एक आंदोलन है। मुख्यमंत्री ने अपने भाषण में कहा कि हमारे प्रयास इसलिए शुरू किये गये हैं, ताकि हर महिला एक सक्षम उद्यमी बन सके और वित्तीय स्वतंत्रता हासिल कर सके, चाहे वह व्यक्तिगत स्तर पर हो या समूह स्तर पर।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मातृ शक्ति के उत्थान के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'लक्षपति दीदी' योजना के आधार पर हमारी सरकार अगले तीन वर्षों में 25 लाख लक्षपति दीदी बनाने का प्रयास जारी रखे हुए है। इसके लिए इस वर्ष हमारी सरकार ने लक्षपति दीदी सहायिका योजना शुरू की है। हमारा लक्ष्य स्वयं सहायता समूहों की माताओं को प्रति वर्ष कम से कम एक लाख रुपये कमाने में सक्षम बनाना है।



मुख्यमंत्री ने स्वयं सहायक समूहों के लिए राज्य सरकार द्वारा ली गयी विभिन्न सहायता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस वर्ष हमारी सरकार ने प्रदेश के लगभग 5.80 लाख स्वयं सहायक समूहों को दी जाने वाली रिवॉल्विंग फंड की राशि को दोगुना कर दिया है। 15 हजार रुपये से बढ़ा कर 30 हजार रुपये और ग्राम पंचायत स्तर के फेडरेशन या जीपीएलएफ को प्रदान की जाने वाली सामुदायिक निवेश निधि को 35 लाख से बढ़ा कर 60 लाख रुपये कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे ये संस्थाएं आर्थिक रूप से सशक्त हो सकेंगी और भविष्य में माताओं को इससे अधिक लाभ होगा। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही राज्य में स्वयं सहायक समूहों को जीविकोपार्जन में अधिक सहयोग मिल सके तथा वे अपने उद्यमों को आगे बढ़ाने के लिए अधिक पूंजी निवेश कर सकें, इसके लिए भी प्रावधान किया गया है। राज्य सरकार ने स्वयं सहायक समूहों के 10 लाख रुपये तक के बैंक ऋण पर ब्याज की वापसी का प्रावधान किया है।

मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में तीन लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों का ब्याज 300 करोड़ रुपये लौटाया जायेगा। माताओं के लिए हमारी सबसे लोकप्रिय योजना सुभद्रा योजना है। यह ओड़िशा के आर्थिक इतिहास की सबसे बड़ी योजना है। अब तक 98 लाख से ज्यादा सुभद्रा मां को 4 हजार 900 करोड़ रुपये से ज्यादा दिये जा चुके हैं। आगामी 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर माताओं को दूसरी किश्त के रूप में 5,000 रुपये और दिये जायेंगे। उन्होंने कहा कि जरा सोचिए, जब एक करोड़ माताएं इस पैसे को पूंजी बनाकर बिजनेस करेंगी, तो इसका ओड़िशा की अर्थव्यवस्था पर क्या असर होगा। उन्होंने यह भी कहा कि महिलाओं को पांच साल में 50 हजार रुपये देने के बाद हम चुप नहीं बैठेंगे। सुभद्रा योजना महिला सशक्तिकरण की रीढ़ है। हालांकि, हम जल्द ही सुभद्रा मंच पर अपनी माताओं, बहनों और बेटियों के लिए कई और योजनाएं शुरू करेंगे। किशोरी सुभद्रा, सुभद्रा संचय, सुभद्रा सखी, सुभद्रा यात्री, सुभद्रा संघ या क्लब, जैसे सुभद्रा या सुभद्रा कॉल सेंटर, सुभद्रा एसोसिएट्स, सुभद्रा पंडित, सौभाग्य सुभद्रा जैसी कई नयी पहल की जायेंगी। सुभद्रा योजना का अगले वित्त वर्ष के लिए 10,145 करोड़ रुपये का बजट है। जब हम 2036 में एक समृद्ध ओड़िशा का जश्न मनायेंगे, तो ओड़िशा की प्रगति में आपका सबसे बड़ा योगदान होगा।

मुख्यमंत्री ने मेले में लगे स्टालों का अवलोकन किया और स्वयं सहायक महिलाओं द्वारा उत्पादित उत्पादों की सराहना की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री प्रभाती परीडा ने कहा कि यह सुभद्रा मेला कोई सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक मेला नहीं, बल्कि महिलाओं के विकास एवं समृद्धि का प्रतीक है। अगर ओड़िशा की माताएं-बहनें कड़ी मेहनत करेंगी, सफल होने का प्रयास करेंगी, तो हम 2036 से पहले एक विकसित ओड़िशा का निर्माण कर पायेंगे।

इस कार्यक्रम में एकाम्र भुवनेश्वर के विधायक बाबू सिंह ने अपना भाषण दिया, जबकि मिशन शक्ति विभाग की आयुक्त और प्रशासनिक सचिव शालिनी पंडित ने स्वागत भाषण दिया। मिशन शक्ति विभाग की निदेशक मोनिका प्रियदर्शनी ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

## सहायक कृषि अधिकारी और ब्लॉक टेक्नोलॉजी मैनेजर घूस लेते गिरफ्तार



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** नबरंगपुर जिले के उमरकोट प्रखंड के सहायक कृषि अधिकारी और ब्लॉक टेक्नालॉजी मैनेजर सतर्कता के जाल में फंस गये हैं। सतर्कता अधिकारियों ने सहायक कृषि अधिकारी नीलकंठ परिडा और टेक्नालॉजी मैनेजर सुरेंद्रसिंह बुंदेला को एक हिताधिकारी से 5,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए पकड़ा। जलनिधि योजना के तहत ट्यूबवेल लगाने के लिए हिताधिकारी से सब्सिडी देने के लिए पांच हजार रुपये की रिश्वत मांगी गयी थी। रविवार को रिश्वत की रकम लेते दोनों अधिकारी रंगेहाथ पकड़े गये। इसके बाद सतर्कता विभाग ने दोनों अभियुक्तों के विभिन्न पतों पर छापा मारा है। सतर्कता अधिकारियों ने नीलकंठ के 3 स्थान और सुरेंद्र के दो स्थानों पर एक साथ तलाशी चल रही है। इस संबंध में कोरापुट सतर्कता थाने में मामला दर्ज किया गया है।

## पंकज लोचन महांति ओसीए के अध्यक्ष बने



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** पंकज लोचन महांति को ओसीए का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया है। वे अध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवारी दाखिल करने वाले एकमात्र व्यक्ति थे। प्रणब प्रकाश दास (बबी) के इस्तीफे के बाद यह पद खाली पड़ा था। नये अध्यक्ष बने पंकज ने बारबाटी फ्लडलाइट डिस्ट्रैक्शन पर अपनी राय व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से मांगे गये कारण बताओ नोटिस का जवाब दे दिया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य के खेल मंत्री के सहयोग से स्टेडियम को बेहतर बनाने का काम किया जायेगा।









## लक्ष्मण प्रसाद सिंह अखिल भारतीय ब्रह्मर्षि के मिलन समारोह में हुए शामिल



**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** आदित्यपुर में रविवार को आयोजित अखिल भारतीय ब्रह्मर्षि मिलन समारोह में पूर्व आइजी सह झारखंड भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य लक्ष्मण प्रसाद सिंह शामिल हुए। इस मौके पर श्री सिंह ने कहा कि ब्रह्मर्षि कोई विशेष वर्ग न होकर एक विचारधारा है, जिसका लक्ष्य समाज का सर्वांगीण तथा समावेशी विकास करना है। इस विचारधारा को प्रेषित करने में रामधारी सिंह दिनकर, कृष्ण सिंह, सहजानंद सरस्वती आदि महानुभाव रहे है। इनसे प्रेरणा प्राप्त कर हम लोग इस विचारधारा को आगे ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, ताकि ब्रह्मर्षि समाज के लोग राष्ट्रीय उत्थान में अपनी अहम भूमिका अदा कर पायें और भारतीय समाज के अन्य वर्गों के कल्याण में योगदान दे सकें।

## ओड़िशा ट्रैवल बाजार का उद्घाटन आज

- 24 से 27 फरवरी तक आयोजित किया जायेगा
- पर्यटकों को आकर्षित करने और पर्यटन विकास में तेजी लाने की पहल होगी

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**भुवनेश्वर।** ओड़िशा सरकार का पर्यटन विभाग भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फीकी) के साथ साझेदारी में गर्व के साथ ओड़िशा ट्रैवल बाजार 2025 के छठे संस्करण की घोषणा करता है। 24 से 27 फरवरी तक आयोजित होनेवाले इस प्रमुख कार्यक्रम का उद्देश्य एक प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय यात्रा गंतव्य के रूप में ओड़िशा की स्थिति को मजबूत करना है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री प्रभाती परिडा ने राज्य की सांस्कृतिक विरासत, शांत समुद्र तटों, इको ट्यूरिजिम और साहसिक पर्यटन की पेशकश पर प्रकाश डाला। ओड़िशा सरकार के पर्यटन विभाग के आयुक्त और सचिव बलवंत सिंह ने ओड़िशा के पर्यटन विकास में तेजी लाने के उद्देश्य से राज्य सरकार की पर्यटन नीति, पहल और रणनीतिक दृष्टि पर बहुमूल्य जानकारी प्रदान की। छठा ओड़िशा ट्रैवल बाजार 2025 एक प्रमुख खरीदार-विक्रेता सम्मेलन है, जो राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय यात्रा और टूर ऑपरेटरों, गंतव्य प्रबंधन कंपनियों (डीएमसी) और ओड़िशा के विक्रेताओं को एक साथ लायेगा। भुवनेश्वर में आयोजित मे' फेयार कन्वेंशन और स्वस्ति प्रीमियम, प्रतिभागियों को ओड़िशा की विशाल पर्यटन क्षेत्रकों पता लगाने की अनुमति देगा। अपनी सफलता के आधार पर ओड़िशा ट्रैवल बाजार 2025 ओड़िशा को घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों पर्यटकों के लिए एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में बढ़ावा देगा। राज्य में छिपे हुए स्थानों को अब प्रामाणिक अनुभवों की तलाश करनेवाले यात्रियों के लिए प्राथमिक पसंद के रूप में पहचाना जाता है। अपनी अनूठी प्राकृतिक और सांस्कृतिक विरासत के साथ ओड़िशा विविध और आकर्षक यात्रा अनुभव प्रदान करता है, जो साल दर साल आगंतुकों को आकर्षित करता रहता है। ओड़िशा ट्रैवल बाजार 2025 का प्राथमिक उद्देश्य घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में ओडिशा के पर्यटक आकर्षणों को बढ़ावा देना है। ओड़िशा की क्षमता का एक नया दृष्टिकोण प्रस्तुत करते हुए राज्य सरकार ओडिशा को अंतरराष्ट्रीय मानकों के बहुउद्देश्यीय पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए रणनीतिक कदम उठा रही है। कार्यक्रम में भारत के 30 से अधिक शहरों के 100 घरेलू टूर ऑपरेटर और ऑस्ट्रेलिया, यूके, जर्मनी, बेल्जियम, दक्षिण अफ्रीका, स्पेन, सिंगापुर जैसे 17 देशों के 30 से अधिक विदेशी टूर ऑपरेटर भाग ले रहे हैं। इसके साथ ही प्रतिभागी ओड़िशा के विभिन्न पर्यटन स्थलों जैसे भीतर कनिका, रघुराजपुर, पुरी-कोणार्क, डायमंड ट्रायंगल की यात्रा करेंगे।
























## 13 जिलों में बिजली गिरने की चेतावनी जारी

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र की जानकारी के मुताबिक राज्य के अधिकांश हिस्सों में तीन दिनों तक बारिश और कोहरा छाया रहेगा और कुछ स्थानों पर गरज के साथ बारिश होने की भी संभावना है। मौसम विभाग ने नौ जिलों को ऑरेंज और 13 जिलों को पीली चेतावनी जारी की है। जिन जिलों में ऑरेंज चेतावनी जारी की गयी है, वे हैं मयूरभंज, बालेश्वर, भद्रक, केंद्रापड़ा, जाजपुर, ढेंकानाल, क्योंझर, सुंदरगढ़ और झारसुगुड़ा। इन स्थानों पर हवा की गति 50 से 60 किमी प्रति घंटे रहने की संभावना है। जिन जिलों में पीली चेतावनी जारी की गयी है, वे हैं जगतसिंहपुर, पुरी, कटक, खुर्दा, नयागढ़, गंजाम, गजपति, रायगढ़ा, कलाहांडी, कंधमाल, अंगुल, देवगढ़ और संबलपुर।

## टीबी उन्मूलन में दिया अहम योगदान


# केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने एमसीएल को किया सम्मानित



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**संबलपुर।** केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) को ओड़िशा के अंगुल जिले में टीबी उन्मूलन और वंचित वर्ग के लोगों के उत्थान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाने के लिए सम्मानित किया। अंगुल में आयोजित एक समारोह में मंत्री प्रधान ने उदय अनंत काओले, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, एमसीएल को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर रुद्रनारायण पाणि, सांसद (ढेंकानाल), केशव राव, निदेशक, एमसीएल, अब्दाल एम अख्तर, कलेक्टर, अंगुल अन्य विशिष्ट व्यक्ति और एमसीएल के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

एमसीएल ने अपनी सीएसआर पहल के तहत अंगुल जिले में टीबी उन्मूलन की दिशा में उल्लेखनीय कदम उठाये हैं। एमसीएल ने 254 परिवारों और 1016 टीबी रोगियों को पोषण और बेहतर स्वास्थ्य के लिए खाद्य सामग्री प्रदान की है। इसके साथ ही टीबी नियंत्रण, टीबी के प्रारंभिक निदान और उपचार के बारे में जागरूकता फैलाने हेतु पल्लहाड़ा, तालचेर और कनीहा ब्लॉक में टीबी-जागरूकता रथ भी रवाना की गयी। भारत सरकार के 2025 तक टीबी उन्मूलन के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए एमसीएल स्वस्थ समुदाय को बढ़ावा देने की दिशा में सतत प्रयासरत है।







आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**